


खबरें जो सोच बदल दे

# शुभ लाभ

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र




Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 । मंगलवार, 25 मार्च, 2025 । हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित । website : https://www.shubhlabhdaily.com । संपादक : गोपाल अग्रवाल । पृष्ठ : 14 । मूल्य-8 रु.। वर्ष-7 । अंक-82

### सांसदों का वेतन और पेंशन बढ़ा, पूर्व सांसद भी पाएंगे बढ़ी पेंशन

# अग्निवीरों के जख्म पर नमक रगड़ने वाला फैसला

**अग्निवीर** के आवरण में देश की फौज को और आउटसोर्सिंग के नाम पर कर्मचारियों को सम्मानजनक वेतन और पेंशन से वंचित करने वाली भारत सरकार ने सांसदों का वेतन और पेंशन बढ़ाने का नायाब फैसला लिया है। सरकार ने वर्तमान ही नहीं पूर्व के सांसदों के पेंशन में भी बढ़ोत्तरी का पूरा ख्याल रखा। संसद में एक दूसरे से पशुवत विरोध करने वाले राजनीतिक दलों के तमाम सांसद वेतन और पेंशन बढ़ोत्तरी पर एक हो जाते हैं और जश्न मनाते हैं। भारत के ऐसे नायाब लोकतंत्र का दृश्य जनता देख रही है और सही समय की प्रतीक्षा कर रही है। भारत के लाखों आयकरदाताओं के लिए यह दुखद तथ्य की एक बार से याद दिलाना जरूरी है कि सांसदों की सैलरी पर कोई टैक्स नहीं लगता है। सांसदों की सैलरी से मुफ्त का अनाज और रेबड़ियां नहीं बांटी जातीं। देश के आम नागरिकों के कर से नेता अपनी मौज करते हैं और वोट खरीदने के लिए टैक्स राशि का अपव्यय करते हैं।

केंद्र सरकार ने संसद सदस्यों और पूर्व सदस्यों के वेतन, दैनिक भत्ते और पेंशन में आधिकारिक तौर पर बढ़ोतरी की अधिसूचना जारी की है। संसदीय कार्य मंत्रालय की तरफ से जारी अधिसूचना के मुताबिक 1 अप्रैल 2023 से यह संशोधित वेतनमान लागू होगा।




⇨ लाखों सैनिकों का सम्मानजनक वेतन-पेंशन छीनने में उन्हें शर्म नहीं आई

⇨ आउटसोर्सिंग से लाखों कर्मचारियों का शोषण करने में उन्हें शर्म नहीं आई

मोदी सरकार ने महंगाई को ध्यान में रखते हुए संसद सदस्य वेतन, भत्ते और पेंशन अधिनियम-1954 के तहत वेतन और पेंशन में संशोधन किया है। पहले संसद सदस्यों को एक लाख रुपए मिलता था और अब यह बढ़कर 1,24,000 (करीब सवा लाख) रुपए कर दिया गया है। इसी तरह दैनिक भत्ते में भी इजाफा हुआ है। यह 2,000 रुपए से बढ़ाकर 2,500 रुपए कर दिया गया है। संसद के सदस्यों और पूर्व सदस्यों के लिए मासिक पेंशन 25,000 रुपए से बढ़ाकर 31,000 रुपए कर दी गई है। इतना ही नहीं एडिशनल पेंशन पहले 2,000 प्रति माह थी, जिसे 2,500 प्रति महीने कर दिया गया है। यह संशोधन संसद के चालू बजट सत्र के दौरान किया गया है। सांसदों के वेतन, भत्ते और पेंशन में आखिरी बार अप्रैल 2018 में बदलाव किया गया था। इस बढ़ोतरी से राजकोष पर वित्तीय असर पड़ने के आसार हैं, क्योंकि 543 लोकसभा सांसद, 245 राज्यसभा सांसद और कई पूर्व सांसद हैं जिन्हें बढ़ी हुई पेंशन का फायदा होगा। वेतन और भत्तों के अलावा, सेवारत सांसदों को कई और भी सुविधाओं का फायदा मिलता है। सांसदों को अपने निर्वाचन क्षेत्र में काम करने के लिए 70,000 रुपए हर महीने निर्वाचन क्षेत्र भत्ता मिलता है और ऑफिस खर्च के लिए 60,000 रुपए प्रति माह मिलते हैं। इसमें कर्मचारियों का वेतन, फोन और स्टेशनरी शामिल है।

सांसदों को अपने और अपने परिवार के लिए हर साल 34 मुफ्त हवाई यात्राएं करने का भी फायदा मिलता है। ▶10 पर

### नोटों की बरामदगी पर सुप्रीम कोर्ट कर रही लीपापोती

# भ्रष्ट जजों पर एफआईआर दर्ज करने की याचिका

**नई दिल्ली, 24 मार्च (एजेंसियां)।** दिल्ली हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा के घर पर आग लगने के बाद अधजले नोटों की बरामदगी मामले में विवाद गहराता जा रहा है। अब इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर एफआईआर दर्ज करने के साथ-साथ जजों को छूट से जुड़े 1991 के फैसले को भी चुनौती दी गई है।

सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दाखिल कर दिल्ली पुलिस को दिल्ली हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा के सरकारी आवास से कथित तौर पर आधी जली हुई नकदी बरामद होने के मामले में एफआईआर दर्ज करने का निर्देश देने की मांग की गई है। इस याचिका में के. वीरस्वामी मामले में 1991 के फैसले को भी चुनौती दी गई है, जिसमें शीर्ष अदालत ने फैसला सुनाया था कि भारत के मुख्य न्यायाधीश की पूर्व अनुमति के बिना हाईकोर्ट या शीर्ष अदालत के किसी जज के खिलाफ कोई आपराधिक कार्यवाही शुरू नहीं की जा सकती।



**याचिका में उठा सवाल: भ्रष्ट जजों को क्यों मिले कानून से छूट?**

**प्रयागराज ट्रांसफर किए जाने पर वकीलों ने की सांकेतिक हड़ताल**

नकदी बरामदगी 14 मार्च को रात करीब 11.35 बजे जज यशवंत वर्मा के लुटियंस स्थित आवास में आग लगने के बाद हुई, जिसके बाद अग्निशमन अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर आग बुझानी पड़ी। इसके बाद, सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम और दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को ▶10 पर

### पॉकेट में संविधान वाली पार्टी संविधान बदलने पर आमादा

# समय आने पर बदला जा सकता है संविधान


**नई दिल्ली/बेंगलुरु, 24 मार्च (एजेंसियां)।** कर्नाटक में मुस्लिमों को आरक्षण देने के मसले पर हो रहे विवाद के बीच उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि ऐसी स्थिति आई तो संविधान बदला भी जा सकता है। संविधान बदलने को लेकर दिए बयान के बाद कर्नाटक के साथ देश की राजधानी दिल्ली में सियासी घमासान छिड़ गया है। राज्यसभा में भी डीके शिवकुमार के बयान को लेकर जमकर हंगामा हुआ।

डीके शिवकुमार के बयान को भाजपा ने कांग्रेस की मंशा का खुला सबूत करार दिया और कहा कि यह तुष्टिकरण की राजनीति का जीता जागता उदाहरण है। भाजपा ने कहा कि कांग्रेस संविधान को बदलकर मुसलमानों को आरक्षण का लाभ देना चाह रही है। भाजपा सांसद संबित पात्रा ने कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के बयान पर कहा कि शिवकुमार का बयान बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान के साथ खुला मजाक है। भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने कहा कि कांग्रेस भारतीय संविधान के लिए सबसे बड़ा खतरा है। ये वही लोग हैं जो संविधान को बदलने की कोशिश कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी अंबेडकर विरोधी और आरक्षण विरोधी है। कांग्रेस हमेशा आरक्षण और एससी/एसटी और ओबीसी के अधिकारों के खिलाफ रही है। सोमवार को राज्यसभा और लोकसभा में भी डीके शिवकुमार के बयान का मुद्दा जमकर गूंजा। राज्यसभा में संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कर्नाटक के ▶10 पर



**कर्नाटक के डिप्टी सीएम शिवकुमार के बयान पर बवाल**

**कर्नाटक से दिल्ली तक बवाल, भाजपा ने इस्तीफा मांगा**




### अन्नामलाई ने स्टालिन के झूठ की धज्जियां उड़ाईं

## कांग्रेस काल में भी तीसरी अनिवार्य भाषा थी हिंदी



**चेन्नई, 24 मार्च (एजेंसियां)।** तमिलनाडु में भाषा विवाद गहराता जा रहा है। अब भाजपा की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के अन्नामलाई ने दावा किया है कि तमिलनाडु में कांग्रेस नीत संप्रग सरकार के दौरान हिंदी अनिवार्य तीसरी भाषा थी। उन्होंने कहा कि वो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही थे जिन्होंने किसी भी भारतीय भाषा को तीसरी भाषा के रूप में पढ़ने का विकल्प दिया। नई शिक्षा नीति का जिक्र करते हुए भाजपा नेता ने कहा कि पीएम मोदी ने तमिलनाडु के संदर्भ में ही तमिल को कक्षा 1-5 तक की शिक्षा के लिए अनिवार्य माध्यम बना दिया है, जबकि तमिलनाडु में कई सालों तक राज करने के बाद भी डीएमके ने तमिल भाषा को अनिवार्य नहीं बनाया।

तिरुचिरापल्ली में एक एक जनसभा को संबोधित करते हुए अन्नामलाई ने चीन, जर्मनी और जापान जैसे देशों का भी उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि आज ये देश इसलिए भी विकसित हो पाए हैं क्योंकि वे अपने बच्चों को मातृभाषा में शिक्षा देते हैं। उन्होंने कहा कि पहली दो शिक्षा नीतियों में हिंदी अनिवार्य तीसरी भाषा थी ▶10 पर

### हैदराबाद में हुई दिल दहला देने वाली घटना

## छेड़छाड़ से परेशान युवती ट्रेन से कूद गई



**हैदराबाद, 24 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** महिलाओं पर अपराध से जुड़े एक मामले ने तेलंगाना के लोगों को चौंका दिया है। छेड़छाड़ से परेशान युवती ने चलती ट्रेन से छलांग दी। उसे गंभीर चोटें आईं हैं। गंभीर हालत में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हैदराबाद में दिल दहला देने वाली घटना घटी। यहां एक युवती ने खुद को बदमाशों से बचाने के लिए चलती ट्रेन से छलांग लगा दी। चलती ट्रेन से कूदने के कारण 23 वर्षीया युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। ट्रेन के कोच में ही युवती के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया गया। सरकारी रेलवे पुलिस ने इस घटना की आधिकारिक पुष्टि की। हैदराबाद के एक अस्पताल में इलाज करा रही पीड़िता ने रविवार को पुलिस को दिए बयान में कहा कि यह घटना 22 मार्च की शाम को हुई, जब वह सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन से मेडचल के लिए एमएमटीएस (मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट सर्विस) ट्रेन के महिला कोच में अकेली यात्रा कर रही थी। ▶10 पर

### किसानों को मोदी सरकार का बड़ा तोहफा

## प्याज पर लगने वाला टैक्स खत्म



**नई दिल्ली 24 मार्च (एजेंसियां)।** केंद्र सरकार ने प्याज पर लगने वाले 20 प्रतिशत निर्यात शुल्क को पूरी तरह खत्म कर दिया है। मोदी सरकार ने प्याज पर लगने वाले 20 प्रतिशत एक्सपोर्ट टैक्स को पूरी तरह समाप्त करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। किसानों के हित में लिया गया यह

**अब नहीं लगेगी 20% एक्सपोर्ट ड्यूटी**

फैसला एक अप्रैल से लागू हो जाएगा। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने केंद्र सरकार के इस निर्णय के बारे में जानकारी दी।

शिवराज सिंह चौहान ने कहा, मोदी सरकार किसान हितैषी सरकार है और किसानों को लाभकारी मूल्य देना मोदी सरकार की प्राथमिकता है। केंद्र सरकार ने पिछले दिनों प्याज पर लगने वाली एक्सपोर्ट ड्यूटी को 40 प्रतिशत से घटाकर 20 प्रतिशत किया था लेकिन अब 20% एक्सपोर्ट ड्यूटी भी खत्म कर दी गई है। यानि प्याज पर लगने वाला 20 प्रतिशत निर्यात शुल्क पूरी तरह से खत्म कर दिया गया है। ▶10 पर

### कार्टून कॉर्नर




### मौसम हैदराबाद

अधिकतम : $36^0$

न्यूनतम : $25^0$

### बांग्लादेशी घुसपैठियों को वापस भेजने की कार्रवाई तेज हुई

# असम और दिल्ली से बांग्लादेश भेजे गए 19 घुसपैठिए

**नई दिल्ली, 24 मार्च (एजेंसियां)।** दिल्ली और असम से पकड़े गए 19 घुसपैठियों को वापस उनके मुल्क बांग्लादेश धकेल दिया गया है। घुसपैठियों को डिपोर्ट करने का काम तेजी से चालू कर दिया गया है। दिल्ली पुलिस ने 18 बांग्लादेशी घुसपैठिए पकड़े। इन बांग्लादेशी घुसपैठियों को भारत में बसाने में मदद करने वाले 8 भारतीय भी गिरफ्तार किए गए, जो बांग्लादेशी घुसपैठियों को भारत में कागज दिलाने से लेकर उनको नौकरी दिलाने तक का काम करता था। दिल्ली के अलावा असम में भी बांग्लादेशी घुसपैठियों की धर-पकड़ तेजी से की जा रही है। असम सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि असम के माटिया ट्रांजिट कैंप में हिरासत में लिये गए 63 में से 13 बांग्लादेशी घुसपैठियों को वापस भेज दिया गया है। बाकी 50 बांग्लादेशी घुसपैठियों के कागज जांचे जा रहे हैं। इससे पहले 4 फरवरी 2025 को सुप्रीम कोर्ट ने असम सरकार से ट्रांजिट कैंप में रखे गए 63 लोगों को लेकर एक्शन न लिए जाने को लेकर सवाल किया था।



बांग्लादेशी घुसपैठियों के बच्चे भारत में कमजोर आर्थिक वर्ग (ईडब्लूएस) का लाभ उठा रहे थे। घुसपैठिए बांग्लादेश से एक-एक कर यहां अपने परिवार के लोगों को बुलाते हैं। कुछ ने तो भारतीय महिलाओं से निकाह तक कर लिया है। यह सारे खुलासे हाल ही में दिल्ली से पकड़े गए बांग्लादेशी घुसपैठियों ने किए हैं। बांग्लादेशी भारत में फर्जी कागजों के सहारे रह रहे थे। इनको भारत में बसाने का काम भारतीय ही कर रहे थे। इस गैंग का सरगना मोहम्मद मोइनुद्दीन है। उसकी दिल्ली के अमीर खुसरो नगर में कंप्यूटर शॉप थी जिससे वह बांग्लादेशियों के लिए फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाता था।

दिल्ली पुलिस के डीसीपी ने अंकित चौहान ने बताया कि इस रैकेट में दिल्ली के पुल प्रहलादपुर से जुल्फिकार अंसारी, फरमान खान और यूपी के बुलंदशहर से जावेद को गिरफ्तार किया गया है। जुल्फिकार, फरमान और जावेद फर्जी आधार कार्ड बनाते थे। बांग्लादेशियों का आधार कार्ड बनाने में ये मोईनुद्दीन द्वारा बनाए गए फर्जी जन्म प्रमाण पत्र का उपयोग करते थे। इन बांग्लादेशी घुसपैठियों के फर्जी कागज बनवाने के अलावा इन्हें नौकरी दिलाने में भी यह गैंग मदद करता था। बांग्लादेशी घुसपैठियों को मोहम्मद शाहीन छोटी-मोटी नौकरी दिलाता था। इस पूरे सिंडिकेट के लिए पैसे का लेन-देन निजामुद्दीन में रहने वाला भारतीय युवक मनवर हुसैन करता था। मनवर हुसैन कूड़ा बीनने वाले, कबाड़ी वाले, मजदूर जैसे अवैध बांग्लादेशियों से पैसे लेकर फॉरेक्स एजेंट को भेजता था, इसके बाद यह बांग्लादेश तक ▶10 पर



# नेपाल में सर्वदलीय सरकार की कवायद तेज, पीएम ओली करेंगे प्रमुख विपक्षी नेता प्रचण्ड से चर्चा

**काठमांडू, 24 मार्च (एजेंसियां)।**

नेपाल में पूर्व राजा ज्ञानेन्द्र शाह के पक्ष में उभरी जनलहर का सामना करने के लिए प्रमुख राजनीतिक दलों के बीच सर्वदलीय सरकार बनाने की कवायद शुरू की गई है। इसकी पहल स्वयं प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने की है। ओली ने प्रमुख विपक्षी नेता और माओवादी के अध्यक्ष पुष्पकमल दहाल प्रचण्ड को चर्चा करने के लिए अपने निवास पर आमंत्रित किया है। ओली ने इस बैठक में सत्तारूढ़ गठबंधन दल के प्रमुख नेता और नेपाली कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शेरबहादुर देउवा को भी आने का निमंत्रण दिया है।

प्रधानमंत्री के प्रमुख राजनीतिक सलाहकार विष्णु रिमाल ने कहा कि शाम चार बजे प्रधानमंत्री के सरकारी आवास पर तीनों दल के शीर्ष नेताओं की बैठक होगी। बैठक में वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य पर चर्चा होगी।उन्होंने बताया कि पूर्व राजा की गतिविधियां बढ़ने से नेपाल में लोकतंत्र और गणतंत्र खतरे में आ गया है।

उल्लेखनीय है कि प्रचण्ड पिछले दस दिनों से ओली सरकार और वर्तमान गठबंधन के खिलाफ देशव्यापी अभियान का नेतृत्व कर रहे हैं। प्रधानमंत्री के आग्रह पर वो रविवार शाम को काठमांडू लौटे। माओवादी पार्टी के प्रवक्ता अग्नि सापकोटा ने बताया कि वर्तमान राजनीतिक परिस्थिति के बीच सभी दलों का एक होना आवश्यक है। सर्वदलीय सरकार बना कर इस परिस्थिति का सामना करना सभी का कर्तव्य है।

नेपाली कांग्रेस के उपाध्यक्ष पूर्ण बहादुर खड्का ने कहा कि राजतंत्र के समर्थन में बढ़ते जनाधार को रोकने के लिए इस समय सभी दलों का एक होना आवश्यक है। इसके लिए सबसे अच्छा विकल्प सर्वदलीय सरकार का है। की बैठक में इस संबंध में कोई न कोई सहमति अवश्य बनेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### कनाडा में चुनाव की घोषणा, 28 अप्रैल को होगी वोटिंग



**ओटावा।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने अप्रत्याशित कदम उठाते हुए संघीय चुनाव की घोषणा कर दी। उन्होंने रविवार को गवर्नर-जनरल मैरी साइमन से मुलाकात कर संसद को भंग करने का अनुरोध किया। साइमन ने कार्नी के अनुरोध स्वीकार कर लिया। कनाडा में चुनाव 28 अप्रैल को होंगे। कार्नी का मुकाबला उनके मुख्य प्रतिद्वंद्वी कंजर्वेटिव पार्टी के नेता पियरे पोलीवर से होगा। कार्नी ने चुनाव की घोषणा करते हुए देश के लोगों से कहा कि वह अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से निपटने और देश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए जनादेश मांग रहे हैं। जनवरी में अपने पूर्ववर्ती जस्टिन ट्रूडो के इस्तीफे की घोषणा के बाद लिबरल नेता कार्नी प्रधानमंत्री बने हैं। सर्वेक्षणों से संकेत मिला है कि अमेरिका के साथ व्यापार युद्ध और कनाडा की संप्रभुता के लिए ट्रंप की धमकी के बाद लिबरल पार्टी की लोकप्रियता में उछाल आया है। कार्नी ने कहा कि ट्रंप चाहते हैं कि अमेरिका कनाडा पर कब्जा कर ले। हम ऐसा नहीं होने देंगे।


### इजराइल ने गाजा के अस्पताल में छुपे दो हमास कमांडर मारे



**गाजा पट्टी।** इजराइल के सुरक्षा बलों ने गाजा के नासिर अस्पताल परिसर में हमला कर वहां मौजूद आतंकी समूह हमास के प्रभावशाली दो कमांडरों को मार गिराया। सुरक्षा बलों ने पुख्ता जानकारी जुटाने के बाद हमास आतंकवादियों को निशाना बनाया। इनमें से एक हमास के गाजा ब्रिगेड का डिप्टी कमांडर अहमद सलमान अवज शिमाली और दूसरा शेजैया बटालियन का कमांडर जमील उमर उर्फ जमील वाडिया शामिल है। इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने एक्स पर यह सूचना साझा की है। आईडीएफ ने दावा किया है कि अहमद सलमान 7 अक्टूबर के नरसंहार की योजना तैयार करने में शामिल था। कमांडर जमील उमर ने 16 वर्षीय डैनियल विफ्लिक की हत्या की थी। इसके अलावा दक्षिणी गाजा में हमास के प्रमुख रणनीतिकार सलाह अल-बरदाविल को मार गिराया गया। इस बीच गाजा पट्टी के स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को कहा कि इजराइल और हमास के बीच युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक गाजा में 50,000 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं। मंत्रालय ने पिछले 24 घंटों में 41 और मौतों की सूचना दी है।

### कैमरे के पुराने फिल्म रोल में मिली भूली-बिसरी अनोखी यादें

**कैंब्रिज।** यहां एक शख्स के हाथ 50 साल पुराना कैमरा लगा जिसके पुराने फिल्म रोल में भूली-बिसरी हैरान कर देने वाली यादें कैद थीं। कैंब्रिज के रहने वाले डेविड विंडर को विंटेज कैमरे इकट्ठा करने का शौक है। उनके बेटे नोआह को यह बात अच्छी तरह पता थी, इसलिए उसने पिछले साल क्रिसमस पर पिता के लिए लिवरपूल की एक दुकान से एक पुराना कैमरा खरीदकर उन्हें गिफ्ट किया। यह कैमरा कोडैक ब्राउनी क्रेस्टा 3 था, जो 1960 से 1965 के बीच बनाया जाता था। जब डेविड ने कैमरे को खोलकर देखा, तो उन्हें उसमें एक पुराना फिल्म रोल मिला। कैमरे की हालत और फिल्म रोल की उम्र देखकर अंदाजा लगाया गया कि यह 1970 या 1980 के दशक का होगा। इस अनोखी खोज से उत्साहित होकर डेविड ने इस फिल्म रोल को डेवलप करवाने का फैसला किया। डेविड को जब तस्वीरें मिलीं, तो वे हैरान रह गए। इन फोटोज में एक परिवार दिख रहा था, जो कैरावैन में छुट्टियां मनाने निकला था। कुछ तस्वीरें बीच पर ली गई थीं, जबकि कुछ लेक डिस्ट्रिक्ट जैसी जगहों की लग रही थीं। अनुमान लगाया जा रहा है कि ये तस्वीरें इंग्लैंड के मर्सीसाइड क्षेत्र की हो सकती हैं। डेविड को महसूस हुआ कि ये किसी परिवार की अनमोल यादें हैं, जो समय के साथ खो गई होंगी। उन्होंने इन तस्वीरों को फेसबुक के एक ग्रुप पर पोस्ट किया है, ताकि वे उन लोगों या उनके परिवार वालों को खोज सकें और ये तस्वीरें उन्हें वापस सौंप सकें। डेविड का मानना है कि यह कैमरा घर शिफ्टिंग के दौरान पीछे छूट गया होगा, या फिर इसे पुराने होने के कारण किसी ने फेंक दिया होगा।



# पूर्व चीफ जस्टिस ने दी चेतावनी : इजराइल में छिड़ सकता है गृहयुद्ध

**तेल अवीव, 24 मार्च (एजेंसियां)।**

इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की युद्ध नीतियों और उनके फैसलों के खिलाफ हजारों लोग सड़कों पर उतर आए हैं। इन सब के बीच इजरायली सुप्रीम कोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस ने देश में गृहयुद्ध की चेतावनी जारी कर दी है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर नेतन्याहू सरकार शीर्ष अधिकारियों को हटाने के फैसले से पीछे नहीं हटती है तो देश में बड़ा भूचाल आ सकता है। बता दें कि गाजा में इजरायल और हमास के बीच हुआ संघर्षविराम समझौता टूट चुका है। इजरायल ने एक बार फिर गाजा जंग में पूरी ताकत झोंकने का फैसला कर लिया है। हजारों मौतों के बाद भी एक तरफ जहां इस जंग के रुकने के कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं वहीं दूसरी तरफ इजरायल के अंदरूनी हालात भी बिगड़ते जा रहे हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक इस गुस्से को ज्यादा दिन तक रोकना मुश्किल होगा क्योंकि यह यह स्पष्ट है कि सरकार सुप्रीम कोर्ट के आदेश को स्वीकार नहीं करेगी। जेरूसलम थिंक टैंक, इजरायल डेमोक्रेसी इंस्टीट्यूट के वरिष्ठ शोधकर्ता अमीर फुच्स ने इस मामले को गंभीर बताया है। उन्होंने कहा, खतरनाक स्थिति तब होगी जब वे इस फैसले को स्वीकार नहीं करेंगे। एक अन्य विशेषज्ञ ने कहा है कि स्थिति यही रही तो इजरायल गृह युद्ध की ओर बढ़ सकता है। इस बीच देश के विपक्षी नेता यायर लैपिड ने सरकार के खिलाफ विद्रोह का आह्वान कर दिया है। वहीं देश के लेबर यूनियन नेता ने भी कहा है कि कोर्ट के फैसले की अनदेखी की गई तो हड़ताल का ऐलान कर दिया जायेगा। देश के लोग यहां की कंपलसरी मिलिट्री योजना का भी बहिष्कार कर सकते हैं जिससे नेतन्याहू बड़ी मुश्किल में फंस सकते हैं। इजरायल के लोगों में ताजा गुस्सा तब भड़का है जब प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने पिछले सप्ताह देश के खुफिया प्रमुख को पद से हटाने की घोषणा की थी। देश के आंतरिक सुरक्षा सेवा शिन बेट के प्रमुख रोनेन बार पर हमास के 7 अक्टूबर, 2023 के हमलों को रोकने में विफल रहने के आरोप लगाए गए हैं। यह काफी नहीं था कि नेतन्याहू की सरकार ने अब देश के अटॉर्नी जनरल को बर्खास्त करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। अटॉर्नी जनरल पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। हालांकि लोगों का कहना है कि नेतन्याहू यह सब इसीलिए कर रहे हैं क्योंकि ये अधिकारी नेतन्याहू के खिलाफ चल रहे भ्रष्टाचार के मुकदमों की जांच कर रहे हैं। सरकार और न्यायपालिका के बीच टकराव इजरायल में नेतन्याहू की सरकार और न्यायपालिका के बीच 2023 से ही टकराव चल रहे हैं। 2023 में नेतन्याहू ने देश न्यायपालिका में बड़े बदलाव करने का ऐलान किया था। उनके इस फैसले के बाद देश में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन भी हुए थे। आलोचकों के मुताबिक इस बदलाव का मकसद नेतन्याहू को ताकतवर बनाना और ज्यूडिशियरी की शक्तियों को छीनना था। वहीं नेतन्याहू का कहना है कि देश में डीप स्टेट उन्हें सत्ता से हटाने की साजिशें कर रहा है। अब नेतन्याहू ने खुफिया प्रमुख और अटॉर्नी जनरल को बर्खास्त करने का फैसला ले कर एक बार फिर तहलका मचा दिया है और रोनेन बार को बर्खास्त करने के फैसले को कोर्ट में चुनौती दी गई है।



### ट्रंप के कारण इस्तीफा देने वाली अटॉर्नी जनरल का घर में मिला शव



**वर्जीनिया।** अमेरिका में अटॉर्नी जनरल रहीं जेसिका एबर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उन्होंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दोबारा शपथ लेने के बाद उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। इस्तीफा देने के दो महीने बाद उनकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत संदेह के घेरे में है। जेसिका की मौत को लेकर पुलिस ने बयान जारी किया है। पुलिस का कहना है कि उनकी मौत की परिस्थितियों के बारे में जांच चल रही है। बता दें कि बीते शनिवार को उनका शव वर्जीनिया के अलेक्जेंड्रिया में उनके घर पर मिला। जेसिका एबर ने अमेरिका के पूर्वी वर्जीनिया में बतौर अटॉर्नी जनरल अपनी सेवाएं दी थी। जेसिका एबर की संदेहास्पद मौत को लेकर अलेक्जेंड्रिया पुलिस विभाग ने बयान जारी किया है। इसमें पुलिस ने बताया कि अधिकारियों को स्थानीय समयानुसार सुबह 9:18 बजे एक बेहोश महिला के बारे में कॉल मिली थी। इसके बाद पुलिस जांच के लिए घटनास्थल पर पहुंची। जहां घटनास्थल पर एबर मृत मिलीं। पुलिस ने यह भी कहा कि वर्जीनिया के मुख्य चिकित्सा अधिकारी अब पोस्टमार्टम से उनकी मौत के कारण और तरीके का पता लगाएंगे। वहीं, जहां एबर का शव मिला वह उन्हीं का आवास था या नहीं, इस बारे में रिपोर्ट्स में अलग-अलग बातें कही जा रही हैं। वर्जीनिया पुलिस का कहना है कि एबर की मौत को लेकर जांच की जा रही है। वहीं, वर्जीनिया पूर्वी जिले के वर्तमान अटॉर्नी एरिक एस सीबर्ट ने जेसिका की मौत पर दुख जाहिर किया है। उन्होंने कहा कि एबर की मौत के बारे में जानकर बहुत दुख हुआ है। एक नेता और मार्गदर्शक के रूप में वे बेजोड़ और एक इंसान के रूप में वे बहुत अच्छी थीं। उन्होंने बेहद कम वक्त में अपने काम से बहुत कुछ हासिल किया।

# पोप फ्रांसिस गाजा पट्टी के हालात से दुखी, अस्पताल से मिली छुट्टी



**वेटिकन सिटी, 24 मार्च (एजेंसियां)।**

**रोम के गेमेली अस्पताल से ठीक होकर लौटे पोप फ्रांसिस गाजा पट्टी के हालात से बेहद दुखी हैं। उन्होंने रक्तपात रोकने का आह्वान किया है। डबल निमोनिया के इलाज के लिए 14 फरवरी से भर्ती 88 वर्षीय पोप को कल अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। वेटिकन न्यूज के अनुसार, अस्पताल से बाहर निकलने से पहले पोप ने समस्त स्टाफ का आभार जताया। इसके बाद अस्पताल की बालकनी में पहुंचे और उपस्थित लोगों का अभिवादन किया।**

उन्होंने करीब तीन हजार लोगों को अंगूठा दिखाते हुए संकेत दिया कि वह स्वस्थ हैं। उन्होंने बेहद धीमी आवाज में कहा सभी का धन्यवाद! इसके बाद पोप अस्पताल से बाहर आए। यहां से वह अपनी पसंदीदा सफेद फिएट 500 एल कार से रवाना हुए। वह अगली सीट पर बैठे थे और उन्होंने नाक में ऑक्सीजन की ट्यूब लगाई हुई थी। वह सबसे पहले सेंट मैरी मेजर के बेसिलिका पहुंचे। यहां उन्होंने कार्डिनल रोलांडस मकरिकस से मुलाकात की। पोप ने यहां उनसे फूल लेकर मैरी सालस पॉपुली रोमानी के आइकन के सामने चढ़ाए। पोप हमेशा विदेश यात्रा पूरी करने के बाद सबसे पहले यहीं जाते हैं। डॉक्टरों का कहना है कि पोप फ्रांसिस को वेटिकन में दो महीने आराम और स्वास्थ्य लाभ की जरूरत है। इस दौरान उन्हें बड़े समूहों से नहीं मिलना चाहिए।

होली सी प्रेस कार्यालय ने पोप फ्रांसिस की वापसी पर उनका बयान जारी किया है। इसमें कहा गया है कि वो गाजा पट्टी पर इजराइली बमबारी दुखी हैं। उन्होंने हथियारों पर तत्काल रोक लगाने और दोबारा बातचीत शुरू करने का आह्वान किया है। पोप ने आर्मेनिया और अजरबैजान के शांति समझौते पर राजी होने पर खुशी जताई है।

### थाईलैंड की प्रधानमंत्री पीएटोनगटरान शिनावात्रा मीडिया से वार्ता



बैंकाक में थाईलैंड की प्रधानमंत्री पीएटोनगटरान शिनावात्रा मीडिया से बात करती हुईं।

# दक्षिण कोरिया के पीएम हान के खिलाफ संसद में लाया गया महाभियोग संवैधानिक न्यायालय ने खारिज किया

**सियोल, 24 मार्च (एजेंसियां)।**

**दक्षिण कोरिया में पिछले साल से मची राजनीतिक उथल के बीच विपक्ष को करारा झटका लगा। दिसंबर में प्रधानमंत्री हान डक-सू के खिलाफ संसद में लाया गया महाभियोग प्रस्ताव संवैधानिक न्यायालय में टिक नहीं पाया। दक्षिण कोरिया के संवैधानिक न्यायालय ने सोमवार को प्रधानमंत्री हान के महाभियोग को खारिज कर दिया।**



दक्षिण कोरिया के दोनों प्रमुख समाचार पत्र द कोरिया हेराल्ड और द कोरिया टाइम्स ने कुछ देर पहले अपनी खबरों में संवैधानिक न्यायालय के फैसले का संक्षिप्त विवरण जारी किया। खबरों में कहा गया कि इसी के साथ हान को तत्काल प्रभाव से उनके पदों पर बहाल कर दिया गया। वह प्रधानमंत्री और कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में अपनी भूमिका फिर से शुरू करेंगे। हान देश के वित्तमंत्री चोई सांग-मोक की जगह लेंगे। मोक पिछले साल के अंत में हान के निलंबन के बाद से देश का नेतृत्व कर रहे थे।

संवैधानिक न्यायालय के आठ जजों में से पांच ने महाभियोग को खारिज करने के लिए मतदान किया। इनका मत था कि महाभियोग चलाने के लिए तर्क अपर्याप्त हैं। एक जज ने इसे बरकरार रखने के लिए मतदान किया। राष्ट्रीय सभा यानी दक्षिण कोरिया की संसद ने 27 दिसंबर को महाभियोग प्रस्ताव पारित किया था। महाभियोग प्रस्ताव में तर्क दिया गया था कि हान राष्ट्रपति यून सुक योल की तीन दिसंबर की मार्शल लॉ घोषणा में शामिल थे। बाकी दो जजों ने कोई राय नहीं व्यक्त की।

# नास्तिक पत्रकार ने बताई मृत्यु के बाद की दुनिया की हकीकत

**लंदन, 24 मार्च (एजेंसियां)।**

**नास्तिक कानूनी पत्रकार ली स्ट्रोबेल पहले भगवान में विश्वास नहीं करते थे, अब मानते हैं कि मृत्यु के बाद की दुनिया हकीकत है और उनके पास इसके प्रमाण भी हैं। अपनी नई किताब सीइंग द सुपरनैचुरल: इन्वेस्टिगेटिंग एंजल्स, डेमन्स, मिस्टिकल ड्रीम्स, नियर-डेथ एक्सपीरियंसेस, एंड अदर मिस्ट्रीज़ ऑफ द अनसीन वर्ल्ड में उन्होंने उन घटनाओं की जांच की है, जो पारलौकिक शक्तियों की मौजूदगी का संकेत देती हैं।**



स्ट्रोबेल ने कई मृत्यु के निकट के अनुभवों का अध्ययन किया, जिन्हें विज्ञान तक समझ नहीं पाया। एक महिला का उदाहरण देते हुए उन्होंने लिखा कि जब वह मृत्यु के करीब पहुंची, तो उसने एक सफेद सुरंग देखी, जहां वर्जिन मैरी की छवि उभरी। महिला ने बताया कि वह एक अद्भुत प्रकाश से घिरी थी, जिसने उसे उसके जीवन के सभी अच्छे और बुरे कर्मों का अहसास कराया। एक और चौंकाने वाली घटना में, दृष्टिहीन विकी नाम की महिला, जिसने 22 साल तक कुछ नहीं देखा था, एक कार दुर्घटना के बाद अचानक अपने शरीर के ऊपर मंडराने लगी। वह डॉक्टरों को अपना इलाज करते हुए देख पा रही थी, जबकि उसका शरीर बेहोश पड़ा था। जब होश में आई, तो उसने अपने दोस्तों और घटनास्थल का ऐसा सटीक वर्णन किया, जिसे जानकर सभी हैरान रह गए। लेकिन हर अनुभव इतना सुखद नहीं था।

नॉर्थ केंटकी यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर हॉवर्ड स्टॉर्म ने भी अपनी मौत के करीब जाने की घटना साझा की। उन्होंने बताया कि कैसे उन्होंने कुछ रहस्यमयी परछाइयों का पीछा किया, जो उन्हें एक अंधेरे गलियारे में ले गईं। अचानक, उन पर भूतिया आकृतियों ने हमला कर दिया उन्हें मारा, खींचा और घायल किया। डर के मारे उन्होंने भगवान को पुकारा, तभी एक दिव्य रोशनी आई और उन्हें बचा लिया गया। स्ट्रोबेल की किताब में और भी कई घटनाएं दर्ज हैं, जो यह साबित करने का दावा करती हैं कि मृत्यु के बाद जीवन केवल एक कल्पना नहीं, बल्कि सच्चाई है।

### फ्लाइट में बिगड़ी डॉक्टर की तबीयत तो सहायक चिकित्सक ने बचाई जान, हनीमून से लौट रहा था कपल, एयरलाइन ने हेली को भेजा धन्यवाद पत्र

**बाल्टीमोर।** बाल्टीमोर से लौट रही फ्लाइट में एक डॉक्टर की सहायक चिकित्सक ने जान बचाई, जो अपने हनीमून से लौट रही थीं और खुद एक डॉक्टर भी थीं। डॉ. जैक्केलिन लैसेरा हवाई जहाज से अपने हनीमून से लौटते समय फ्लाइट में ही गंभीर रूप से बीमार हो गईं। लैसेरा ने बताया कि उसे मिचली आने लगी और वह तुरंत बाथरूम गई। इसके बाद उसे पसीना आने लगा और तेज सीने में दर्द हुआ। साथी यात्री एमिली हेली, जो एक सहायक चिकित्सक हैं। वह भी उसी फ्लाइट में अपने परिवार के साथ थीं। हेली ने कहा कि वह सोने की तैयारी कर रहे थे जब अचानक मेडिकल सहायता के लिए कॉल आई। उन्होंने तुरंत लैसेरा की जांच की और पाया कि वह अतालता से ग्रस्त हैं। हालत बिगड़ने पर हेली ने लैसेरा को तरल पदार्थ और ऑक्सीजन दिया, लेकिन स्थिति में सुधार नहीं हुआ। इसलिए उन्होंने डिफिब्रिलेटर का इस्तेमाल किया। हेली ने कहा कि उन्होंने लैसेरा से कहा कि उन्हें शॉक देना होगा और उन्होंने सहमति दे दी। यह शॉक दर्दनाक था, लेकिन इसने लैसेरा की जान बचा ली। फ्लाइट के कैलिफोर्निया में लैंड करने तक उनकी स्थिति स्थिर हो गई थी। एयरलाइन ने हेली को मदद के लिए धन्यवाद पत्र भेजा और दोनों महिलाएं संपर्क में रहने की उम्मीद करती हैं। लैसेरा ने अपने कांग्रेस सदस्य से विमान में उचित चिकित्सा उपकरणों की कमी की शिकायत की है।

# घुसपैठ का प्रमुख मार्ग बन गया कठुआ का बार्डर

**जम्मू, 24 मार्च (ब्यूरो)।**

यह पूरी तरह से सच है कि कठुआ हाल के वर्षों में पाकिस्तान समर्थित आतंकियों की घुसपैठ का एक प्रमुख मार्ग बन गया है। यही नहीं आतंकियों के ताजा हमलों का शिकार भी कठुआ जिले को ही होना पड़ रहा है जो अभी तक शांत माना जाता रहा है। इतना जरूर था कि पिछले एक साल में आतंकी गतिविधियां जम्मू क्षेत्र के छह नए जिलों तक फैल गई हैं।



दरअसल आतंकी हैंडलर पुराने आतंकवादी मार्गों को फिर सक्रिय कर रहे हैं। और इनमें बहुत से कठुआ जिले से सटे बार्डर पर भी हैं जो पंजाब से भी सटे हुए हैं। अधिकारियों के बकौल, कभी डोडा, पुंछ और राजौरी में आतंकवाद चरम पर था और तब सांबा-कठुआ सेक्टर आतंकियों की घुसपैठ के लिए सबसे सुरक्षित रास्ता माना जाता था। अब पाकिस्तानी आतंकी संगठनों के हैंडलर इन पुराने मार्गों को फिर से सक्रिय करने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि जम्मू के शांत इलाकों में आतंकवाद फैलाया जा सके। इस चुनौती से निपटने के लिए भारतीय सेना और पुलिस ने बड़े पैमाने पर आतंक विरोधी अभियान शुरू किए हैं।

इसी संबंध में सेना की राइजिंग स्टार कोर ने जानकारी दी कि हीरानगर में 23 मार्च को शुरू किया गया आपरेशन विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर चलाया जा रहा है।

कठुआ में सुरक्षा हालात पहले से ही गंभीर बने हुए हैं। हाल ही में बिलावर तहसील में 5 लोगों की रहस्यमयी मौत के कारण तनाव और विरोध प्रदर्शन देखने को मिले। 8 मार्च को ईशू नाले में तीन शव मिलेरू 15 वर्षीय वरुण सिंह, उनके चाचा योगेश सिंह (32) और मामा दर्शन सिंह (40) की लाशें बरामद हुईं। ये तीनों 5 मार्च से लापता थे, जब वे एक शादी समारोह में गए थे। ठीक इसी प्रकार 16 फरवरी को कोहाग गांव में भी दो शव मिले थे। शमशेर (37) और रोशन (45) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इन मौतों को लेकर स्थानीय लोग सड़कों पर उतर आए और सुरक्षा बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।

अब जबकि कल रात को सुरक्षा बलों ने हीरानगर में घुसे आतंकियों को घेर लिया था और आपरेशन तब तक जारी रखनले की बात की जा रही है जब तक सभी आतंकियों को ढेर नहीं कर दिया जाता। इस बीच, खुफिया एजेंसियां चेतावनी दे रही हैं कि कठुआ और सांबा के रास्ते से और घुसपैठ की कोशिशें हो सकती हैं। यह घटना जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के बढ़ते खतरे को दर्शाती है और यह साबित करती है कि पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठनों से निपटने के लिए सुरक्षा बलों को सतर्क और आक्रामक रणनीति अपनानी होगी। वर्ष 2024 में सिर्फ जम्मू संभाग में हुए आतंकी हमलों में 44 लोगों की मौत हुई, जिनमें 18 सुरक्षा बलों के जवान शहीद हुए, जबकि 13 आतंकियों को मार गिराया गया। डोडा, कठुआ और रियासी में सबसे ज्यादा (9-9) हत्याएं दर्ज हुईं, इसके बाद किश्तवाड़ (5), उधमपुर (4), जम्मू (3), राजौरी (3) और पुंछ (2) में आतंकी हमलों की घटनाएं हुईं। हालांकि, 2024 में राजौरी और पुंछ में आतंकी घटनाओं में कमी आई, लेकिन रियासी, डोडा, किश्तवाड़, कठुआ, उधमपुर और जम्मू में आतंकवाद का नया खतरा बढ़ गया है।

# हीरानगर मुठभेड़ से भाग निकले आतंकी

**जम्मू, 24 मार्च (ब्यूरो)।**

हीरानगर के सन्याल इलाके में आतंकियों से हो रही मुठभेड़ फिलहाल खत्म तो नहीं हुई है पर कल रात 6 बजे से रूकी हुई गोलीबारी के बाद आशंका यह पैदा हो गई है कि आतंकी कहीं भाग तो नहीं निकले हैं। इसलिए सुबह होते ही सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान फिर शुरू कर दिया गया था। पुलिस और सेना ने अभी तक ऑपरेशन खत्म नहीं किया है क्योंकि भाग निकलने वाले आतंकी दोबारा खतरा बन सकते हैं।



कल शाम पांच बजे से ही भारत पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर हीरानगर के सन्याल गांव के पास जंगल में चार से पांच आतंकियों को सुरक्षाबलों ने घेरे में लिया हुआ था। रविवार शाम से इलाके में मुठभेड़ शुरू हुई थी। एक बच्ची भी गोली लगने से घायल हुई थी। हालांकि कल शाम छह बजे से गोलीबारी बंद है, लेकिन सुरक्षाबलों ने इलाके को घेर रखा है। सेना ने इसे ऑपरेशन सन्याल नाम दिया है। अधिकारियों ने बताया कि विशेष अभियान समूह की एक पुलिस टीम ने इनपुट मिलने के बाद तलाशी अभियान शुरू किया और जब पुलिस कर्मी इलाके में दाखिल हुए, तो उन पर आतंकवादियों की ओर से भारी गोलीबारी शुरू हो गई, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। ऑपरेशन में मदद के लिए तुरंत अतिरिक्त बल भेजा गया, क्योंकि आतंकवादियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया गया था, माना जा रहा है कि वे शनिवार को खड्ड के रास्ते या नई बनाई गई सुरंग के जरिए घुसपैठ कर आए थे।

अधिकारियों ने बताया कि करीब आधे घंटे तक चली भीषण गोलीबारी के बावजूद किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। उन्होंने बताया कि अतिरिक्त बलों की मदद से घेराबंदी को मजबूत किया गया है। एक इनपुट में यह भी बताया गया है कि शनिवार को 5-6 आतंकवादियों के दो समूहों ने घुसपैठ की थी।

रविवार शाम करीब पांच बजे सन्याल के ढोलका से सटे जंगली इलाके में लकड़ियां लेने गए दंपती ने सबसे पहले आतंकियों को देखा। आतंकियों ने उन्हें बंधक बनाने का प्रयास किया। हालांकि दोनों मौके से जान बचाकर भाग निकले।

इसके बाद उनकी सूचना पर एसओजी ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया। घेराबंदी देखते ही आतंकियों ने गोलियां चलानी शुरू कर दी, जिसका सुरक्षाबलों ने मुंहतोड़ जवाब दिया। उधर, सेना, बीएसएफ और सीआरपीएफ ने पहुंचकर पूरे जंगल को घेर लिया। इलाके में ब्लैकआउट कर दिया गया। शाम छह बजे से गोलीबारी रुकी है।

# अवैध मदरसों के खिलाफ नैनीताल में पहली बड़ी कार्रवाई

### चार अवैध मदरसे सील, उत्तराखंड में अब तक 140 जब्त

**नैनीताल, 24 मार्च (एजेंसियां)।**

उत्तराखंड में अवैध मदरसों के खिलाफ सरकार की कार्रवाई जारी है।



कालाढूंगी क्षेत्र में अवैध रूप से चल रहे 4 मदरसों को जिला प्रशासन ने सोमवार को सील कर दिया। भारी फोर्स के साथ एसडीएम के नेतृत्व में यह कार्रवाई हुई। एसएसपी नैनीताल प्रहलाद मीणा ने बताया कि कालाढूंगी क्षेत्र में चार अवैध मदरसे सील किए गए हैं।

जिन मदरसों को सील किया गया उनमें मदरसा फैज ए उल उलूम एहले सुन्नत वार्ड न0 07 कालाढूंगी (जामा मस्जिद), मदरसा इस्लामिया अरविया तालीमुल कुरान सोसाइटी वार्ड न0 04 कालाढूंगी (मोती मस्जिद), रजा मदरसा अरबिया वार्ड नं- 2 कालाढूंगी नौदिया फार्म, मदरसा जामिया हबीबीया दरगाह शरीफ वार्ड न0 4 (मदीना मस्जिद) शामिल हैं। नैनीताल जिले में अवैध मदरसों के खिलाफ ये पहली बड़ी कारवाई है। उत्तराखंड में अब तक 140 अवैध मदरसों पर एक्शन लिया जा चुका है। धामी सरकार पहले ही स्पष्ट कर चुकी है कि उत्तराखंड में केवल अवैध मदरसों पर ही कार्रवाई की जा रही है। वैध मदरसों पर कोई एक्शन नहीं हो रहा है।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर को भाजपा ने सौंपी केरल की कमान

**तिरुवनंतपुरम, 24 मार्च (एजेंसियां)।**

भाजपा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर को केरल की जिम्मेदारी सौंपी है। निवर्तमान अध्यक्ष के सुरेंद्रन का पांच साल का कार्यकाल पूरा होने के बाद नए अध्यक्ष का चुनाव किया गया। पार्टी ने सर्वसम्मति ने चंद्रशेखर के नाम की घोषणा की।



भाजपा ने केरल में अपनी जमीन मजबूत करने और जीत का परचम लहराने के लिए पार्टी की कमान पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर को सौंपी है। भाजपा के केंद्रीय पर्यवेक्षक प्रहलाद जोशी ने पार्टी राज्य परिषद की बैठक के दौरान राजीव चंद्रशेखर को केरल का भाजपा अध्यक्ष घोषित किया। चंद्रशेखर के पास दो दशक से ज्यादा समय का अनुभव है। वह आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स, कौशल विकास और उद्यमिता, जलशक्ति विभाग के मंत्री रह चुके हैं। माना जा रहा है कि उनकी नियुक्ति के बाद से भाजपा के केरल में बड़ा फायदा मिलेगा। केरल भाजपा अध्यक्ष पद के लिए राजीव चंद्रशेखर ने मुख्यालय में दो सेट में नामांकन दाखिल किया। केंद्रीय पर्यवेक्षक ने निवर्तमान अध्यक्ष के सुरेंद्रन और राज्य प्रभारी प्रकाश जावड़ेकर की मौजूदगी में उनकी नियुक्ति की घोषणा की। सुरेंद्रन ने मंच पर चंद्रशेखर को पार्टी का झंडा सौंपा।

निवर्तमान अध्यक्ष के सुरेंद्रन ने कहा कि पिछले 10 सालों में केरल में भाजपा ने अभूतपूर्व विकास किया है। चंद्रशेखर को पार्टी के सभी नेताओं ने सर्वसम्मति से चुना है। उन्होंने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में उनका अनुभव और विशेषज्ञता राज्य में भाजपा के विकास को गति देगा। उन्होंने कहा कि चंद्रशेखर एक सामान्य राजनीतिज्ञ नहीं हैं। वे अपनी नई भूमिका में चमक सकते हैं।

60 वर्षीय चंद्रशेखर दो दशकों का राजनीतिक अनुभव है। वे इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी, कौशल विकास और उद्यमिता तथा जल शक्ति विभागों के केंद्रीय मंत्री रह चुके हैं। चंद्रशेखर तीन बार कर्नाटक से राज्यसभा सांसद रहे। इसके अलावा भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता भी रहे हैं। मौजूदा समय में वे एनडीए की केरल इकाई के उपाध्यक्ष हैं। एनडीए उम्मीदवार के तौर पर चंद्रशेखर ने 2024 में तिरुवनंतपुरम से लोकसभा चुनाव लड़ा था, लेकिन कांग्रेस नेता शशि थरूर से 16,077 मतों से हार गए थे। चंद्रशेखर का जन्म अहमदाबाद में केरल के दंपती के यहां हुआ। दंपती मूल रूप से त्रिशूर के रहने वाले थे। बीपीएल समूह के संस्थापक टीपीजी नांबियार उनके ससुर हैं।

# नागपुर दंगे के आरोपी फहीम और यूसुफ के अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

**नागपुर, 24 मार्च (एजेंसियां)।**

नागपुर में हुई हिंसा के मामले में सरकार अब सख्त कदम उठा रही है।

फहीम खान के घर पर बुलडोजर चलाने के बाद, नागपुर महानगरपालिका के अतिक्रमण विरोधी दस्ते ने हिंसा के आरोपी यूसुफ शेख के घर के अवैध निर्माण को भी ढहा दिया है। यह कार्रवाई उस समय की गई है, जब मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दंगाइयों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का संकेत दिया था।



नागपुर नगर निगम (एनएमसी) ने सोमवार को फहीम खान के अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। फहीम खान को नागपुर के महल, हंसपुरी और भालदारपुरा इलाकों में हुई सांप्रदायिक हिंसा का मुख्य दोषी है। 22 मार्च को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में जब मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से पूछा गया था कि क्या उत्तर प्रदेश की तरह नागपुर में भी दंगाइयों के घरों पर बुलडोजर चलाया जाएगा तो उन्होंने कहा था, सही समय आने पर कार्रवाई की जाएगी। इसके कुछ दिन बाद ही नगर निगम ने फहीम खान के अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाना शुरू कर दिया।

फहीम खान माइनॉरिटी डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) के नागपुर शहर अध्यक्ष है। उसने यशोधरा नगर के संजय बाग कॉलोनी में एक प्लॉट पर अवैध निर्माण कराया था।

पहले नागपुर नगर निगम ने महिरुनिस्सा शमीम खान के नाम से एक नोटिस जारी किया था, जिसमें फहीम खान और उनके परिवार को एक सप्ताह के अंदर अवैध निर्माण हटाने का आदेश दिया गया था नहीं तो नगर निगम बुलडोजर से कार्रवाई करेगा।

# एनएचएआई का जीएम घूस लेते गिरफ्तार

**पटना, 24 मार्च (एजेंसियां)।**

पटना में भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनए-चएआई) के पटना क्षेत्रीय कार्यालय के महाप्रबंधक रामप्रीत पासवान को 15 लाख रुपए गिरफ्तार कर लिया।

सीबीआई की टीम ने गिरफ्तारी के बाद रामप्रीत पासवान के ठिकानों पर छापामारी की। इसमें 1.18 करोड़ रुपए नकद बरामद हुए।




इससे पहले 24 सितंबर 2022 को सीबीआई ने पटना में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनए-चएआई) के एक मुख्य महाप्रबंधक (सीजीएम) और एक उप महाप्रबंधक (डीजीएम) को दो निजी कंपनी के कर्मचारियों के साथ रिश्वतखोरी के एक मामले में गिरफ्तार किया था। उस कार्रवाई में लगभग 76 लाख रुपए नकद और गहने बरामद किए गए थे।

# जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने मनुस्मृति पर चर्चा करने की चुनौती दी

**वाराणसी, 24 मार्च (एजेंसियां)।**

बीएचयू के व्याकरण विभाग में कार्यशाला का उद्घाटन करने पहुंचे तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामभद्राचार्य मीडिया से बातचीत में मुगलों और मनुस्मृति पर हमला करने वालों पर जमकर बरसे। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि किसी मां के लाल ने शुद्ध दूध पिया हो तो मनुस्मृति पर मुझसे आकर चर्चा करे, इसका एक भी अक्षर राष्ट्र विरोधी नहीं है। मैंने महाकुंभ में 30 दिन तक मनुस्मृति पर ही व्याख्यान दिया है।

हरियाणा में यज्ञ के दौरान ब्राह्मणों पर हमले के सवाल पर कहा कि हमलावरों को उचित दंड मिलेगा। इसके अलावा उन्होंने कहा कि हम ज्ञानवापी लेकर रहेंगे। यहां पर मुगलों के नाम से जितने भी स्थान है सबके नाम बदले जाएंगे। बीएचयू में पांच दिवसीय अखिल भारतीय व्याकरण प्रबोध कार्यशाला की शुरुआत सोमवार को हुई। तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने कार्यशाला का उद्घाटन किया। इस दौरान उनके स्वागत में संस्कृत विद्या धर्म विज्ञान संकाय के व्याकरण विभाग के 500 से ज्यादा छात्रों ने एक सुर में मंत्रोच्चार किया। दूसरी ओर पूरा संकाय जय श्री राम के जयघोष से गूंजता रहा।

# ताजमहल की खूबसूरती पर फिदा हुई मिस यूनिवर्स

**आगरा, 24 मार्च (एजेंसियां)।**

मिस यूनिवर्स विक्टोरिया केजोर थीलविग और मिस यूनिवर्स इंडिया रिया सिंघा ने रविवार को ताजमहल देखा। सिल्वर कलर का सूट पहने विक्टोरिया और रिया ने अपनी खूबसूरती से लोगों का दिल जीत लिया। दोनों सुंदरियों ने ताजमहल की वास्तुकला, पच्चीकारी और रखरखाव के बारे में जानकारी भी ली। रॉयल गेट से प्रवेश करते ही पर्यटकों की भीड़ उन्हें देखने जमा हो गई। मिस यूनिवर्स करीब 50 मिनट ताजमहल के अंदर रहीं।




उन्होंने कहा, जिंदगी में हर इंसान को एक बार ताजमहल जरूर देखना चाहिए। कई देश घूमने के बाद आज ताजमहल को देखा, दावे से कह सकती हूं कि ये दुनियाभर में अद्भुत कलाकारी व प्रेम का एक अनोखा नमूना है। मिस यूनिवर्स इंडिया रिया सिंघा ने कहा, मैंने सोच लिया था जब भी आगरा जाऊंगी तो ताजमहल जरूर देखूंगी। ताजमहल के विषय में जितना सुना था उससे कहीं ज्यादा खूबसूरत है।



ऑनस्क्रीन ख़तरनाक विलेन एमबी शेट्टी का बेटा है बेहद स्मार्ट

# डैशिंग और टैलेंटेड, बॉलीवुड स्टार्स को इशारों पर नचाते हैं रोहित शेट्टी





बॉलीवुड का हीरो तब तक हीरो नहीं है जब तक वह विलेन से पंगा ना ले। स्टंट और एक्शन के बिना फिल्मों का कोई मजा नहीं। आज हम ऐसे ही एक विलेन और स्टंटमैन की बात कर रहे हैं, जिन्होंने 70 का दशक में कई बड़े एक्टर्स को टक्कर दिया। उस दौर में यह विलेन हीरो पर भारी पड़ता था। उनका नाम है एमबी शेट्टी। एमबी शेट्टी 70 के दशक में पॉपुलर विलेन रहे, स्टंट ही नहीं लुक और एक्सप्रेशन भी ऐसे थे कि कोई भी डर जाए। बॉलीवुड के मशहूर स्टंटमैन के तौर पर बेहद लोकप्रिय रहे एम बी शेट्टी ने अपने करियर की शुरुआत फाइट इंस्ट्रक्टर के तौर पर की थी। इसके बाद वो एक्शन डायरेक्टर बने और फिर एक्टर। एम भी शेट्टी की पूरा नाम मुद्दू बाबू शेट्टी था।

एम बी शेट्टी ने कई फिल्मों में स्टंट कॉर्डिनेटर, फाइट कंपोजर, स्टंट कपोजर और स्टंट मास्टर के तौर पर काम किया। 'जब प्यार किसी से होता है, 'कश्मीर की कली', 'सीता और गीता', 'डॉन' और 'द ग्रेट गैंबलर' जैसी फिल्मों के लिए वह जाने जाते हैं। एम बी शेट्टी की कहानी बेहद दिलचस्प है। पढ़ाई में उनकी कोई दिलचस्पी नहीं थी, ऐसे में उनके पिता ने उन्हें मुंबई भेज दिया कि वहां इतने बड़े महानगर में छोटे मोटे काम कर के वह गुजारा कर लेंगे।

मुंबई आकर एम बी शेट्टी वेटर बनें, उनका मन नहीं लगा और तभी बॉक्सिंग में उनकी दिलचस्पी जगी। बॉक्सिंग में एम बी शेट्टी ने महारत हासिल कर ली, उन्होंने कई टूर्नामेंट जीते। एम बी शेट्टी को एक्शन और स्टंट में बॉलीवुड में खूब नाम कमाया। एम बी शेट्टी की वाइफ रत्ना भी अपने समय में बॉलीवुड की जानी मानी स्टंट लेडी रह चुकी हैं। उनकी पत्नी कई हिट फिल्मों में छोटे मोटे रोल में भी दिखीं। फिल्मों में बतौर विलेन वह अच्छा काम कर ही रहे थे कि तभी एक हादसा हुआ। सेट पर एक स्टंटमैन गिर गया और उसकी मौत हो गई। एमबी शेट्टी इस सदमे को नहीं बर्दास्त कर सके। वह उदास रहने लगे। तभी वह एक दिन वह अपने ही घर में फिसलकर गिर गए और उन्हें काफी चोट लगी। स्टंट के दौरान उन्हें काफी चोटें पहले से लगी थी, ऊपर से यह हादसा उनका शरीर झेल नहीं पाया। कम समय में ही वह दुनिया से विदा हो गए।

बता दें कि एम बी शेट्टी के बेटे हैं रोहित शेट्टी। रोहित ने बॉलीवुड में काफी नाम कमाया है। रोहित शेट्टी गोलमाल, गोलमाल रिटर्न्स, ऑल द बेस्ट, गोलमाल 3, सिंघम, बोल बच्चन और सिम्बा जैसी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। उनकी फिल्मों में सलमान, शाहरुख से लेकर अक्षय, अजय, करीना- कटरीना ने काम किया। उन्होंने कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं।

31 साल छोटी अभिनेत्री के साथ काम करने पर सलमान खान बोले

# रश्मिका और उनके पिता को एतराज नहीं



हिंदी फिल्मों के सुपरस्टार सलमान खान अपने फैंस को ईद पर अपनी आगामी फिल्म 'सिकंदर'के साथ ईदी देंगे। रविवार को सलमान खान ने अपने फैंस के साथ फिल्म का ट्रेलर जारी किया। सलमान खान के इस ट्रेलर को फैंस की ओर से भरपूर प्यार मिला है। फैंस अब 30 मार्च का इंतजार कर रहे हैं, जब फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

रविवार को सलमान खान और रश्मिका मंदाना 'सिकंदर' के ट्रेलर लॉन्च कार्यक्रम में शामिल हुए, जहां उनसे फिल्म में बॉलीवुड सुपरस्टार द्वारा छोटी अभिनेत्रियों के साथ काम करने के बारे में पूछा गया।

हिंदी सिनेमा के भाईजान कहे जाने वाले इस अभिनेता ने मीडिया को बहुत ही व्यावहारिक जवाब देते हुए कहा, मेरे और हीरोइन के बीच 31 साल का अंतर है। हीरोइन को यह समस्या नहीं है। हीरोइन के पिता को यह समस्या नहीं है, तो आप लोगों को क्या समस्या है। सलमान जिस वक्त यह जवाब दे रहे थे। रश्मिका के चेहरे पर हंसी रुकने का नाम नहीं ले रही थी। सलमान खान ने आगे कहा कि जब इनकी शादी हो जाएगी, बच्ची हो जाएगी, बड़ी स्टार हो जाएगी तो उनके साथ भी काम करेंगे। मम्मी का परमिशन तो मिल ही जाएगा।

सलमान खान ने इस दौरान फिल्म की अभिनेत्री की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि रश्मिका जिस लगन से काम कर रही हैं वह तारीफ के काबिल है। सलमान ने बताया कि उन्हें पुष्पा-2 और सिंकदर की शूटिंग के दौरान पैर में चोट लगी थी। लेकिन, इसके बावजूद उन्होंने शूटिंग जारी रखी।

सलमान कि फिल्म सिकंदर के ट्रेलर में एक ऐसा शानदार नजारा दिखाया गया है जो दर्शकों को अपनी सीट से बांधे रखेगा। ट्रेलर में सलमान मुख्य भूमिका में नजर आ रहे हैं, वह एक मिशन पर हैं। सिकंदर का उनका किरदार दमदार नजर आ रहा है।

यह फिल्म निर्माता के लिए एक और बड़ी सफलता साबित होने वाली है, जिनके पास ऐसी फिल्में बनाने का सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड है, जो न केवल मनोरंजन करती हैं, बल्कि देश भर के दर्शकों के दिलों में जगह भी बनाती हैं।

## वॉर्नर म्यूजिक इंडिया ने सुपरस्टार गुरु रंधावा के साथ मिलाया हाथ नए एल्बम की घोषणा

वॉर्नर म्यूजिक इंडिया ने आधिकारिक तौर पर गुरु रंधावा के साथ साझेदारी की है, जो उनके करियर के एक नए और रोमांचक अध्याय की शुरुआत को चिह्नित करती है। यह साझेदारी बीइंगयू स्टूडियो के संस्थापक गुरजोत सिंह के नेतृत्व वाली नई मैनेजमेंट टीम के साथ उनके सहयोग को भी दर्शाती है। गुरु और वॉर्नर म्यूजिक इंडिया के बीच यह साझेदारी उनके क्रिएटिव विज़न को नई ऊंचाइयों पर ले जाती है, क्योंकि वह अपने 2023 के बाद के पहले स्टूडियो एल्बम विदआउट प्रिजुडिस को रिलीज़ करने की तैयारी कर रहे हैं। एल्बम में नौ जबरदस्त ट्रैक शामिल हैं-स्नैपबैक, सिरा, न्यू एज,



कताल, फ्रॉम एजेस, जानेमन, किथे वासदे ने, सरे कनेक्शन और गल्ला बातें-जो अफ्रोपॉप और भारतीय पॉप का मिश्रण हैं, और एक नए बोल्ड संगीतिक दिशा की झलक देते हैं। पहला सिंगल गल्ला बातें और उसका म्यूजिक वीडियो 28 मार्च 2025 को रिलीज़ होगा। इस एल्बम में ज़हर वाइब, एनएसईईबी, बॉब.बी रंधावा, किरण बाजवा और प्रेम लता जैसे कलाकारों के साथ सहयोग भी शामिल है, जिससे इसकी विविधता और गहराई और बढ़ जाती है। अपने करियर के इस नए दौर पर विचार करते हुए, गुरु रंधावा ने कहा, यह एल्बम सिर्फ मेरा नहीं, बल्कि उस संगीत का भी विकास है जिसे मैं बनाना चाहता हूं और उन श्रोताओं का भी जिनसे मैं जुड़ना चाहता हूं। 'विदआउट प्रिजुडिस' सीमाओं को तोड़ने और वैश्विक दर्शकों से जुड़ने के लिए नए ध्वनियों को अपनाने के बारे में है, जबकि मेरी जड़ों के प्रति सच्चा रहने का प्रयास है। वॉर्नर म्यूजिक इंडिया के साथ, मैं इस यात्रा को लेकर उत्साहित हूं और अपने प्रशंसकों के लिए कुछ विशेष लाने का इंतजार नहीं कर सकता। वॉर्नर म्यूजिक इंडिया और प्रबंध निदेशक जय मेहता ने कहा, गुरु रंधावा ने पंजाबी संगीत को वैश्विक स्तर पर पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है, और यह एल्बम उनके सफर का एक नया रोमांचक चरण है। वॉर्नर म्यूजिक इंडिया में, हम उनके कलात्मक दृष्टिकोण का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और उनके ब्रांड को संगीत, लाइव अनुभव, प्रशंसक सहभागिता और भी बहुत कुछ के माध्यम से मजबूत बनाने में मदद कर रहे हैं। हम उनके साथ साझेदारी कर बेहद खुश हैं, क्योंकि वे नए क्रिएटिव रास्ते तलाश रहे हैं और दुनिया भर के दर्शकों से गहरा जुड़ाव बना रहे हैं।

भारत के सबसे प्रभावशाली और वैश्विक स्तर पर पहचाने जाने वाले कलाकारों में से एक, गुरु रंधावा के पास डीॅिंळषू पर आठ मिलियन से अधिक मासिक श्रोता और सभी प्लेटफार्मों पर 14 बिलियन से अधिक स्ट्रीम्स हैं। उनके चार्टबस्टर गाने भाषाओं और संस्कृतियों से परे हैं, जिससे वे वैश्विक मंच पर भारतीय संगीत के सच्चे प्रतिनिधि बन गए हैं। विदआउट प्रेजुडिस के साथ, गुरु रंधावा न केवल अपने संगीत को नया रूप दे रहे हैं, बल्कि एक वैश्विक संगीत शक्ति के रूप में अपनी पहचान को और मजबूत कर रहे हैं।


# सलमान खान की फिल्म सिकंदर ईद पर रिलीज

सलमान खान की आगामी ईद रिलीज़, सिकंदर का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर रिलीज़ हो गया है। एआर मुरुगादॉस द्वारा निर्देशित, ट्रेलर एक पूर्ण-विकसित मसाला एक्शन का वादा करता है, जो 30 मार्च को 70 मिमी स्क्रीन पर प्रदर्शित होने के लिए तैयार है। फिल्म में रश्मिका मंदाना, काजल अग्रवाल और सत्यराज भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

तीन मिनट 38 सेकंड लंबे ट्रेलर में, टीजर की तरह ही दो चीजें हैं: 80 और 90 के दशक की हिंदी फिल्मों की याद दिलाने वाली डायलॉगबाजी और जबरदस्त एक्शन। सलमान अन्याय के खिलाफ लड़ने के मिशन पर एक किलिंग मशीन की तरह हैं। सत्यराज एक भ्रष्ट राजनेता की भूमिका निभाते दिख रहे हैं, जबकि रश्मिका सलमान की प्रेमिका की भूमिका निभा रही हैं। ट्रेलर की शुरुआत 'वांटेड' बोर्ड पर सलमान की तस्वीर से होती है। लेकिन जल्द ही हमें पता चलता है कि उन्हें 'राजकोट का राजा', 'राजा साहब', 'संजय साहब' और 'सिकंदर साहब' कहा जाता है। इसके बाद वह राजकोट से मुंबई चले जाते हैं, जहाँ वह सत्यराज के किरदार के साथ लड़ रहे हैं। लेकिन वह क्यों लड़ रहे हैं? सिकंदर के साथ क्या दुखद घटना घटती है? इसका जवाब 30 मार्च को पता चलेगा, जब सिकंदर सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी।




सिकंदर में मुरुगादॉस और सलमान खान पहली बार एक साथ काम कर रहे हैं। इससे पहले मुरुगादॉस ने आमिर खान को उनकी 2008 की ब्लॉकबस्टर फिल्म गजनी में निर्देशित किया था।उन्होंने कहा, हालांकि, यह फिल्म सलमान सर की पिछली फिल्मों से अलग है। इसमें कुछ अनूठी बातें हैं। जैसे गजनी में एक खूबसूरत प्रेम कहानी थी। उसी तरह, इस फिल्म में भी पति-पत्नी की प्रेम कहानी है। फिल्म निर्माता ने इस बात पर भी जोर दिया कि सिकंदर में बेहतरीन कोरियोग्राफी और जबरदस्त एक्शन सीक्वेंस के अलावा, जीवन की भागदौड़ के बीच परिवार के महत्व को भी दर्शाया गया है। उन्होंने कहा, आज, लोगों के पास अपने परिवार के साथ बिताने के लिए समय नहीं है, चाहे वह उनके पिता, माता या दोस्त हों। हम हमेशा काम पर ध्यान केंद्रित करते हैं... हालांकि यह एक व्यावसायिक फिल्म है, लेकिन इसमें एक सुंदर संदेश है।सिकंदर का ट्रेलर जारी करने से कुछ घंटे पहले, निर्माताओं ने एक नया पोस्टर जारी किया जिसमें शरमन जोशी, प्रतीक बब्बर, अंजिनी धवन और जतिन सरना सहित पूरी कास्ट नजर आ रही है। सलमान खान की पिछली थिएट्रिकल रिलीज़ टाइगर 3 की तरह, सिकंदर भी रविवार को सिनेमाघरों में आएगी। यह ईद के साथ-साथ गुड़ी पड़वा और उगादी जैसे अन्य त्यौहारों के साथ 30 मार्च को रिलीज़ होगी। फिल्म का निर्माण साजिद नाडियाडवाला की नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट और सलमान खाल फिल्म्स द्वारा किया गया है।



## अनुष्का रंजन ने पति आदित्य सील को बताया 'लव ऑफ लाइफ'

अभिनेत्री अनुष्का रंजन ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो मोंटाज शेयर कर बताया कि अभिनेता-पति आदित्य सील का 37वां जन्मदिन उन्होंने कैसे मनाया। रंजन ने कहा कि सील के बिना उनका जीवन अधूरा है। इंस्टाग्राम पर अभिनेत्री अनुष्का रंजन ने कैप्शन में अपने दिल की बात कही, उन्होंने लिखा, मैंने पिछले 72 घंटे अपने प्यार आदित्य सील के जन्मदिन का जश्न मनाते हुए बिताए। आदित्य की तारीफ करते हुए अनुष्का ने आगे लिखा, आदित्य मेरे हर सपने और इच्छा पूरी करने में लगा रहता है और मैं आज इस (जन्मदिन) मौके पर बस यह बताना चाहती हूं कि मेरा जीवन तुम्हारे और तुम्हारे खूबसूरत दिल के बिना अधूरा है। तुम पिछले 7 सालों से मेरे प्यार और सहारे का स्तंभ रहे हो। मैं हमारे आने वाले बेहतरीन समय को लेकर उत्साहित हूं। तुम जादू हो, प्यार हो, जिंदगी हो और मेरा सब कुछ हो! मैं तुमसे बहुत प्यार करती हूं।

शेयर किए गए क्लिप की शुरुआत आदित्य से होती है, जो अनुष्का के साथ ड्राइव का आनंद लेते नजर आए। इसके बाद दोनों रेस्टोरेंट में स्वादिष्ट भोजन का लुत्फ उठाते और सड़कों पर घूमते नजर आए। अनुष्का ने वीडियो के बैकग्राउंड में मार्क-कीज के गाने 'माई स्वीट बेबी' को भी जोड़ा। पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए आदित्य ने कमेंट सेक्शन में लिखा, मुझे यह पसंद है... लेकिन तुम ज्यादा पसंद हो। बता दें, अनुष्का और आदित्य की मुलाकात एक कार्यक्रम के दौरान हुई थी। दोनों के बीच दोस्ती हुई और फिर दोस्ती प्यार में बदल गई। जानकारी के अनुसार, आदित्य ने अनुष्का को पेरिस में प्रपोज किया था। कुछ समय तक एक-दूसरे के साथ रहने के बाद दोनों ने 21 नवंबर, 2021 को मुंबई में शादी कर ली थी। आदित्य के अभिनय करियर पर नजर डालें तो साल 2002 में आई फिल्म 'एक छोटी सी लव स्टोरी' के साथ शुरुआत की। फिल्म में उनके साथ अभिनेत्री मनीषा कोइराला थीं। इसके बाद वह 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2', 'तुम बिन 2' समेत कई सफल फिल्मों का हिस्सा रहे।

# सर्वार्थसिद्धि योग में शुरू होगी चैत्र नवरात्रि

## 30 को हाथी पर सवार होकर आएंगी माता रानी



हिंदू धर्म में नवरात्रि का विशेष महत्व होता है। वैसे तो साल में चार नवरात्रि तिथियां होती हैं, लेकिन इनमें से चैत्र और शारदीय नवरात्रि को प्रमुख माना जाता है। चैत्र नवरात्रि का प्रारंभ चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से होता है। इस साल इस बार चैत्र नवरात्रि 30 मार्च से प्रारंभ हो रहे हैं, जिसका समापन 6 अप्रैल होगा। इस साल मां दुर्गा का आगमन हाथी पर होगा। शास्त्रों में मां के इस रूप को भक्तों की समस्त इच्छाएं पूर्ण करने वाला माना जाता है। खास बात ये है कि चैत्र नवरात्र के पहले दिन कई शुभ योग बन रहे हैं। इस समय में घटस्थापना आपके लिए बहुत ही लाभदायक और उन्नतिकारक सिद्ध हो सकता है। श्री लक्ष्मीनारायण एस्ट्रो सॉल्यूशन अजमेर की निदेशिका ज्योतिषाचार्या एवं टैरो कार्ड रीडर नीतिका शर्मा ने बताया कि चैत्र नवरात्रि प्रतिपदा तिथि से ही नया हिंदू वर्ष प्रारंभ हो जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि की शुरुआत 29 मार्च को शाम 4:27 पर होगी। वहीं, इस तिथि का समापन 30 मार्च को दोपहर 12:49 मिनट पर होगा।. उदया तिथि के अनुसार इस साल चैत्र नवरात्रि 30 मार्च से शुरू होगी और इसका समापन 06 अप्रैल को होगा। तिथि मतांतर से इस बार नवरात्र आठ दिन के रहेंगे। खास बात यह है कि महापर्व के दौरान चार दिन रवियोग तथा तीन दिन सर्वार्थसिद्धि योग का संयोग रहेगा।

इस बार चैत्र नवरात्रि का आरंभ रविवार से हो रहा है। यानी कि इस साल मां दुर्गा हाथी पर सवार होकर धरती पर आएंगी। मां दुर्गा का हाथी पर सवार होकर आना बहुत ही शुभ संकेत माना जाता है।. धार्मिक मान्यता है कि ऐसा होने लोगों के धन में वृद्धि होती है और देश की अर्थ व्यवसथा में सुधार होता है। मां दुर्गा हाथी से आएंगी और सोमवार 7 अप्रैल को समापन होने पर हाथी से ही प्रस्थान करेंगी।

**हाथी पर सवार होकर आएंगी मां दुर्गा**

ज्योतिष शास्त्रों के अनुसार, चैत्र नवरात्रि में मां भगवती हाथी पर सवार होकर आएंगी और प्रस्थान भी हाथी पर बैठकर ही करेंगी। कहते हैं कि जब मां दुर्गा की सवारी हाथी होती है तो यह एक बेहद ही शुभ संकेत माना जाता है। हाथी को सुख-समृद्धि और शांति का प्रतीक माना जाता है। माता जब हाथी पर सवार होकर आती हैं तो यह किसानों के लिए एक बहुत ही शुभ संकेत होता है। इसका अर्थ है कि इस साल अच्छी फसल होगी और बारिश की भी कमी नहीं होगी।

**तिथि एवं शुभ मुहूर्त**

हिंदू पंचांग के अनुसार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि की शुरुआत 29 मार्च को शाम 4:27 पर होगी। वहीं, इस तिथि का समापन 30 मार्च को दोपहर 12:49 मिनट पर होगा। उदया तिथि के अनुसार इस साल चैत्र नवरात्रि 30 मार्च से शुरू होगी और इसका समापन 06 अप्रैल को होगा। चैत्र नवरात्रि प्रतिपदा तिथि से ही नया हिंदू वर्ष प्रारंभ हो जाता है।

**घटस्थापना का शुभ मुहूर्त**

प्रतिपदा तिथि प्रारंभ: 29 मार्च 2025, शाम 4:27 बजे

प्रतिपदा तिथि समाप्त: 30 मार्च 2025, दोपहर 12:49 बजे

कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त: सुबह 6:13 बजे से 10:22 बजे तक

अभिजीत मुहूर्त: दोपहर 12:01 बजे से 12:50 बजे तक

कलश स्थापना शुभ मुहूर्त में करने से व्रत और पूजा का विशेष फल प्राप्त होता है।

**नक्षत्र एवं शुभ योग**

30 मार्च को चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ सर्वार्थ सिद्धि योग में हो रहा है। उस दिन इंद्र योग और रेवती नक्षत्र है। चैत्र नवरात्रि के पहले दिन सर्वार्थ सिद्धि योग शाम को 4:35 मिनट से अगले दिन सुबह 06:12 मिनट तक रहेगा। इस योग में आप जो भी कार्य करेंगे। वह सफल सिद्ध होंगे।यह एक शुभ योग है।

**तिथि का क्षय होने से 8 दिन की नवरात्रि**

इस बार नवरात्र आठ दिनों के रहेंगे। अलग-अलग पंचांगों में तिथि को लेकर के अलग-अलग प्रकार की गणना में बताया गया है। कुछ पंचांगों में तृतीया, कुछ पंचांग में द्वितीया तथा कुछ पंचांग में तृतीया व चतुर्थी संयुक्त दी गई है। इस दृष्टि से गणना का अलग-अलग प्रभाव दिया गया है।

**चैत्र नवरात्रि की तिथियां**

30 मार्च - नवरात्रि प्रतिपदा- मां शैलपुत्री पूजा और घटस्थापना

31 मार्च - नवरात्रि द्वितीया- मां ब्रह्मचारिणी पूजा तृतीया- मां चंद्रघंटा पूजा

01 अप्रैल - नवरात्रि चतुर्थी- मां कुष्मांडा पूजा

02 अप्रैल - नवरात्रि पंचमी- मां स्कंदमाता पूजा

03 अप्रैल - नवरात्रि षष्ठी- मां कात्यायनी पूजा

04 अप्रैल - नवरात्रि सप्तमी- मां कालरात्रि पूजा

05 अप्रैल - नवरात्रि अष्टमी- मां महागौरी

06 अप्रैल - नवरात्रि नवमी- मां सिद्धिदात्री , रामनवमी



**नीतिका शर्मा**
ज्योतिषाचार्या एवं फेमस टैरो कार्ड रीडर
श्री लक्ष्मीनारायण एस्ट्रो सॉल्यूशन अजमेर, अजमेर

## आदिशक्ति की आराधना के साथ-साथ इन कारणों से भी खास है चैत्र नवरात्र का पर्व

चैत्र माह की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से चैत्र नवरात्र की शुरुआत होती है, जो इस साल 30 मार्च से शुरू होने जा रहे हैं। यह अवधि पूर्ण रूप से जगत जननी आदिशक्ति मां दुर्गा को समर्पित मानी जाती है और दौरान उनके भिन्न-भिन्न रूपों की पूजा-अर्चना की जाती है।

पौराणिक कथा के अनुसार मां दुर्गा से महिषासुर नामक राक्षस से 9 दिनों तक 9 अलग-अलग स्वरूपों में युद्ध किया था और उस राक्षस का वध कर दिया। लेकिन इसके अलावा भी अन्य कई कारण चैत्र नवरात्र को खास बनाते चलिए जानते हैं इसके बारे में।

**मनाए जाते हैं ये पर्व**

हिंदू पंचांग के अनुसार, चैत्र माह की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि चैत्र नवरात्र की शुरुआत होती है, जो हिंदू नववर्ष की शुरुआत भी है। महाराष्ट्र में चैत्र नवरात्र के पहले दिन को गुड़ी पड़वा के रूप में जाता है, तो वहीं आंध्र प्रदेश एवं कर्नाटक में इसे उगादी के नाम से जाना जाता है। इस प्रकार चैत्र नवरात्र से नववर्ष के पंचांग की गणना शुरू हो जाती है।


वहीं चैत्र नवरात्र के आखिरी दिन यानी नवमी तिथि पर रामनवमी का पर्व भी मनाया जाता है, जो राम की जन्म तिथि मानी जाती है। इन महत्वपूर्ण त्योहारों के पड़ने के कारण चैत्र नवरात्र की अवधि बहुत ही खास हो जाती है। चैत्र नवरात्र की अवधि को आध्यात्मिक इच्छाओं की पूर्ति के लिए काफी शुभ माना जाता है।

**ये भी हैं कारण**

ज्योतिष शास्त्र की दृष्टि से चैत्र नवरात्र की अवधि काफी महत्वपूर्ण मानी जाती है, क्योंकि चैत्र नवरात्र के बाद सूर्य का राशि परिवर्तन होता है। यह वह समय है जब सूर्य देव 12 राशियों में भ्रमण पूरा कर लेते हैं और फिर से पहली राशि मेष में प्रवेश करते हैं। चैत्र नवरात्र की अवधि ऋतु परिवर्तन के रूप में भी देखा जाता है। यह वह समय है जब सर्दियां पूरी तरह से खत्म हो जाती हैं और गर्मियों की शुरुआत हो जाती है।

## चैत्र नवरात्रि में तीन राशियों के जातकों को होगा धन लाभ, साढ़े साती से मिलेगी मुक्ति

मानव जीवन में वैदिक ज्योतिष शास्त्र का विशेष योगदान रहता है। ज्योतिष गणना के आधार पर ही व्यक्ति के भविष्य का आकलन किया जाता है। एक निश्चित अंतराल पूरा करने के बाद एक ग्रह एक राशि से निकलकर दूसरी राशि में प्रवेश करते ही तो उसका प्रभाव राशि चक्र के 12 राशि के जातक पर सकारात्मक और नकारात्मक तौर पर देखने को मिलता है। किसी पर सकारात्मक को किसी पर नकारात्मक प्रभाव भी होता है। चैत्र नवरात्रि में मंगल देव अपना परिवर्तन करने जा रहे हैं जिसका प्रभाव सभी राशियों पर देखने को मिलेगा। लेकिन कुछ राशि ऐसी है जिनकी किस्मत चैत्र नवरात्रि में बदल सकती है।



**चैत्र नवरात्रि का राशियों पर प्रभाव**

अयोध्या के ज्योतिष पंडित कल्कि राम बताते हैं कि वैदिक ज्योतिष शास्त्र के मुताबिक ग्रहों के सेनापति अभी मिथुन राशि में विराजमान है और मंगल देव 2 अप्रैल तक इसी राशि में रहेंगे। 3 अप्रैल को मिथुन राशि से निकलकर कर्क राशि में गोचर करेंगे इस राशि में मंगल देव 6 जून तक रहेंगे, जिसका प्रभाव तीन राशि के जातक पर अधिक देखने को मिलेगा जिसमें तुला और मकर राशि के जातक शामिल है।

**कन्या राशि** – कन्या राशि के जातक के जीवन में नया सवेरा देखने को मिलेगा। मंगल देव की कृपा से कारोबार संबंधित परेशानियां दूर होगी धन लाभ के योग बनेंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी वाहन सुख की प्राप्ति होगी माता दुर्गा का कृपा प्राप्त होगी।

**तुला राशि** – तुला राशि के जातक की सभी परेशानियां दूर होगी आर्थिक तंगी से मुक्ति मिलेगी बिजनेस में धान की प्राप्ति होगी। करियर में भी सफलता के योग बनेंगे समाज में मान सम्मान प्रतिष्ठा बनी रहेगी नौकरी में प्रमोशन होगा।

**मकर राशि** – मकर राशि के जातक लिए यह समय बेहद खास रहेगा। माता जगत जननी जगदंबा की कृपा से शनि से भी मुक्ति मिलेगी। करियर और कारोबार में तरक्की होगी दांपत्य जीवन में मधुरता आएगी। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी लव लाइफ भी शानदार रहेगा।

## शास्त्रों से जानें चैत्र में क्या खाएं क्या न खाएं

हिंदू कैलेंडर का पहला महीना चैत्र होता है। चैत्र मास से ही हिंदू नववर्ष का आरंभ होता है। इसी के साथ चैत्र मास से ही मौसम का बदलाव होने भी शुरु हो है। चैत्र मास का आरंभ 15 मार्च से हो गया है और 12 अप्रैल को चैत्र का महीना समाप्त होगा। चैत्र मास का धार्मिक और वैज्ञानिक दोनों ही महत्व है। आइए जानते हैं शास्त्रों के अनुसार, चैत्र मास में क्या खाएं क्या न खाएं। साथ ही जानें चैत्र मास धार्मिक महत्व।

**चैत्र मास में क्या खाएं क्या न खाएं**

शास्त्रों के अनुसार,चैत्र मास में नीम का सेवन अधिक करना चाहिए। क्योंकि, इस महीने नीम की पूजा की जाती है और प्रसाद के रुप में नीम का सेवन किया जाता है। वैज्ञानिक दृष्टि से बात करें तो इस महीने छोटे कीटाणु और वायरस अदिक एक्टिव होते हैं। शीतला माता का रोग से मुक्ति दिलाने वाला बताया गया है और मान्यता है की नीम में शीतला माता का वास होता है। इसलिए इस महीने में नीम के पत्तों का सेवन जरुर करना चाहिए।

शास्त्रों में कहा गया है कि मास में खाली दूध का सेवन नहीं करना चाहिए। साथ ही तेज मसालेदार खाना भी नहीं खाना चाहिए। दूध के सेवन आप या तो मिश्री के साथ कर सकते हैं या फिर शक्कर डालकर आप दूध पी सकते हैं। साथ ही इस महीने गुड का सेवन बिल्कुल भी न खट्टी चीजों का सेवन भी इस महीने में करना वर्जित है।

चैत्र के महीने में पानी का अधिक से अधिक सेवन करना चाहिए। क्योंकि, इस महीने में तापमान बढ़ने लगता है ऐसे में शरीर में पानी की कमी हो सकती है। इसलिए समय समय पर पानी पीते रहें और सकें तो इस महीने में चने का सेवन अधिक करें।

चैत्र मास में जितना हो सके तामसिक भोजन से परहेज करें। साथ ही मांस मदिरा का सेवन बिल्कुल भी न करें।

## आखिर मां दुर्गा ने शेर को क्यों बनाया अपना वाहन? जानिए पौराणिक कथा

वैदिक पंचांग के अनुसार, हर साल चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से चैत्र नवरात्र शुरू होते हैं और नवमी तिथि पर पर्व का समापन होता है। इस बार चैत्र नवरात्र 29 मार्च से शुरू होंगे और अगले महीने यानी 07 अप्रैल को समापन होगा। इस दौरान अलग-अलग दिन मां दुर्गा की विशेष पूजा-अर्चना करने का विधान है।

धार्मिक मान्यता के अनुसार, चैत्र नवरात्र में विधिपूर्वक व्रत करने से मां दुर्गा साधक के जीवन में हमेशा रक्षा करती हैं। साथ ही सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है। मां दुर्गा को शेरावली के नाम से जाना जाता है। ऐसे में अब आप सोच रहे होंगे कि मां दुर्गा शेर की सवारी क्यों करती हैं? ऐसे में आइए जानते हैं इससे जुड़ी कथा के बारे में।



शेर कैसे बना मां दुर्गा की सवारी

मां दुर्गा शेर की सवारी का वर्णन कई धार्मिक ग्रंथों में देखने को मिलता है, जिनमें स्कंद पुराण और शिव पुराण प्रमुख हैं। पौराणिक कथा के अनुसार, मां पार्वती महादेव को अपने पति के रूप में पाना चाहती थीं। इसके लिए उन्होंने जीवन में कठोर तपस्या की, जिसकी वजह से उनका रंग सांवला पड़ गया था। एक बार ऐसा समय कि जब भगवान शिव ने मां पार्वती को हंसी मजाक में काली कह दिया। महादेव की यह बात का मां दुर्गा को अच्छी नहीं लगी, जिसकी वजह से वह कैलाश पर्वत को छोड़कर चली गईं और तपस्या में लीन हो गईं।

इसके बाद एक शेर शिकार करने के लिए मां पार्वती के पास पहुंचा, लेकिन मां पार्वती तपस्या कर रही थीं। इस दृश्य को देख शेर सोचने लगा कि जब मां पार्वती की तपस्या खत्म होगी। उसके बाद वह उन्हें शिकार बना लेगा, लेकिन कई वर्षों तक मां पार्वती की तपस्या खत्म नहीं हुई। जब आखिरी में देवी की तपस्या का समापन हुआ, तो महादेव प्रकट हुए और मां पार्वती मां गौरी होने का वरदान दिया। उसी समय से मां पार्वती महागौरी के नाम मसे जाना लगा। मां पार्वती ने सोचा कि तपस्या के दौरान शेर भूखा-प्यास बैठा रहा। ऐसे में शेर को भी तपस्या का फल प्राप्त होना चाहिए। ऐसे में मां पार्वती ने शेर को अपना वाहन बना लिया। इसी तरह शेर मां दुर्गा की सवारी बना।

## घर में चाहते हैं सुख-शांति का वास तो जरूर लगाएं ये पौधे...

चैत्र नवरात्र के पर्व को बेहद शुभ माना जाता है। इस दौरान मां दुर्गा के मंदिरों में बेहद खास रौनक देखने को मिलती है। साथ ही भक्त मां दुर्गा की विशेष पूजा-अर्चना करते हैं। साथ ही जीवन में सभी सुखों की प्राप्ति के लिए व्रत भी रखते हैं। वहीं, जीवन में खुशियों के आगमन के लिए कई तरह के उपाय भी करते हैं।

ऐसा माना जाता है कि चैत्र नवरात्र के दौरान घर में कुछ शुभ पौधों को लगाने से साधक की किस्मत चमक सकती है। साथ ही जीवन में शुभ परिणाम प्राप्त होंगे।

**कब से शुरू होंगे चैत्र नवरात्र**

वैदिक पंचांग के अनुसार, चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि 29 मार्च को शाम 04 बजकर 27 मिनट पर शुरू होगी। वहीं, इस तिथि का समापन अगले दिन यानी 30 मार्च को दोपहर 12 बजकर 49 मिनट होगा। इस प्रकार 30 मार्च से चैत्र नवरात्र की शुरुआत होगी और समापन 07 अप्रैल को होगा।

**तुलसी का पौधा** – सनातन धर्म में तुलसी का पौधा पूजनीय है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इस पौधे में धन की देवी मां लक्ष्मी का वास होता है और इसे घर में लगाने से सुख-शांति का वास होता है। ऐसे में आप चैत्र नवरात्र के दौरान घर में तुलसी के पौधे को लगाएं। इस पौधे को उत्तर, पूर्व या उत्तर-पूर्व दिशा में लगाना शुभ माना जाता है। मान्यता है कि इस उपाय को करने से घर मां लक्ष्मी का आगमन होता है और उनकी कृपा हमेशा बनी रहती है।

**शंखपुष्पी का पौधा**– इसके अलावा सनातन धर्म में शंखपुष्पी के पौधे को महत्वपूर्ण माना जाता है। अगर आप घर में मां दुर्गा का आगमन चाहते हैं, तो इस चैत्र नवरात्र में घर में शंखपुष्पी का पौधा जरूर लगाएं। मान्यता है कि इस पौधे को घर में लगाने से शुभ फल की प्राप्ति होती है। साथ ही व्यक्ति के रुके हुए काम जल्द पूरे होंगे और सभी मनोकामनाएं जल्द पूरी होंगी।

**केले का पौधा** – केले का पौधा को बेहद पवित्र माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस पौधे को घर में लगाने से सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है। इस पौधे में भगवान विष्णु का वास होता है, तो ऐसे में चैत्र नवरात्र में इस पौधे को घर में जरूर लगाएं। इससे श्रीहरि प्रसन्न प्रसन्न होंगे। इस पौधे की पूजा करने से वैवाहिक जीवन से जुड़ी समस्या दूर होती है और गुरु दोष से छुटकारा मिलता है।

संपादकीय

# न्यायपालिका की साख दांव पर

देश के प्रधान न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना ने तीन न्यायाधीशों की जांच समिति गठित की है, तो दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस यशवंत वर्मा ने आवास पर 15 करोड़ रुपए मिलने के आरोपों को नकार दिया है, बल्कि सख्ती से खारिज भी किया है। यह कोई सामान्य आरोप नहीं है। जस्टिस आम आदमी भी नहीं हैं। उनके जरिए देश की न्यायपालिका की साख दांव पर है। आम नागरिक का न्यायपालिका में विश्वास संदेहास्पद हो गया है। न्याय ही सवालिया हो गया है। सर्वोच्च अदालत के प्रख्यात वकील हैरान हैं, लेकिन साफ कह रहे हैं कि जस्टिस वर्मा की छवि अच्छी और पारदर्शी है। यदि नकदी बरामद किया गया है, तो वह न्यायाधीश के मूल आवास से नहीं किया गया है। ऐसे सरकारी आवास में कई कमरे होते हैं। उनमें से 'आउटहाउस' वाले कमरे में, जो जेनरेटर के पास है, 14 मार्च की रात्रि आग लगी थी। जज का परिवार उस समय दिल्ली से बाहर था। पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा की सूचना के बाद जस्टिस वर्मा और परिजन अगले ही दिन लौट आए। दरअसल यह खबर और घटनाक्रम तब से राजनीतिक गलियारों, अदालतों और मीडिया में सुर्खियां बना है, जब एक प्रख्यात अंग्रेजी अखबार ने खबर छाप दी कि न्यायाधीश के आवास से 15 करोड़ रुपए नकद बरामद किए गए हैं। तभी देश में सनसनी फैल गई। यह एक सेवारत न्यायाधीश पर बेहद गंभीर और भ्रष्टाचार का आरोप है। कुछ सवाल मौजू हैं। आखिर नकदी नोट किसने देखे और बरामद किए? यदि नोट मिले हैं, तो 'रिकवरी मेमो' कहां है? नकदी कहां जमा है और दिल्ली पुलिस सार्वजनिक तौर पर खामोश क्यों रही? आखिर इतना धन कहां से आया और 15 करोड़ रुपए की गिनती किसने की? क्या यह 'काली कमाई' का मामला है? ऐसा नहीं है कि अदालतें भ्रष्टाचार से अछूती रही हैं। बीते 5 साल के दौरान अदालतों में भ्रष्टाचार की 1631 शिकायतें दर्ज की गई हैं। उनके निष्कर्ष सार्वजनिक नहीं हैं। शायद इस प्रकरण के निष्कर्ष भी बहुत जल्दी सार्वजनिक न किए जाएं, क्योंकि एक न्यायाधीश के खिलाफ किसी भी तरह की कानूनी, आपराधिक प्रक्रिया बेहद जटिल और लंबी है। बेशक संविधान के अनुच्छेद 124 (4 और 5) में प्रावधान हैं, जिनके तहत न्यायाधीशों के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है, लेकिन यह भी इतना सपाट और आसान नहीं है। महाभियोग के जरिए सर्वोच्च और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को पद से हटाया जा सकता है, लेकिन संसद में आज तक महाभियोग का प्रस्ताव पारित नहीं हो सका है। अब तीन न्यायाधीशों की जांच में आरोप साबित भी हो जाते हैं, तो वह रपट केंद्रीय कानून मंत्रालय को भेजी जाती है। मंत्रालय उस रपट को राष्ट्रपति को प्रेषित करता है। सिफारिश स्वीकार होने पर राष्ट्रपति महाभियोग के लिए संसद को भेजते हैं। संसद में महाभियोग प्रस्ताव दो-तिहाई बहुमत से पारित हो जाता है, तभी जज को हटाया जा सकता है। ऐसी स्थिति आज तक नहीं आई। सच यह भी है कि निष्कर्ष सामने न आए और प्रधान न्यायाधीश और आरोपित जस्टिस सेवामुक्त ही हो जाएं, तो नकद राशि का क्या होगा।

दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस यशवंत वर्मा ने आवास पर 15 करोड़ रुपए मिलने के आरोपों को नकार दिया है, बल्कि सख्ती से खारिज भी किया है। यह कोई सामान्य आरोप नहीं है। जस्टिस आम आदमी भी नहीं हैं। उनके जरिए देश की न्यायपालिका की साख दांव पर है। आम नागरिक का न्यायपालिका में विश्वास संदेहास्पद हो गया है। न्याय ही सवालिया हो गया है। सर्वोच्च अदालत के प्रख्यात वकील हैरान हैं, लेकिन साफ कह रहे हैं कि जस्टिस वर्मा की छवि अच्छी और पारदर्शी है। यदि नकदी बरामद किया गया है, तो वह न्यायाधीश के मूल आवास से नहीं किया गया है। ऐसे सरकारी आवास में कई कमरे होते हैं। उनमें से 'आउटहाउस' वाले कमरे में, जो जेनरेटर के पास है, 14 मार्च की रात्रि आग लगी थी। जज का परिवार उस समय दिल्ली से बाहर था। पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा की सूचना के बाद जस्टिस वर्मा और परिजन अगले ही दिन लौट आए। दरअसल यह खबर और घटनाक्रम तब से राजनीतिक गलियारों, अदालतों और मीडिया में सुर्खियां बना है, जब एक प्रख्यात अंग्रेजी अखबार ने खबर छाप दी कि न्यायाधीश के आवास से 15 करोड़ रुपए नकद बरामद किए गए हैं। तभी देश में सनसनी फैल गई। यह एक सेवारत न्यायाधीश पर बेहद गंभीर और भ्रष्टाचार का आरोप है।

## सरकार इस कानून के जरिए मुस्लिम मतों का ध्रुवीकरण करना चाहती है

# कर्नाटक में कांग्रेस का फैसला संविधान के खिलाफ

प्रभुनाथ शुक्ल

कर्नाटक की सिद्धारमैया सरकार ठेकेदारी में मुस्लिम आरक्षण का बिल आखिरकार शुक्रवार को शोर शराबे और हंगामे के बाद में राज्य विधानसभा में पारित कर दिया। मुख्य विपक्षी भाजपा के कड़े विरोध के बाद भी सरकार अपने फैसले और हौसले पर अडिग दिखी।सरकार निर्माण क्षेत्र में मुस्लिम ठेकेदारों के लिए चार फीसदी आरक्षण लागू करने का फैसला किया है। इसके लिए कर्नाटक ट्रांसपेरेंसी इन पब्लिक प्रोक्योरमेंट यानी केटीपीपी अधिनियम में संशोधन की गई है। यह प्रस्ताव सबसे पहले 2024 में चर्चा में आया जब सिद्धारमैया सरकार ने मुस्लिम समुदाय को ठेकेदारी में आरक्षण देने की संभावना पर विचार शुरू किया। मार्च 2025 में बजट पेश करते समय मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने इसकी आधिकारिक घोषणा किया था। सरकार का दावा है कि इस तरह के आरक्षण से सामाजिक-आर्थिक रूप से पिछड़े समुदायों को सशक्त करने और समावेशी विकास को बढ़ावा मिलेगा। जबकि सरकार की असली मंशा मुस्लिम वोटरों पर है। फिलहाल भजपा बिल के खिलाफ अदालत का रुख करेगी या आंदोलन के जरिए हिन्दुओं का ध्रुवीकरण करेगी यह वक्त बताएगा। सरकार इस कानून के जरिए मुस्लिम मतों का ध्रुवीकरण करना चाहती है। फिलहाल आम गरीब मुस्लमानों को इस कानून से कोई लाभ मिलने वाला नहीं है। क्योंकि किसी भी सरकारी टेंडर लेने के लिए अच्छी ख़ासी पूँजी होनी चाहिए। सरकार इस तरह का कानून लाकर एक तीर से कई निशाना साधना चाहती है। कांग्रेस को लेकर वह मुसलमानों में एक सहानुभूति पैदा करना चाहती है। दूसरी तरफ सरकार के बेहद करीबी संबंध रखने वाले दौलतमंद मुस्लिमों को बेहतर मौका देना चाहती है। मुस्लिम मतों को हमेशा अपने पाले में रखने के लिए यह तुष्टिकरण की सबसे उम्दा नीति है। जबकि यह संविधान विरोधी है। राज्य में मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी ने इसे संविधान के खिलाफ बताते हुए अदालत में जाने का फैसला किया है। भजपा का आरोप है कि संविधान में धर्म आधारित आरक्षण का विकल्प नहीं है। धार्मिक आधार पर आरक्षण दिए जाने का खुद बाबा साहब भीम राव आम्बेडकर ने विरोध किया था। आगरा में बौद्ध धर्म ग्रहण करने के बाद उन्होंने खुद कहा था कि धर्म परिवर्तन के बाद हमें अब आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा। भारतीय जनता पार्टी ने इसे कांग्रेस की तुष्टिकरण की राजनीति करार दिया है और दावा किया है कि

मुख्य विपक्षी भाजपा के कड़े विरोध के बाद भी सरकार अपने फैसले और हौसले पर अडिग दिखी।सरकार निर्माण क्षेत्र में मुस्लिम ठेकेदारों के लिए चार फीसदी आरक्षण लागू करने का फैसला किया है। इसके लिए कर्नाटक ट्रांसपेरेंसी इन पब्लिक प्रोक्योरमेंट यानी केटीपीपी अधिनियम में संशोधन की गई है। यह प्रस्ताव सबसे पहले 2024 में चर्चा में आया जब सिद्धारमैया सरकार ने मुस्लिम समुदाय को ठेकेदारी में आरक्षण देने की संभावना पर विचार शुरू किया। मार्च 2025 में बजट पेश करते समय मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने इसकी आधिकारिक घोषणा किया था। सरकार का दावा है कि इस तरह के आरक्षण से सामाजिक-आर्थिक रूप से पिछड़े समुदायों को सशक्त करने और समावेशी विकास को बढ़ावा मिलेगा।



यह संविधान के खिलाफ है, क्योंकि भारत का संविधान धर्म के आधार पर आरक्षण की अनुमति नहीं देता। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद और तेजस्वी सूर्या ने इसे असंवैधानिक और वोट-बैंक की रणनीति बताते हुए इसे दलित और पिछड़े वर्ग के हितों के खिलाफ बताया है। जबकि राज्य के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने साफ किया है कि यह आरक्षण केवल मुस्लिमों के लिए नहीं, बल्कि सभी अल्पसंख्यक और पिछड़े समुदायों के लिए है, हालांकि विवाद मुख्य रूप से मुस्लिम कोटा पर केंद्रित है। क्योंकि हमारे संविधान में धार्मिक आधार पर आरक्षण का कोई प्राविधान नहीं है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया इसे राज्य के सभी अल्पसंख्यक समुदाय ईसाई, जैन, सिख के लिए बेहतर बताया है, लेकिन मूल विवाद धार्मिक आधार को लेकर है। क्योंकि सरकार सभी अल्पसंख्यकों की बात भले करती हो, लेकिन उसकी सोच में सिर्फ मुस्लिम हैं। क्योंकि राज्य में तक़रीबन 13 फीसदी मुस्लिमों की आबादी है। सामाजिक संगठनों ने इस आरक्षण पर गंभीर चिंता जताते हुए कहा है कि इससे सामाजिक ध्रुवीकरण बढ़ सकता है। जबकि राज्य के मुसलमानों को ओबीसी श्रेणी के तहत आरक्षण का लाभ 1970 के दशक से मिल रहा है। कर्नाटक की राजनीति में अब यह बड़ा मुद्दा बन गया है, जिसमें सामाजिक न्याय, संवैधानिकता, और वोट-बैंक की लड़ाई आमने -सामने हो गईं है। कांग्रेस के लिए अहम सवाल यह है कि राहुल गाँधी देश भर में संविधान की किताब लेकर घूमते हैं। लोकसभा चुनाव में उन्होंने संविधान बचाओ का नारा दिया था। फिर कर्नाटक में उन्हें संविधान की लुटिया डूबती क्यों नहीं दिखती। वहां भी तो कांग्रेस सरकार है। फिर मुसलमानों के वोट के लिए दोहरे चरित्र की राजनीति कहाँ तक जायज है। हिन्दुओं की उपेक्षा और मुसलमनों को सिर आँखों पर बिठाने की राजनीति कांग्रेस को ले डूबी। वैसे राहुल गाँधी और कांग्रेस से कोई उम्मीद नहीं की जा सकती है। क्योंकि साल 2012 में उन्होंने खुद मुस्लिम आरक्षण की वकालत किया था। देश में मुसलमानों को खुश करने के लिए कांग्रेस जिस तरह की राजनीति कर रहीं है उससे फिरहाल उम्मीद भी नहीं दिखती कि वह दिल्ली की राजनीति में वापसी करेगी। तुष्टिकरण की राजनीति ने कांग्रेस को कहीं का नहीं छोड़ा। महागठबंधन बनाने के बाद भी कांग्रेस को कुछ हासिल नहीं हुआ। यह दीगर बात है कि लोकसभा में उसकी सीटें अधिक आयीं, लेकिन यह गठबंधन की वजह से हुआ। कर्नाटक में संविधान के खिलाफ धर्म के आधार पर मुस्लिम ठीकेदारों को सरकारी कामकाज में चार फीसदी आरक्षण का बिल पास हो गया, लेकिन राहुल गाँधी एक शब्द नहीं बोला। इस तरह की राजनीति कांग्रेस के पतन का एक और इतिहास लिखेगी। अगर धर्म के आधार पर धार्मिक अल्पसंख्यकों को सरकारी कामकाज में आरक्षण दिया जा रहा है तो हिन्दुओं को क्यों नहीं। कल दूसरे समुदाय के लोग भी इस तरह के आरक्षण की मांग करेंगे। बेगम एजाज रसूल ने संविधान सभा में धर्म के आधार पर मुस्लिम आरक्षण पर तीखा विरोध किया था। वह अकेली महिला थीं जिन्होंने इसका खुलकर विरोध किया। उन्होंने कहा था इस तरह के आरक्षण से मुसलमान, बहुसंख्यक समाज का विश्वास खो देगा। इसलिए ऐसे आरक्षण की कोई जरूरत नहीं है। यह आत्मघाती होगा और बहुसंख्यकों से अलग कर देगा।लेकिन आज हिंदू समाज के कथित हिमायती मुस्लिम आरक्षण की माला जप रहे हैं। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने बीते साल मार्च में शिक्षा और रोजगार में मुसलमानों के लिए चार फीसदी आरक्षण की वकालत किया था। साल 2014 में महाराष्ट्र की तत्कालीन काँग्रेस सरकार ने शिक्षा और नौकरी में पांच फीसदी आरक्षण का अध्यादेश पारित किया था। देश के पूर्व प्रधानमंत्री रहे मनमोहन सिंह ने अपने एक बयान में कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है। इससे कांग्रेस की सोच साफ हो जाती है। कर्नाटक की सिद्धारमैया सरकार तो मुसलमानों पर मेहरबन है। राज्य के बजट में अल्पसंख्यकों के विकास के लिए एक हजार करोड़ का विशेष प्राविधान किया है।

दृष्टि कोण

# खुदकुशी को न्यौता देते मानसिक विकास

'मन के जीते जीत है, मन के हारे हार', यह उक्ति न जाने कितने लोगों के जीवन में प्रेरणा की स्रोत रही होगी। न जाने कितने लोगों ने इन शब्दों को आत्मसात कर जीवन की कठिनाइयों का न केवल सामना किया है, अपितु उन पर विजय पताका लहराई होगी। आज के संदर्भ में न तो कोई शब्द न ही कोई उक्ति, न कोई मुहावरा अथवा लोकोक्ति प्रचलित है, या इनका उपयोग केवल परीक्षा पास करवाने के लिए पाठ्यक्रम का हिस्सा मान लिया गया है। जहां तक अध्ययन एवं अध्यापन का सवाल है, ये सदैव ही व्यावहारिक होने चाहिए। शिक्षा व्यक्ति के चरित्र व व्यक्तित्व में झलकनी चाहिए, तभी शिक्षा का मूल उद्देश्य सार्थक होता है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में आए दिन प्रदेश में खुदकुशी एवं आत्महत्या के समाचार विभिन्न माध्यमों से देखने या सुनने को मिलते हैं। खुदकुशी व आत्महत्या जैसे शब्दों के सुनने मात्र से डर की भावना सभी मनुष्यों में दस्तक देती है, फिर भी न जाने क्यों और कैसे जान बूझकर मौत के आगोश में चले जाते हैं, यह हम सभी के समक्ष चिंता का विषय है। मृत्यु अटल है, जिसका जन्म हुआ, उसकी मृत्यु निश्चित है, यह परम सत्य है। लेकिन जानबूझ कर मौत को गले लगाना उचित है, यह एक यक्ष प्रश्न है। प्रदेश में प्रत्येक आयु वर्ग के लोगों में खुदकुशी का भयानक सच देखने को मिलता है। आए दिन समाचार पत्रों में खुदकुशी की खबरें छपी नजर आती हैं। परीक्षा परिणाम में असफलता से खुदकुशी, पारिवारिक झगड़ों के कारण खुदकुशी, प्रेम प्रसंग विफलता से खुदकुशी, सामाजिक दबाव से खुदकुशी व उच्च अधिकारी के दबाव के कारण खुदकुशी सहित न जाने खुदकुशी के कितने प्रकार हैं। अगर इन प्रकारों को गिनते जाएं तो न जाने फेहरिस्त कितनी लंबी होगी। खुदकुशी शब्द वैसे सुनने में तो उतना भयावह नहीं क्योंकि जहां खुशी का जिक्र आए वहां कैसा डर, परन्तु वास्तविकता तथा इसके परिणाम विशेषतः पारिवारिक दृष्टिकोण से भयावह एवं पीड़ादायक होते हैं। एक ऐसी पीड़ा जिसका वर्णन अल्फाज में करना मुमकिन नहीं होता। खुदकुशी की यह पीड़ा व इसकी तस्वीर तब गंभीर होती है, जब समाज के प्रबुद्ध एवं हजारों के प्रेरणास्रोत व्यक्ति इस रास्ते को अपनाते हैं। कौन भूल पाया होगा स्वर्गीय श्री अश्वनी कुमार को जो पूर्व आईपीएस ऑफिसर व नागालैंड राज्य के राज्यपाल रहे। इसके अलावा भी वह अपने जीवन में न जाने कितने बड़े-बड़े पदों पर आसीन रहे हैं। ऐसे पद जिनको पाने के लिए व्यक्ति अपना सर्वस्व तक न्योछावर करने को तत्पर रहते हैं। ऐसी शख्सियत की खुदकुशी की खबर ने तो न जाने कितने लोगों को सोचने पर विवश किया होगा, कि मानसिक विकार के आगे पदवी एवं भोग-विलासिता का कोई महत्व नहीं। वहीं प्रदेश के मंडी लोकसभा क्षेत्र से सांसद रहे स्वर्गीय श्री रामस्वरूप शर्मा सहित प्रदेश के न जाने कितने प्रभुत्वशाली व्यक्तित्व मानसिक विकारों के चलते खुदकुशी जैसी कायराना हरकत को अंजाम दे गए। आए दिन नशे की लत में संलिप्त युवा भी खुदकुशी रूपी काल का ग्रास बनते जा रहे हैं। जब हम ऐसी घटनाओं पर मंथन करते हैं तो इनके पीछे मानसिक विकार स्पष्ट रूप से सामने आता है। देश-विदेश के अनेक शोध अध्ययन भी खुदकुशी के कारणों में मनोवैज्ञानिक विकारों को मुख्य कारण मानते हैं। वर्तमान में जहां एक ओर मानव जीवन विलासितापूर्ण है, वहीं मनुष्य कई प्रकार के मानसिक विकारों का शिकार है अथवा ग्रसित है। मानसिक विकार विभिन्न प्रकार के होते हैं। यद्यपि ये विकार व्यक्ति की आयु, लिंग एवं जीवन शैली के अनुसार पृथक-पृथक हो सकते हैं। चिंता विकार मुख्य सामान्य मानसिक विकार है तथा इसे मानसिक विकारों की जननी कहना भी उपयुक्त होगा। किसी ने क्या खूब कहा है कि 'चिंता, चिता का कारण है।' चिंता किसे नहीं होती, शायद ही ऐसा कोई व्यक्ति होता होगा जिसको चिंता न होती हो, लेकिन चिंता को अपने ऊपर हावी होने देना मानसिक विकार को उत्पन्न करता है। फलतः खुदकुशी का कारण बनती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार आज विश्व की लगभग 35 करोड़ जनसंख्या चिंता विकार की शिकार है। वहीं अवसाद जिसे डिप्रेशन कहते हैं, भी मानसिक विकार व रोग है जिसमें व्यक्ति को उदासी, निराशा व जीवन के प्रति रुचि की कमी महसूस होती है। अतः व्यक्ति का अपने प्रति यह उदासीन रवैया कभी-कभार खुदकुशी का कारण बनता है। द्विध्रुवी विकार भी एक मानसिक विकार है जिसमें व्यक्ति को अवसाद और उत्तेजना के बीच में बदलाव का अनुभव होता है। वहीं स्किजोफ्रेनिया मानसिक विकार में व्यक्ति को वास्तविकता की धारणा में गड़बड़ी का अनुभव होता है तथा उसी उधेड़बुन में व्यक्ति डूबा रहता है।

कुछ अलग

# साहब का नाच...

एसडीएम साहब खूब नाचे। समारोह सरकारी, मंच सरकारी और सामने गायक भी सरकारी था, इसलिए नाचना उनके अधिकार क्षेत्र में था। अधिकारी पर अधिकार और अधिकार पर अधिकारी के नियंत्रण का अक्सर उसके नाच से पता चलता है। वैसे आजकल अधिकारियों या प्रशासनिक अधिकारियों को खुद को वश में रखना कहां संभव है। वे जहां-तहां नाच सकते हैं, बशर्ते उन्हें बताया जाए कि कब नाचना, कहां नाचना और कितना नाचना है। अधिकारियों को यह श्रेय तो दिया जा सकता है कि कई बार ये नाच-नाच में कहीं से कहीं पहुंच गए। ये परवाह नहीं करते कि उनके नाचने की वजह क्या या अदा क्या थी। वैसे यह व्यक्ति जब तक एसडीएम नहीं बना था, नाच के सख्त खिलाफ था। सोचता था पद पर पहुंचते ही सारे फिजूल के नाच बंद कर देगा, लेकिन अब उसे खुद को साबित करने के लिए नाचना पड़ता है। होली समारोह के मुख्यातिथि मंत्री थे, इसलिए नाचा ताकि वह अपनी अंगुलियों का एहसास करते। वह अब विधायकों, मंत्रियों और मुख्यमंत्री तक की अंगुलियों को ही सुशासन मानता है। नेताओं की अंगुली उसके दायित्व को कहीं भी नचा सकती है। इसलिए वह देखते ही देखते कुशल नर्तक बन चुका है। वहां यूं तो हर अधिकारी नाच रहा है या नाच सकता है, यह दिखा रहा है, लेकिन उसने हुनर को अपनी तकदीर बना लिया। उसे कई बार शक हुआ कि वह नाचता नहीं, लेकिन जब उसके आगे नाचती हुई जनता भरोसा दिलाती है, तो यकीन हो जाता है कि दरअसल नाच-नाच में ही देश आगे सरक रहा है। कोई मस्जिद के आगे नाचे तो कोई हिंदू निकल आता है, नेता के आगे अधिकारी नाचे तो अव्वल निकल आता है। नाचने में हर जगह प्रतिस्पर्धा है, क्योंकि जहां नाचते वहीं मंच पैदा हो जाता है। विपक्ष ने सरकार को पूरी तरह घेर रखा था। आरोप था कि सत्ता पक्ष का आंगन पूरी तरह टेढ़ा है, इसलिए उनकी तरह इस सरकार में नाच मुकम्मल नहीं है। विपक्ष को आंगन की चिंता थी कि कहीं यह और टेढ़ा हो गया, तो सत्ता में लौट कर वे इन्हीं अधिकारियों को पहले की तरह नचाएंगे कैसे। वर्तमान मुख्यमंत्री ने विपक्षी आरोपों को खारिज करके अपने आंगन में सभी अधिकारियों को नचाया, लेकिन मन में विचार किया कि क्यों न इनके नाच में कुछ नया जोड़ा जाए। मुख्यमंत्री को चलाने वाले वरिष्ठ अधिकारी को पास बुलाकर कहा कि नाच में कुछ नया जोड़ो। अधिकारी ने अपने घुंघरू बजाते हुए कहा, 'हुजूर! यूं तो खजाना पूरी तरह खाली है, लेकिन कुछ चांदी के सिक्के बचे हैं। इनसे काम लायक घुंघरू बना कर अधिकारियों को पहना देते हैं।' सरकार ने मोहर लगे घुंघरू अधिकारियों को पहना दिए। अब बिना नाचे भी घुंघरू बजने लगे। जनता मंत्रमुग्ध हो गई। लोग अपने काम के लिए प्रशासन के पास जाते, लेकिन बजते घुंघरू सुनकर ही प्रसन्नता के भाव लिए लौट जाते। उन्हें खुशी है कि लोकतंत्र अब घुंघरू की तरह बजने लगा है। मुख्यमंत्री अब खुशी के लिए किसी भी अधिकारी को जनता के बीच नचा देते और जनता भी इस नाच को परंपराओं से जोडक़र अभिनंदन करती रहती। एक दिन जनता ने सुना कोई रात को भी घुंघरू बजा रहा है। उसे लगा अब तो सरकार रात को भी काम कर रही है, लेकिन घुंघरू सतर्क कर रहा था। लोग नींद में घरों से बाहर आए तो पता चला कि कोई किसान अपने बैलों को जोतने के लिए बचता-बचाता जा रहा था कि उनके गले से बंधे घुंघरू बज गए। सरकार को यह मंजूर नहीं था कि जनता बैलों और अधिकारियों के घुंघरुओं को एक ही अर्थ से सुनने लगे, अतः किसान के बैलों से घुंघरू हटाने का ऐलान हो गया।

देश दुनिया से

# गंभीर पहल से ही सुलझेगा मणिपुर संकट

ये सभी कदम एक साथ और जल्दी-जल्दी उठाए गए। लेकिन काफी वक्त से यह लंबित था। स्वयं भाजपा और राज्य में भाजपा सरकार उम्मीद के विपरीत आस लगाए हुए थी कि 3 मई, 2023 को राज्य में हिंसा शुरू होने के बाद से सरकार ने जो कमज़ोर कदम उठाए हैं, उनसे मामले सुलझ जाएंगे। बीच-बीच में कुछ समय के लिए शांति काल के अलावा लंबे समय तक टकराव अनवरत जारी रहा। इसके चलते मैतेई और कुकी जातियों के बीच संबंध बहुत तनावपूर्ण हो गए। समस्या कई अन्य कारणों से भी बढ़ गई, जिसके विभिन्न पहलुओं पर गंभीर प्रभाव पड़े। दो कारण भाजपा को ठोस कदम उठाने से रोक रहे थे : एक तो यह कि हम एक लोकतंत्र हैं, दूसरा यह कि राज्य में भी सत्ता उसी दल के पास थी, जिसकी केंद्र में सरकार है। ऐसे राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाना पार्टी के लिए शर्मिंदगी की वजह बनता क्योंकि इसका मतलब होगा कि खुद अपनी ही पार्टी की सरकार के कामकाज पर सवाल उठना। इसके अलावा, पार्टी को ऐसा उत्तराधिकारी मुख्यमंत्री नहीं मिल पाया जो सभी को स्वीकार्य हो। हालांकि, सत्तारूढ़ पार्टी ने अब कड़वा घूंट पीना तय कर लिया है। देर आयद... दुरुस्त आयद! भविष्य की ओर देखते हुए, बहुत काम किए जाने की जरूरत है। सबसे पहले, समस्या की उत्पत्ति को देखें ताकि इससे निपटने में मदद मिल सके। म्यांमार में सैन्य शासन यानी जुंटा का अपने देश के संपूर्ण भूभाग पर, खासकर मणिपुर सीमा से लगते इलाके पर पूरी तरह नियंत्रण नहीं है। इन क्षेत्रों में कई समूह अपनी सरकार से युद्धरत हैं और यहां तक कि कुछ इलाका उनके अधीन भी है। इसके अलावा, हिंसा के कारण, गोल्डन ट्राइंगल नाम से कुख्यात अंतर्राष्ट्रीय ड्रग व्यापार रूट पर, मुख्य रूप से मोरेह शहर और मणिपुर के क्षेत्र से होकर गुजरने वाला, असर हो रहा था क्योंकि म्यांमार में अफीम की खेती के अंतर्गत



आने वाले क्षेत्रों में कमी आई थी या विस्तार नहीं हो पाया था। कई कुकी और संबंधित जनजातियां अपने स्थानीय रिश्तेदारों की मदद से मणिपुर में, मुख्य रूप से कुकी बहुल चूड़ाचांदपुर क्षेत्र में आन बसे और उन्होंने मणिपुर में भी अफीम उगाना शुरू कर दिया। स्थानीय लोग भी इस मुनाफेदार खेती में उनके साथ लग गए। जब यह बात राज्य सरकार के संज्ञान में आई, तो अवैध अप्रवासियों की पहचान करने के लिए कार्रवाई की गई। स्थानीय लोग,जिसकी पीठ पर बहुत अमीर एवं ताकतवर अंतर्राष्ट्रीय ड्रग माफिया का हाथ था,इस कार्रवाई का विरोध करने लगे। वे सरकार को पीछे हटने को मजबूर करना चाहते थे। उनके सौभाग्य से -और राज्य के दुर्भाग्य से- मैतेइयों को अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिए जाने वाली याचिका पर, मणिपुर उच्च न्यायालय द्वारा आए आदेश की गलत व्याख्या ने परेशानी पैदा करने का एक कारण प्रदान किया। 27 मार्च, 2023 को जारी इस आदेश में कहा गया था :'राज्य में मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने के लिए याचिकाकर्ताओं के मामले पर शीघ्रता से विचार किया जाना चाहिए...'। इसमें केवल याचिका पर विचार करने के लिए आदेश था, न कि मैतेइयों को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने के लिए। लेकिन कुकियों ने जानबूझकर इसे गलत ढंग से प्रस्तुत किया, यह कहते हुए कि मैतेइयों को एसटी का दर्जा दे दिया गया है। हालांकि बाद में उच्च न्यायालय ने इस पैराग्राफ को हटा दिया, लेकिन तब तक नुकसान हो चुका था। दोनों पक्षों ने रैलियां निकालनी शुरू कर दीं, कुछ हिंसा भी भड़की और दोनों समुदायों द्वारा नाकेबंदी और जवाबी नाकेबंदी होने लगी। मैतेई बहुल घाटी में और कुकी एवं अन्य संबंधित जनजाति बहुल पहाड़ी इलाके में। स्थिति बदतर होती चली गई। हालात इतने खराब हो गए कि घाटी के लोग चुड़ाचांदपुर नहीं जा सकते थे और इसके विपरीत चूड़ाचांदपुर वाले घाटी में नहीं आ सकते। कुकियों ने एक अलग प्रशासन की मांग की। वे नहीं चाहते थे कि मैतेई लोगों को एसटी का दर्जा मिले क्योंकि उन्हें लगा कि इससे न केवल उनकी नौकरी का कोटा प्रभावित होगा बल्कि मैतेई लोग वैध तरीके से पहाड़ियों में जमीन भी खरीद सकेंगे। इसलिए, दोनों समुदायों के बीच एक तरह से पूर्ण पैमाने पर जातीय संघर्ष छिड़ गया, जिसमें हिंसा के कारण जान-माल का नुकसान हुआ और दोनों पक्षों के लोगों को विस्थापित होना पड़ा। आरोप है कि ड्रग माफिया ने अपनी मोटी जेबों के दम पर इस स्थिति को और बिगाड़ने में अहम भूमिका निभाई है। जल्द ही, सरकार और उसकी मशीनरी तक भी हिंसा का असर हो गया। दुर्भाग्यवश, दोनों समुदायों के बीच इस तरह का दोफाड़ कुछ हद तक पुलिस सहित सरकारी अमले में भी फैल गया। इसने स्थिति को और खराब कर दिया। अपराधी और निष्क्रिय पड़े विद्रोही समूह भी इस लड़ाई में कूद पड़े और इसका नतीजा यह हुआ कि सरकारी मशीनरी पूरी तरह चरमरा गई। पुलिस स्टेशनों और शस्त्रागारों पर भी हमला किया गया और 5,000 से अधिक हथियार लूट लिए गए। यह भी आरोप है कि पुलिस ने डरकर या मिलीभगत के कारण कई हथियार सौंपे। अवांछनीय तत्वों और हिंसक समूहों के हाथों में इतनी बड़ी संख्या में हथियार राज्य के लिए एक बड़ा खतरा हैं। इनमें से बमुश्किल एक-चौथाई हथियार ही बरामद हो पाए हैं। हालात और बदतर बने जब कुकी समूह हिंसा फैलाने के लिए ड्रोन तक का इस्तेमाल करने लगे। जाहिर है, उन्हें बहुत मदद हासिल है। चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे देशों के इस क्षेत्र में अपने निहित स्वार्थ हैं और उन्होंने दूसरों की लड़ाई में अपने लिए मौका पाया है। म्यांमार की स्थिति भी एक बड़ा कारक है। सरकार ने प्रतिक्रिया में और अधिक सैन्य बल भेजे हैं, लेकिन स्थिति पूरी तरह से उसके नियंत्रण में नहीं है। इसलिए, अब राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद संबंधित अधिकारियों के लिए काम करना आसान हो जाएगा। उनकी प्राथमिकता हिंसा को रोकना और लुटे हथियारों को वापस लेना होना चाहिए। एक साथ बहुत सारे काम करने की जरूरत है। मुख्य कार्यों में मामलों की जांच करना, राज्य की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाना, समुदायों के बीच सद्भाव और शांति बहाली, विस्थापितों का पुनर्वास, अवैध अप्रवासियों से निबटना, निष्पक्ष पुलिस और नौकरशाही बनाना, अवैध प्रवास और ड्रग्स और हथियारों की तस्करी रोकने के लिए म्यांमार के साथ लगती सीमा सील करना, दूसरे देशों के मंसूबों को विफल करना और राजनीतिक प्रक्रिया बहाल करना शामिल है।

आप का नजरिया

# शर्तिया इलाज

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शर्तिया इलाज की तारीख तय कर दी है और इस तरह अगला पूरा साल हिमाचल की स्वास्थ्य सेवाओं को समर्पित रहेगा। यह परीक्षा कठिन नहीं है, लेकिन इसे अमलीजामा पहनाने के लिए दृढ़ प्रतिज्ञ होना पड़ेगा। मुख्यमंत्री तमाम मेडिकल कालेजों को विश्व स्तरीय खाके में मजबूत करने का वादा करते हैं और इन्हें एम्स के मानकों में ढालने की वचनबद्धता से मशहूर करना चाहते है। मरीज तो आज भी तेरे दर पे आते हैं, मुश्किल यह कि मर्ज यहां मर्ज बनकर रह जाती। मुश्किल यह जानना नहीं कि कितने मरीज हर दिन हिमाचल से निकल कर बाहरी राज्यों में अपनी सेहत का हवाला देते हैं। यहां चिकित्सा की पूरी पद्धति आगे से आगे धकेल रही है। डिस्पेंसरी से अपना सफर शुरू करके मरीज मेडिकल कालेजों की असमर्थता में कहीं बाहर निकल जाता है। किसी भी अस्पताल के लिए बड़ी मशीनें खरीदी जा सकती हैं, लेकिन मशीन उपचार नहीं करती। उपचार तो नियमित रूप से चिकित्सा सेवाओं की प्रतिष्ठा में निहित है। हुआ यह कि जिस शहर में मेडिकल कालेज बन गए, वहां चिकित्सा की परिक्रमा में निजी अस्पताल बढ़ गए। ये निजी चिकित्सा संस्थान सहारा हैं या सरकारी चिकित्सा संस्थानों को बेसहारा कर रहे हैं। चिकित्सा अब सेवा नहीं एक व्यापक धंधा है, जहां हर मरीज पर शिकारी निगाह है। पूरी चिकित्सा व्यवस्था को सुधारने की जरूरत है। हमारे पास सुविधाएं आज भी कम नहीं और न ही दक्ष एवं विशेषज्ञ डाक्टरों की कमी है, लेकिन छोटे से छोटे इलाज में भी कसरतें मेडिकल कालेज को करनी पड़ रही हैं। सारे के सारे मेडिकल कालेज एक ही दिशा में भाग रहे हैं। जहां मेडिकल कालेज हैं, वही क्षेत्रीय व जोनल अस्पताल भी खड़े हैं। चिकित्सा विभाग के ढांचे, संस्थानों के वर्गीकरण और भौगोलिक आवश्यकताओं के सांचे को अलग-अलग पैमानों से तरजीह देते हुए इनकी प्रासंगिकता बढ़ानी होगी। इन तमाम मेडिकल कालेजों की स्थापना ने पहले से कार्यरत कई चिकित्सा संस्थानों को बुरी तरह घायल करके एक तरह से अप्रासंगिक बना दिया है। जहां कैडर बड़ा, लेकिन उसका दायरा छोटा हो गया। आधे से ज्यादा चिकित्सा विभाग मेडिकल कालेजों में तशरीफ रखने लगा है, नतीजतन जिला स्तरीय सेवाएं भी बिगड़ गईं। उदाहरण के लिए टांडा मेडिकल कालेज की कीमत धर्मशाला के जोनल अस्पताल को आज भी चुकानी पड़ती है। यहां पंद्रह साल पहले के स्वीकृत पद आज भी अगर मेडिकल कालेज की भेंट हो रहे हैं, तो यह तस्वीर व्यवस्थागत है। अगर टीएमसी की अनावश्यक ओपीडी विभक्त होकर इसके आसपास के सिविल व जोनल अस्पताल में बंट जाए, तो उन्नत उपचार के मायने बदल जाएंगे। आश्चर्य यह कि इमरजेंसी के मायने क्षेत्रीय एवं जोनल अस्पतालों से बिगड़ कर मेडिकल कालेजों का भी नमक हराम कर रहे हैं। सरकार चिकित्सा संस्थानों से यह हिसाब तो ले कि हर दिन हिमाचल से बाहर कितने केस रैफर होते हैं, तो मालूम हो जाएगा कि हमारे बीच संवेदना कितनी बची है। अगर चिकित्सा सेवाओं को बेहतर व सक्षम बनाना है, तो रोग निष्पादन की औसत में सुधार का दैनिक ऑडिट होना चाहिए। हिमाचल में मेडिकल जरूरतें निरंतर बदल रही हैं और इसी वजह से निजी अस्पतालों का नेटवर्क सशक्त हो रहा है।

## आज का राशिफल

**मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ**

आज आप को अतिरिक्त जिम्मेदारी उठानी पडेगी तभी सारे काम पूरे होंगे । विद्यार्थियों को सफलता मिलेगी। आमदनी बढ़ेगी। काम के सिलसिले में अपने चतुराई का प्रयोग करना सराहनीय कदम होगा । व्यवसायिक की दिक्कतों से आप कुछ चिंतित हो सकते हैं।वैवाहिक जीवन के लिए समय अच्छा रहेगा। युवा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुटेंगे। आर्थिक हालात ठीक रहेगी। संतान पक्ष को सफलता मिलेगी। नई योजना बनेगी। दाम्पत्य जीवन ठीक रहेगा। आज निवेश करने से लाभ जरूर बनेगा ।

**वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो**

आज के दिन दिक्कतें जरूर बन सकती हैं । आपको चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। धीरज के साथ सभी जिम्मेदारियों को पूरा करने का प्रयास करें।। तनाव पर नियंत्रण रखें। जीवनसाथी की सलाह नजरअंदाज ना करें। वाहन चलाते समय लापरवाही न बरतें। किसी से अनबन हो सकती है। वाणी पर नियंत्रण रखें। कारोबार में लाभ होने की संभावना है।। प्रेम संबंधों में मजबूती आएगी। सेहत ठीक रहेगी। किसी काम को पूरा करने में अनुभवी लोगों की सलाह आपके लिए लाभकारी होगी। यात्रा पर जा सकते हैं। धन लाभ का अवसर मिलेंगे। आज युवाओं की बेरोजगारी दूर हो सकती है।

**मिथुन – क,कि,कृ,घ,ड़,छ,के,को,ह**

आज बगैर पूछे किसी को मशवरा नही देना। कुछ नए काम को शुरू कर सकते हैं। शासकीय कार्य पूरे होंगे। विद्यार्थियों का आज पढ़ाई में मन नहीं लगेगा।बिना सोचे समझे कोई काम न करें। निवेश की स्थिति ठीक नहीं है। कर्ज से मुक्ति मिल सकती है। रिश्तेदारों से आपको सहयोग मिलेगा। सामाजिक कार्य में हिस्सा लेंगे। वैवाहिक जीवन में मधुरता बनी रहेगी। सेहत को लेकर लापरवाही न करें। आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। दूसरों की सहायता मिलेगी। विरोधियों के चलते आपके कुछ काम प्रभावित होंगा । पारिवारिक जिम्मेदारी पूरे करेंगे।

**कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो**

आप शादी उम्र के योग्य है तो रिश्ता हो सकता हैं । नया काम शुरू कर सकते हैं।मानसिक रूप से मजबूत रहेंगे। रिश्तेदारों से कोई अच्छी खबर आ सकती है। नए प्रोजेक्ट से लाभ होगा। मित्रों के साथ पार्टी का आयोजन कर सकते हैं। छात्रों की दिक्कतें दूर होगी। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति से मुलाकात का मौका मिलेगा। जीवनसाथी को घुमाने ले जा सकते हैं। आज का दिन बेहद सुखद रहेगा। आज अपने खर्च पर नियंत्रण रख पाएंगे। आज आप नौकरी बदले का मन कर रहे हैं तो बढीया समय है कोशिश सफल होगी ।

**सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे**

आज लक्ष्मी जी को रक्त पुष्प अर्पित करें कर्ज मुक्त होंगे । धन लाभ होगा। स्वास्थ्य में सुधार आएगा। आर्थिक स्थिति सुधरेगी। सामाजिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार के सिलसिले में ज्यादातर किए गए प्रयास सफल रहेंगे। जीवनसाथी के साथ मतभेद हो सकते हैं। कारोबारी यात्रा सफल रहेगी। आपकी सेहत में सुधार देखने को मिलेगा। आज आप खुश रहेंगे। किसी से मुलाकात होगी। मित्रों साथ इंजाय कर सकते हैं। जोखिम से जुड़े कार्यों को टालें। खानपान को नियंत्रित रखना होगा। तनाव दूर होने की संभावना है। भोजन सुपाच्य करें सेहत ठीक रहेगी।

**कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो**

आज ईष्टदेव का मंत्र स्मरण जप करें किस्मत का साथ मिलेगा।। कारोबार को लेकर नई योजना बनाने के लिए आज का दिन अच्छा है। दिनभर कार्य की व्यस्तता के चलते तनाव हो सकता है। युवाओं के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। शादीशुदा लोगों को घूमने जाने का अवसर मिलेगा। गैरजरूरी खर्च पर नियंत्रण रख पाएंगे। खर्च में कमी आएगी। लव कपल के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। ऑफिस का माहौल सकारात्मक रहेगा। बुजुर्गों के अनुभव का लाभ मिलेगा। कार्यस्थल पर नए मौके मिलेंगे। छात्र नये कोर्स पर ध्यान केन्द्रित कर सकते हैं ।

**तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते**

आज धन का निवेश करें कारोबार में प्रगति होगी। दोस्तो और रिश्तेदारों से मुलाकात होगी। ऑफिस में आपका काम की सराहना होगी। छात्रों को फायदा होगा। आज धन लाभ होने की संभावना है। आपके शत्रु शांत रहेंगे। परिवार के सदस्यों से किसी बात को लेकर विवाद हो सकता है। आज आप अपनी मेहनत से अपनी हर दिक्कत को आसान कर लेगे। वाहन चलाते समय सतर्क रहें। धार्मिक कार्यों में हिस्सा लेंगे। दाम्पत्य जीवन मे सामंजस्य के कारण सुख–समृद्धि में बढोतरी होगी ।

**वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू**

आप को सकारात्मक रहने की जरुरत है आप सरकारी नौकरी मे है तो दिक्कतें आएगी फिर भी आप में जोश देखने को मिलेगा । आपकी कार्यक्षेत्र में सराहना होगी। दिन की शुरुआत सामान्य होगी। व्यवसाय में उतार चढ़ाव बना रहेगा। संतान पक्ष को लेकर कुछ दिक्कत हो सकती है। जीवनसाथी के साथ मधुर संबंध रहेंगे। कई लोगों से मुलाकात होगी। रिश्तेदारों एवं मित्रों पर धन खर्च होगा। आज किसी की बातों मे आकर नया काम शुरू न करें। छात्रों के लिए दिन सफल रहेगा ।

**धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे**

आज मन मे उत्साह और उल्लास रहेगा आप बेहद खुश रहेंगे। आपका भाग्य प्रबल रहेगा। कार्य क्षेत्र में शुभ फलों की प्राप्ति होगी। आज आप खूब आनंद उठाएंगे, लेकिन बेहतर यही होगा कि सुबह कुछ समय निकालकर अपने कल के शेष कार्यों को पूरा कर लें। आप गलतफहमी के शिकार हो सकते हैं। तनाव न लें। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा हैं। परीक्षा में कामयाबी मिल सकती है। परिवार के किसी सदस्य की मदद करेंगे। धार्मिक कार्यों में रूचि बढेगी। अपने को शान्त रखें क्रोध पर नियंत्रण रखना आप की तरक्की के रास्ते खोलेगा ।

**मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि**

आज कुछ तनाव रहेगा परिस्थियां आपके अनुकूल नही होगी इसलिए परेशानियों का सामना करना पड सकता हैं। सेहत को लेकर सावधान रहने की जरूरत है। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा । किस्मत का साथ मिलेगा। माता–पिता की सेवा करना शुभ फल देगा। खानपान पर नियंत्रण रखें। मित्रों की मदद से आपके कई काम पूरे होंगे। जीवनसाथी की सेहत को लेकर चिंतित रह सकते हैं। परिवार के साथ समय बिताएं। मन में नकारात्मक विचार न आने दे। ईश्वर की आराधना करने से मानसिक शांति मिलेगी ।

**कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द**

आज स्वभाव मे तेजी होगी क्रोध हावी रहेगा चिड़चिड़ापन बनेगा जिसके कारण किसी से आपका विवाद हो सकता है। काफी दिनों के बाद किसी परिचित व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है। आज का दिन आपकी सेहत के लिहाज से काफी अच्छा है। कारोबार के सिलसिले में आज यात्रा कर सकते हैं। रिश्तेदारों से सुखद सूचना मिल सकती है। धन लाभ होने की संभावना है। आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। आज आपको किस्मत का साथ मिलेगा। परिवार को पूरा समय दें सब कुछ अनुकूल होगा ।

**मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची**

आज व्यापार मे लेनदेन मे निवेश के हिसाब से दिन बहतर हैं व्यवसाय में आज उम्मीद से अधिक लाभ होगा। बातचीत करने के दौरान सावधान रहें। आपको शुभ फलों की प्राप्ति होगी। आलस्य ज्यादा रहेगा। आज शासकीय कार्य पूरे कर पाएंगे। युवाओं को नए मौके मिलेंगे। ऋण से मुक्ति मिलेगी। शिक्षा के क्षेत्र में आशाजनक परिणाम नहीं मिलेंगे। आप दूसरों की देखभाल में आपका समय बीतेगा। संतान पक्ष से आपको खुशखबरी मिलेगी। रिश्ते की सूचना मिलेगी। दफ्तर में किसी सहयोगी से अनबन की आशंका है। कन्या को खीर का भोग रखे।

## मंगलवार का पंचांग

दिनांक : 25 मार्च 2025, मंगलवार
विक्रम संवत : 2081
मास : चैत्र,कृष्ण पक्ष
तिथि : एकादशी रात्रि 03:48 तक
नक्षत्र : श्रवण रात्रि 03:50 तक
योग : शिव दोपहर 02:52 तक
करण : बव सायं 04:34 तक
चन्द्रराशि : मकर
सूर्योदय : 06:16 , सूर्यास्त 06:27 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 06:20 , सूर्यास्त 06:30 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 06:13 , सूर्यास्त 06:23 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 06:07 , सूर्यास्त 06:19 ( विजयवाडा )

**शुभ चौघड़िया**
अमृत : 06:00 से 07:30
शुभ : 09:00 से 10:30
चल : 01:30 से 03:00
लाभ : 03:00 से 04:30
अमृत : 04:30 से 06:00
राहुकाल : प्रातः 07:30 से 09:00
दिशाशूल : पूर्व दिशा
उपाय : दही धनिया खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष :– भद्रा सायं 05:28 से रात्रि 05:06 तक , खरमास चालू है।

* पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें *
पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)

हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com

# रबी खरीद विपणन सीजन की तैयारियों को लेकर सैनी ने समीक्षा बैठक की



**चंडीगढ़,24 मार्च (एजेंसियां)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रबी विपणन सीजन 2025-26 के लिए गेंहू, सरसों, जौ, चना, मसूर व सूरजमुखी की खरीद करने वाली सभी चारों खरीद एंजेंसियों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समय रहते सभी आवश्यक प्रबंध पूरे कर लें, ताकि किसानों को मंडियों में फसले बेचने में दिक्कत न आए। इस बार गेहूं की बंपर पैदावार होने का अनुमान है। इसलिए मंडियों में गेहूं खरीद के लिए पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। मुख्यमंत्री ने मार्केटिंग बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिए की भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर मंडियो में खाली पड़े स्थानों पर बड़े शैडों का निर्माण किया जाए।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज रबी खरीद विपणन सीजन 2025-26 की तैयारियों को लेकर चंडीगढ़ सेक्टर-3 स्थित हरियाणा निवास में बुलाई गई समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में मुख्यमंत्री को इस बात से अवगत करवाया कि रबी की फसलों की खाद्य, आपूर्ति नागरिक उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा 30 प्रतिशत, हैफेड द्वारा 40 प्रतिशत, हरियाणा राज्य भंडारण निगम द्वारा 20 प्रतिशत तथा भारतीय खाद्य निगम द्वारा 10 प्रतिशत की खरीद की जानी है। इस बार एजेंसियों ने गेहूं खरीद का लक्ष्य 75 लाख मीट्रिक टन रखा है। सरसों की खरीद 15 मार्च से और मसूर की खरीद 20 मार्च से आरंभ हो चुकी है। यह खरीद एक मई तक चलेगी। इसी प्रकार से गेहूं, जौ और चने की खरीद भी एक अप्रैल से आरंभ की जाएगी जबकि सूरजमुखी की खरीद 1 जून से आरंभ होगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पायलट प्रोजेक्ट के आधार पर रबी फसलों की खरीद अवधि को 15 से 20 दिन जारी रखने का कार्यक्रम बनाया जाए, ताकि किसानों को फसल बेचने में असुविधा न हो। बैठक में जानकारी दी गई कि वित्त विभाग/भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रबी खरीद विपणन सीजन 2025-26 के लिए 6653.44 करोड़ रुपये की कैश क्रैडिट लिमिट पहले ही स्वीकृत की जा चुकी है। इसके अलावा बैंकर्स को भी ध्यान रखना होगा कि मंडियों से निकासी गेट पास जारी होने के 48 से 72 घटों में किसानों के खाते में सीधा भुगतान करने की सरकार की प्रतिबद्धता को कायम रखा जाए। बैठक में बताया कि हरियाणा देश में गेहूं उत्पादन में दूसरे स्थान पर है और लगभग 25 प्रतिशत गेहूं केंद्रीय पुल में हरियाणा देता है।

## एक मजबूत संगठन के आधार पर ही बनती हैं सरकारें :बड़ौली

**चंडीगढ़,24 मार्च (एजेंसियां)।** आगामी कार्यक्रमों की योजना रचना को लेकर सोमवार को गुरुग्राम स्थित पार्टी कार्यालय गुरुकमल में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली की अध्यक्षता में संगठनात्मक बैठक हुई। इस मौके पर विशेष रूप से राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया और कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह मौजूद रहे। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 अप्रैल को हरियाणा आएंगे और हिसार एयरपोर्ट का उद्घाटन करेंगे, इसके अलावा प्रधानमंत्री का एक और कार्यक्रम होगा। आगामी कार्यक्रमों के बोलते हुए उन्होंने कहा कि दो और तीन अप्रैल को समालखा में कार्यशाला होगी जिसमें सभी जिलों के अध्यक्ष और मंडल अध्यक्ष शामिल रहेंगे।

## हरियाणा के 62 निकायों में सामने आई 1400 करोड़ की गड़बड़ी : सैलजा

**चंडीगढ़,24 मार्च (एजेंसियां)।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि एक ओर प्रदेश की भाजपा सरकार का दावा है कि उसने भ्रष्टाचार पर काबू पाया है जबकि हालात इसके उलट है, भ्रष्टाचार कम होने के बजाए बढ़ रहा है। स्थानीय निकाय तो भ्रष्टाचार की खान बन चुके है जहां पर एक भी काम ऐसा नहीं है जो बिना भ्रष्टाचार के हो जाए। अभी तक नव निर्वाचित मेयर, चेयरमैन ने शपथ भी नहीं ली है कि प्रदेश के 62 निकायों में 1400 करोड़ रुपये की गड़बड़ी सामने आई है। अधिकारियों ने कामकाज के लिए एडवांस तो लिया पर उसे कहां खर्च किया गया, इसका कोई हिसाब या सबूत नहीं दिया गया है, सबसे ज्यादा गड़बड़ी गुरुग्राम में सामने आई है।

मीडिया को जारी बयान में सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि स्थानीय निकाय में सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार है, हर कागज और हर काम से भ्रष्टाचार की बू आती है क्योंकि भ्रष्टाचार हुआ है। अनेक घोटाले सामने आए पर किसी को सजा तक नहीं मिली, भ्रष्टाचार सामने आने के बाद आरोपी को बचाने की कवायद शुरू हो जाती है। प्रदेश में नए मेयरों के पद संभालने से पहले 10 नगर निगमों समेत 62 निकायों में करीब 1400 करोड़ की टेंपरेरी एडवांस में गड़बड़ी सामने आई है। यह गड़बड़ी किसी जांच एजेंसी ने नहीं बल्कि विधानसभा की कमेटी ने पकड़ी है।

**हरियाणा में विकास की नई उड़ान**

# पीएम मोदी 14 अप्रैल को रखेंगे महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शिलान्यास

**चंडीगढ़,24 मार्च (एजेंसियां)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने घोषणा की है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 अप्रैल को हरियाणा के दौरे पर रहेंगे। इस दिन वे भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती के राज्य स्तरीय समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। इस दौरे के दौरान प्रधानमंत्री हरियाणा में दो बड़ी विकास परियोजनाओं का शिलान्यास भी करेंगे, जिससे राज्य के ऊर्जा और विमानन क्षेत्र में नई संभावनाएं पैदा होंगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दीनबंधु चौधरी छोटू राम थर्मल पावर प्लांट की 800 मेगावाट की नई इकाई का शिलान्यास करेंगे। यह परियोजना मौजूदा 2÷300 मेगावाट संयंत्र के विस्तार का हिस्सा है। इस पावर प्लांट पर 7272 करोड़ रुपये की लागत आएगी। परियोजना को पूरा करने के लिए 52 महीने का लक्ष्य रखा गया है, जबकि 48 महीने के भीतर



वाणिज्यिक परिचालन शुरू करने की योजना है। इस नई इकाई से हरियाणा की घरेलू बिजली उत्पादन क्षमता 3382 मेगावाट तक पहुंच जाएगी। यह परियोजना हरियाणा में बिजली आपूर्ति की स्थिति को मजबूत करेगी और औद्योगिक तथा घरेलू जरूरतों को पूरा करने में मदद करेगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिसार में महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे से हवाई सेवाओं का भी शुभारंभ करेंगे। इससे हरियाणा में हवाई संपर्क को नया आयाम मिलेगा और व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। हिसार को एकीकृत विमान हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस परियोजना के तहत 4200 एकड़ में हवाई अड्डा तथा 3000 एकड़ में एकीकृत विनिर्माण क्लस्टर स्थापित किया जा रहा है।

हवाई अड्डे का विकास तीन चरणों में किया जाएगा, जिसमें से पहले चरण का कार्य पूरा हो चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह यात्रा हरियाणा में बुनियादी ढांचे और ऊर्जा क्षेत्र में नई क्रांति लाएगी। बिजली संयंत्र से जहां राज्य की ऊर्जा जरूरतें पूरी होंगी, वहीं हिसार हवाई अड्डा व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा देगा। हरियाणा सरकार और केंद्र सरकार के इस संयुक्त प्रयास से राज्य में विकास की नई संभावनाएं पैदा होंगी और जनता को बड़े पैमाने पर लाभ मिलेगा।

# साहस और सामर्थ्य को मेरा नमन, मुझे गर्व है कि मैं भी एक सैनिक की पुत्री हूं : दिया कुमारी



**जयपुर,24 मार्च (एजेंसियां)।** उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सोमवार को मिलिट्री स्टेशन में सप्त शक्ति कमांड द्वारा आयोजित 'वीर नारी एवं वीरांगना मिलन समारोह' में सम्मिलित होकर देश की रक्षा में अपना सर्वस्व अर्पण करने वाले देश के वीर जवानों की वीरांगनाओं को सम्मानित कर राष्ट्रहित में उनके त्याग एवं बलिदान को नमन किया।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान में वीरांगनाओं की समृद्ध विरासत है और यहां 11,443 वीर नारियां है। समारोह में जयपुर, दौसा और अलवर जिलों से 67 वीर नारियों ने भाग लिया। इनके अलावा वीरांगनाएं, भूतपूर्व सैनिक, सेवारत सैनिक और उनके परिवार भी समारोह में शामिल हुए। उपमुख्यमंत्री ने राष्ट्र निर्माण में उनके अपार बलिदान और निस्वार्थ योगदान को याद करते हुए वीर नारियों को सम्मानित किया। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने अपने संबोधन में निस्वार्थ सेवा, समर्पण और वीरता के लिए सैनिकों और गौरव सेनानियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने वीर नारियों द्वारा अपने परिवारों और समाज के लिए शक्ति का स्तंभ बनने में दिए गए समर्थन और महत्वपूर्ण भूमिका को भी स्वीकार किया। उपमुख्यमंत्री ने महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल विकास और वीर नारियों और गौरव सेनानियों के कल्याण के लिए सप्त शक्ति कमान द्वारा किए गए प्रयासों की भी सराहना की। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार गौरव सेनानियों, वीर नारियों और वीरांगनाओं के कल्याण और विकास को सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास करने के लिए तैयार है।

उन्होंने समाज और राष्ट्र हेतु अमूल्य योगदान के लिए वीर नारियों, वीरांगनाओं और गौरव सेनानियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम न केवल शहीदों के परिवारों के प्रति सम्मान को बढ़ावा देते हैं, बल्कि समाज में राष्ट्रीय सेवा और बलिदान के महत्व को भी उजागर करते हैं।

**जेल प्रहरी भर्ती परीक्षा 2018**

## टीसीएस के प्रोजेक्ट मैनेजर ने लीक किया पेपर, 60 लाख की डील!

**जयपुर,24 मार्च (एजेंसियां)।** जेल प्रहरी भर्ती परीक्षा 2018 पेपर लीक मामले में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। परीक्षा आयोजित करने वाली कंपनी टीसीएस के प्रोजेक्ट मैनेजर ने ही परीक्षा से पहले पेपर लीक किया था। इस मामले में एसओजी ने प्रोजेक्ट मैनेजर जगजीत सिंह सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

एटीएस-एसओजी के एडीजी वीके सिंह ने मीडिया को बताया कि यह परीक्षा आयोजित करने का जिम्मा टीसीएस कंपनी को दिया गया था, और कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर जगजीत सिंह ने पेपर लीक किया था। एसओजी ने प्रोजेक्ट मैनेजर जगजीत सिंह और उसके सहयोगी करन कुमार को गिरफ्तार किया है। अनुमान है कि पेपर लीक के लिए करीब 60 लाख रुपए की डील हुई थी।

एडीजी वीके सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी जगजीत सिंह टीसीएस कंपनी में प्रोजेक्ट मैनेजर है। एसओजी ने पहले आरोपी संदीप कांदियान को गिरफ्तार किया था, जिसकी पूछताछ में करण कुमार का नाम सामने आया। करण कुमार ने पूछताछ में बताया कि उसे जगजीत सिंह ने पेपर उपलब्ध कराया था। जगजीत सिंह को नोएडा से गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि जेल प्रहरी भर्ती परीक्षा अक्टूबर 2018 में आयोजित की गई थी।

# सैकड़ों लोगों ने जन्मकुडली से जाना अपना भविष्य




**जोधपुर,24 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** नक्षत्रलोक ज्योतिष विज्ञान शोध संस्थान द्वारा निःशुल्क ज्योतिष परामर्श शिविर सैकड़ो जातको ने पधारकर कुंडली द्वारा अपना भविष्य जाना। संस्थान के अध्यक्ष पं अभिषेक जोशी ने राज ज्योतिष पंडित बाबुलाल जी जोशी की पुण्य स्मृति मे शक्ति नगर ऋषिकुलधाम में आयोजित शिविर का उद्घाटन महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 डॉक्टर स्वामी शिव स्वरूपानंद जी सरस्वती नें किया। अध्यक्षता ज्योतिष पंडित रमेश भोजराज जी द्विवेदी ने की।

आयोजन सचिव पंडित अभिषेक जोशी ने बताया कि निःशुल्क परामर्श ज्योतिष शिविर में सैकड़ो लोगों ने अपनी बीमारियां आर्थिक लाभ हानि घटना दुर्घटना और पारिवारिक समस्याओं को लेकर विभिन्न ज्योतिष विद्वानों से समाधान प्राप्त किया। शिविर में सपना सारस्वत, भविष्यवक्ता पंडित डा. अनीष व्यास, पंडित गिरीश दवे, नरपत राज पंडित जीवन किशोर जी जोशी पंडित सुकांत पांडे शंकर सिंह जी राजपुरोहित शिवराज प्रजापत संदीप जी कमलेश कश्यप करुणा शर्मा बजरंग लाल शर्मा आचार्य गजानन शर्मा पंडित सुरेश दवे कृष्ण कुमार शर्मा आचार्य सुरेश शर्मा आप शास्त्री सहित अन्य ज्योतिष विद्वानों ने अपनी सेवाएं दी।

ज्योतिष के विद्वान राज ज्योतिषी पंडित बाबूलाल जी जोशी की स्मृति में आयोजित इस शिविर सैकड़ो ज्योतिषियों ने पधारकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर समाजसेवी रामावतार जी राठी विशेष रूप से उपस्थित रहे और इस आयोजन में कर शिव दत्त सिंह पार्टी अमन मेहता राजकुमार शर्मा श्रीमती रेखा जोशी आध्या जोशी का विशेष सहयोग रहा।

# भजनलाल ने सुनी आमजन की परिवेदनाएं अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण के दिए निर्देश



**जयपुर,24 मार्च (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर जनसुनवाई की। उन्होंने वहां उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति से आत्मीयता से मुलाकात की तथा उनकी समस्याओं को सुना। शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को इन समस्याओं के शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान मुख्यमंत्री ने जयपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी, सार्वजनिक निर्माण एवं चिकित्सा सहित विभिन्न विभागों की आमजन से संबंधित समस्याएं सुनी तथा कई समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कर परिवादी को राहत दी। जनसुनवाई के दौरान आमजन ने राज्य बजट वर्ष 2025-26 में दी गई सौगातों के लिए श्री शर्मा का आभार जताया तथा दुपट्टा ओढ़ाकर उनका अभिनन्दन किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि और आमजन उपस्थित रहे।

जनसुनवाई में बालोतरा की बबीता कुमारी ने मुख्यमंत्री को दांतों से संबंधित बीमारी से अवगत करवाया तथा शीघ्र इलाज के लिए निवेदन किया। इस पर मुख्यमंत्री ने संवेदनशीलता दिखाते हुए बबीता कुमारी को तुरंत चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। पाली से आई कैंसर रोग से ग्रसित गायत्री ने कैंसर की दवा उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री से आग्रह किया। इस पर शर्मा ने गायत्री को निःशुल्क कैंसर की दवा उपलब्ध कराने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

बबीता और गायत्री अपनी परिवेदनाओं के त्वरित निस्तारण से बेहद खुश नजर आई और मुख्यमंत्री को बार-बार धन्यवाद दिया।

# राजस्थान में भजनलाल की समाज के हर वर्ग के कल्याण की मंशा हो रही साकार

**जोधपुर,24 मार्च (एजेंसियां)।** राज्य सरकार का वर्ष 2025-26 का बजट आपणों अग्रणी राजस्थान के संकल्प को साकार करने वाला है। समाज के हर वर्ग के कल्याण की मंशा के साथ लाये गए इस बजट में सहकारिता सेक्टर को सुदृढ बनाने के लिए कई उल्लेखनीय घोषणाएं की गई हैं।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की किसान हितेषी सोच को दृष्टिगत रखते हुए बजट में मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत किसानों को अब 2000 रुपये की जगह 3000 रुपए की अतिरिक्त राशि मिलेगी। साथ ही, गेहूं खरीद पर बोनस की राशि बढ़ाकर 150 रुपए प्रति क्विंटल किया गया है। इन घोषणाओं से किसानों को आर्थिक संबल मिलेगा। वहीं, फसली ऋण का दायरा बढ़ाते हुए आगामी वर्ष में 35 लाख से अधिक किसानों को 25,000 करोड़ रुपए का अल्पकालीन ब्याज मुक्त फसली ऋण उपलब्ध करवाया जाएगा। इसके ब्याज अनुदान पर 768 करोड़ रुपये व्यय होंगे।

राजस्थान सहकारी गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना का भी दायरा बढाते हुए 2.50 लाख अतिरिक्त गोपालक परिवारों को ब्याज मुक्त त्रमा उपलब्ध करवाया जाएगा। वहीं, दीर्घकालीन सहकारी कृषि एवं अकृषि सेक्टर के लिए 400 करोड़ रुपये के ऋण पर 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान की घोषणा की गई है। ये सभी घोषणाएं किसानों एवं पशुपालकों को सशक्त बनाने वाली हैं। बजट में आगामी दो वर्ष में शेष 2,500 ग्राम पंचायतों में ग्राम सेवा सहकारी समितियां स्थापित करने की घोषणा की गई है। इसके लिए प्रावधानों में शिथिलन दिया जाएगा। साथ ही, नवीन 8 जिलों में क्रय-विक्रय सहकारी संघों की स्थापना की जाएगी। बड़ी संख्या में नई सहकारी समितियां खुलने से गांव-ढाणी स्तर तक सहकारिता का नेटवर्क मजबूत होगा। वहीं, वर्ष 2024-25 की उपलब्धियों की अगर बात करें तो मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत राज्य के 70.21 लाख किसानों के बैंक खातों में 1 हजार 355 करोड़ की राशि हस्तांतरित की गई है। इसी प्रकार, 4 मार्च तक 30.43 लाख किसानों को 21 हजार 43 करोड़ रुपये का व्याज मुक्त अल्पकालीन फसली ऋण वितरण किया जा चुका है।

# संभल दंगा : शारिक साठा ने दिए थे हथियार

## मुल्ला अफरोज वारिस की गोलियों से मरे थे चार

**संभल, 24 मार्च (एजेंसियां)।** संभल में विवादित जामा मस्जिद के सदर जफर अली को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जफर अली पर आरोप है कि उसने जामा मस्जिद हिंसा के बाद पुलिस पर फर्जी आरोप लगाए और कोई सबूत पेश करने में विफल रहा। उस पर हिंसा भड़काने का भी आरोप है। गिरफ्त-ारी के बाद जफर अली ने विक्टिम कार्ड खेलना चालू कर दिया है। जफर अली ने दावा किया है कि हिंसा में मारे गए लड़कों की हत्या पुलिसकर्मियों ने की है। हालाँकि, पुलिस पहले ही इन हत्याओं के आरोपित पकड़ चुकी है।

संभल में 24 नवंबर 2024 को हिंदू पक्ष की एक टीम कोर्ट के आदेश के बाद विवादित जामा मस्जिद का सर्वे करने के लिए पहुंची थी। इस टीम में वकील विष्णु शंकर जैन भी शामिल थे। यह टीम इससे पहले 19 नवम्बर, 2024 को गई थी लेकिन तब मुस्लिमों के हंगामे के चलते सर्वे पूरा नहीं हो पाया था। यह सर्वे हिंदू पक्ष की याचिका के बाद हो रहा था, जिसमें कहा गया था कि जामा मस्जिद को हिंदू हरिहर मंदिर तोड़ कर बनाया गया था। 24 नवम्बर को जब यह टीम संभल पहुंची तो यहां हिंसा भड़क गई। मुस्लिम दंगाइयों ने मस्जिद के आसपास के इलाकों में पुलिस को निशाने पर लिया।

मुस्लिमों ने खूब पत्थर बरसाए और पुलिस पर गोलियाँ भी चलाई। इस



पथराव के दौरान मुस्लिम दंगाइयों ने पुलिसवालों को गालियां भी दीं। उनके हथियार छीनने का भी प्रयास किया गया। यह भीड़ मस्जिद का सर्वे करने आई टीम को भी निशाना बनाना चाहती थी। इस हिंसा के दौरान हुई फायरिंग में चार मुस्लिम लड़कों की मौत हो गई थी। हिंसा में संभल के सीओ अनुज चौधरी को भी गोली लगी थी। वह भी घायल हो गए थे। उनके साथ ही कई और कई पुलिसवाले गंभीर रूप से घायल हुए। इस दंगे के बाद पुलिस ने जांच में सच बाहर निकाला।

संभल में हुई हिंसा के बाद पुलिस को पता चला था कि इसकी प्लानिंग पहले ही हो गई थी। पुलिस पर हमला करने और गोलियां चलाने का प्लान दुबई में रहने वाले शारिक साठा ने रचा था। साठा संभल का ही रहने वाला है और भारत में गाड़ियाँ चुराता था। उसको दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया था लेकिन वह बाद में दुबई भाग गया था। साठा आईएसआई के लिए काम करता है। वह जाली नोट और हवाला का भी धंधा करता है। संभल में सर्वे की बात सामने आने के बाद शारिक साठा ने अपने गुर्गे मुल्ला अफरोज को हथियार दिए थे, जो उसने बाकी लड़कों में बांटे थे। शारिक साठा ने पाकिस्तानी गोलियां भी संभल भेजी थीं। पुलिस को यह गोलियां हिंसा वाली जगह से बरामद हुई थीं।

शारिक साठा ने 10-20 नेताओं को संभल में मारने का प्लान तैयार किया था। उसी के दिए हथियारों से संभल में फायरिंग हुई। इस फायरिंग में 4 लड़कों की मौत हुई। पुलिस ने जांच करके हत्या करने वाले मुल्ला अफरोज और वारिस को पकड़ा था। सामने आया था कि हिंसा के दौरान मुल्ला अफरोज ने पुलिस को निशाना बनाया लेकिन भगदड़ मचने के कारण यह गोली बिलाल और अयान को लग गई और वह मौके पर ही मारे गए। इस हत्या के लिए उसने 32 बोर का एक हथियार उपयोग किया था। इसके बाद वह छिप गया था।

वहीं एक और दंगाई वारिस की गोली से नईम और कैफ की मौत हो गई थी। इन हत्याओं के मामले में अब इन आरोपितों पर मुकदमा चल रहा है। यह पुलिस स्पष्ट कर चुकी है। हालाँकि जफर अली अपना प्रोपेगेंडा चलाने और गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस को दोषी ठहरा रहा है।

संभल हिंसा भड़काने का आरोपी जफर अली पहले भी पुलिस पर फर्जी आरोप जड़ चुका है। उसने हिंसा के एक दिन बाद (25 नवंबर 2024) को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करके दावा किया था कि हिंसा में मारे गए लड़कों पर पुलिस ने गोली चलाई थी। पुलिस ने अब इस मामले में जफर अली पर फर्जी आरोप लगाने का मामला दर्ज किया है, जिसके बाद उसे गिरफ्तार किया गया है। यह भी आरोप लगा है कि वह जामा मस्जिद के नाम पर पैसा इकट्ठा कर रहा है। इसके लिए एक टठ कोड भी फैलाया जा रहा है। हालाँकि, इस पर अभी कोई स्पष्ट जानकारी नहीं सामने आई है। पुलिस अब आगे जफर अली पर कार्रवाई कर रही है।

# बरेली के गैस गोदाम में आग, 350 सिलिंडर फटे



**बरेली, 24 मार्च (एजेंसियां)।** बरेली के बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के रजऊ परसपुर स्थित महालक्ष्मी गैस एजेंसी के गोदाम में सोमवार दोपहर सिलिंडर फटने से भीषण आग लग गई। सिलिंडर फटने के बाद लगातार कई तेज धमाके हुए, जिससे आसपास का इलाका दहल गया। करीब एक घंटे तक एक-एक कर सिलिंडर फटते रहे।

धमाकों के साथ हवा में उड़े सिलिंडरों के टुकड़े करीब 500 मीटर के दायरे में खेतों में जाकर गिरे। घटना में 350 से अधिक सिलिंडर फटे। कुछ सिलिंडर ट्रक पर लदे थे। ट्रक के परखचे उड़ गए। गोदाम से उठती लपटों को देख गांव रजऊ परसपुर में दहशत फैल गई। हालांकि इस हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड के साथ पुलिस मौके पर पहुंच गई। आग बुझाने के प्रयास शुरू किए।

धमाकों की वजह से आग बुझाने में मशक्कत करनी पड़ी। आग इतनी विकराल थी कि सिलिंडर के टुकड़े 500 मीटर दूर तक खेतों में गिरे। ग्रामीणों ने मोबाइल से घटना के वीडियो बना लिए। जिस गैस एजेंसी गोदाम में आग लगी है, वह सोमवार को बंद रहती है। गोदाम पर चौकीदार और ट्रक चालक ही थे। दोनों ने भागकर अपनी जान बचाई। वहीं गोदाम आबादी से काफी दूर है, जिससे जनहानि होने से बच गई।

एसपी उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्र ने बताया कि गांव रजऊ परसपुर के बाहर महालक्ष्मी गैस एजेंसी है। दोपहर करीब 12 बजे सिलिंडर से भरा ट्रक यहां आया था, जिसमें करीब 400 सिलिंडर थे। अनल-ोडिंग के लिए ट्रक गोदाम में खड़ा था। इसी दौरान धमाके साथ आग गई थी। आग पर काबू पा लिया गया। कोई जनहानि नहीं हुआ। नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

# राणा सांगा पर विवादित बयान में फंसे अखिलेश और सुमन

**आगरा, 24 मार्च (एजेंसियां)।** राणा सांगा पर दिए गए विवादित बयान मामले में आगरा सिविल कोर्ट सीनियर डिवीजन में अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह ने सिविल केस दाखिल किया है। अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही चर्चा कि सपा के राष्ट्रीय महासचिव व राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन ने राणा सांगा को लेकर विवादित बयान दिया है। इसका समर्थन सपा मुखिया अखिलेश यादव भी कर रहे हैं।

अधिवक्ता की ओर से सपा मुखिया अखिलेश यादव और राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन के खिलाफ सिविल केस दाखिल किया गया है। केस की सुनवाई सिविल जज सीनियर डिवीजन में हुई व फाइल को अग्रिम आदेश के लिए रख लिया गया। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता नरेश सिकरवार, एसपी सिंह सिकवार, शिव आधार सिंह तोमर, संतोष धाकरे न्यायालय में उपस्थित रहे।



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व सांसद रामजी लाल सुमन के राणा सांगा को लेकर दिए बयान पर बवाल मचा हुआ है।

अखिल भारत हिंदू महासभा ने भी सपा सांसद के बयान के विरोध में प्रदर्शन किया। सांसद के खिलाफ तहरीर दी। वहीं, सपा सांसद ने भी मामले में सफाई दी थी। सपा सांसद रामजी लाल सुमन का कहना है कि मैं अपने बयान पर कायम हूं। अगर राज्यसभा सभापति को लगता है मैंने कुछ आपत्तिजनक कहा तो सदन की कार्यवाही से मेरे बयान को हटा सकते हैं।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व सांसद रामजी लाल सुमन के शुक्रवार को राज्यसभा में राणा सांगा को गद्दार कहने पर हंगामा हो गया। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोगों का तकिया कलाम हो गया है कि मुसलमानों में बाबर का डीएनए है। आखिर, बाबर को लाया कौन। इब्राहिम लोधी को हराने के लिए बाबर को राणा सांगा हिंदुस्तान में लाया था। अगर मुसलमान बाबर की औलाद हैं तो फिर तुम गद्दार राणा सांगा की औलाद हो। सुमन शुक्रवार को राज्यसभा में गृह मंत्रालय के कामकाज की समीक्षा पर बोल रहे थे।

# दवा माफिया विजय गोयल, उसकी पत्नी और 10 गुर्गों पर गैंगस्टर

## 11 राज्यों में फैला रखा है नकली दवाओं का कारोबार

**आगरा, 24 मार्च (एजेंसियां)।** नकली और नशीली दवाओं के माफिया विजय गोयल उर्फ बंटी और उसके गिरोह पर पुलिस ने शिकंजा कसा है। जगदीशपुरा पुलिस ने विजय गोयल, उसकी पत्नी रेखा गोयल सहित 11 सदस्यों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की है। विजय गोयल और उसका मैनेजर नरेंद्र शर्मा पहले से जेल में है।

जेल से जमानत पर छूटने के बाद फरवरी 2024 में विजय गोयल ने सिकंदरा के इंडस्ट्रियल एरिया में नई दवा फैक्टरी खोली थी। इसमें भी नशीली और नकली दवाएं बनाई जाती थीं। अक्तूबर 2024 में एएनटीएफ ने इसी फैक्टरी पर छापा मारा था। विजय गोयल और नरेंद्र शर्मा सहित 10 लोगों को जेल भेजा गया था। 8 करोड़ रुपए की दवाएं और मशीनें बरामद हुई थीं।

विजय गोयल का नेटवर्क देख



पुलिस के भी होश उड़ गए थे। 11 राज्यों में वह नकली और नशीली दवाएं सप्लाई किया करता था। बाद में विजय गोयल पर कार्रवाई में ढिलाई बरतने पर एनटीएफ पर भी सवाल उठे थे। इंस्पेक्टर आनंदवीर सिंह ने जगदीशपुरा थाने में गैंगस्टर एक्ट का केस दर्ज कराया। रिपोर्ट के बाद पुलिस ने राजाखेड़ा (धौलपुर) निवासी राजकुमार उर्फ बंटू को रविवार को गिरफ्तार किया है। गैंगस्टर एक्ट के केस में विजय गोयल, नरेंद्र शर्मा, कल्याण सिंह, रोहित कुशवाह, मुकेश कुमार, शनि राज, रेखा गोयल, दीवान सिंह, अजीत पाराशर, दीपक उर्फ अमन गुप्ता, राजकुमार उर्फ बंटू को नामजद किया गया है। रेखा गोयल गैंग के सरगना विजय गोयल की पत्नी है।

अब पुलिस आरोपियों की संपत्ति को जब्त करने की कार्रवाई करेगी। पुलिस ने बताया कि विजय गोयल और उसकी पत्नी के नाम काफी संपत्तियां हैं। इसके अलावा गिरोह के अन्य सदस्यों की संपत्ति भी चिह्नित की जा रही है। दवा माफिया का राज बांग्लादेश के साथ ही 10 राज्यों में फैला है। पहली बार 2023 में वो पकड़ा गया। जेल से रिहा होने के बाद भी वो नहीं माना। इसके बाद उसने फिर से ये काला कारोबार शुरू कर दिया था।

आगरा में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने दवा माफिया विजय गोयल को पहली बार 2023 में पकड़ा था। इसकी सिकंदरा और बिचपुरी क्षेत्र में नकली दवा बनाने की तीन फैक्टरी थी।

जेल में बीते साल रिहा होने के बाद फिर से इसने नकली दवा बनाने का काला धंधा शुरू कर दिया था। इसका नेटवर्क बांग्लादेश के अलावा 10 राज्यों तक फैला हुआ था। इसके यहां जब्त दवाएं जांच में नकली मिली थीं। सहायक आयुक्त औषधि अतुल उपाध्याय ने बताया कि ये हिमाचल प्रदेश से दवा से जुड़ी पुरानी मशीनों की खरीदकर फैक्टरी बना ली। यहां से दिल्ली समेत कई राज्यों से कच्चा माल लेकर कई तरह की नकली दवाएं और सिरप बनाता था। 2023 जुलाई में सिकंदरा और बिचपुरी की फैक्टरी से करीब 6 करोड़ की नकली दवाएं, कच्चा माल और मशीनें मिलीं।

इसके बाद ये रिहा हो गया और बीते साल अक्तूबर में फिर इन्हीं क्षेत्रों में अवैध फैक्टरी पकड़ी गई। इसमें करीब 8 करोड़ की दवाएं समेत अन्य सामग्री जब्त की। इसके यहां से दोनों बार करीब 24 से अधिक नमूने लिए। दवाओं के सभी नमूने नकली मिले। एंटी नारकोटिक्स टॉस्क फोर्स की जांच में दवा माफिया विजय गोयल का काला कारोबार बांग्लादेश के अलावा दिल्ली, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, पंजाब, पश्चिम बंगाल समेत 10 राज्यों में फैला हुआ था।

## भाजपा सरकार के आठ वर्ष

# अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बना यूपी : सीएम योगी

### आज यूपी में कायम है कानून का राज

**लखनऊ, 24 मार्च (एजेंसियां)।** यूपी में योगी सरकार के आठ साल पूरे होने पर प्रदेश भाजपा उत्सव के रूप में मना रही है। इस मौके पर सोमवार से विविध आयोजन शुरू हो गए हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को पत्रकार वार्ता की और सरकार के आठ वर्षों की उपलब्धियों पर एक पुस्तिका का विमोचन किया। इसके बाद सरकार की सेवा, सुरक्षा और सुशासन नीति पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री भी जारी की।

सीएम योगी ने प्रदेश की जनता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आठ वर्षों में किसान के उत्थान के लिए, बेरोजगारों को रोजगार देना, परंपरागत उद्यमिता को आगे बढ़ाया गया, मातृशक्ति के स्वावलंबन के लिए जो कार्य किए गए। इसके लिए जनपद मुख्यालयों में तीन दिन दिवसीय कार्यक्रम चलाए जाएंगे। लोगों को इसके बारे में जानकारी दी जाएगी। योगी ने कहा, लोगों ने पहले दंगे और आतंक देखे। आठ वर्ष पहले यूपी को बीमारू राज्य माना जाता था। आज वही प्रदेश अर्थ शक्ति के रूप में उभरा है। पहले यूपी विकास का ब्रेक माना जाता था। आज वही प्रदेश विकास की उदाहरण बनकर उभरा है। प्रदेश वही है, जनता वही है, सिस्टम वही है, सिर्फ सरकार बदलने मात्र से बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। सीएम ने कहा कि 2017 से पहले किसान आत्महत्या करता था। जिस प्रदेश में तकनीकि का उपयोग करके किसान को समृद्ध बनाया जाना चाहिए था, वहां पर किसानों के लिए कुछ नहीं किया गया। आज प्रदेश की जीडीपी में 28 फीसदी की बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। आज किसानों को किसान सम्मान निधि के माध्यम से करोड़ों रुपए सीधे खाते में भेजे गए।

प्रदेश में सिंचाई की व्यापक व्यवस्था की गई। हमने प्रदेश में कृषि विज्ञान केंद्र स्थापिक किए। कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना की। इसका नतीजा हुआ कि दलहनी, तिलहनी फसलों के साथ अन्य फसलों का उत्पादन बढ़ा। पहले चीनी मिलें बंदी की कगार पर थीं। करोड़ों रुपए किसानों का बकाया था। हमने इसमें बदलाव किया। हमने चीनी मिलें बंद होने नहीं दीं। साथ ही छह मिलें स्थापित कीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज 177 लाख लीटर एथेनाल का उत्पादन प्रदेश में हो रहा है। हमने 14 लाख निजी नलकूपों को बिजली की निःशुल्क व्यवस्था देकर किसानों को समृद्ध बनाया। सरकार ने 2023-24 में गेहूं की खरीद के पहले करीब ढाई गुना खर्च किया। धान के क्रय में पहले की सरकारों की अपेक्षा 2017-2024 के बीच पांच गुना अधिक धान का मूल्य डीबीटी से किसानों के खाते में भेजी गई।

2017 से पहले न बेटी सुरक्षित थी, न व्यापारी। हर दूसरे-तीसरे दिन दंगा होता था। आज प्रदेश में कानून का राज है। महाकुंभ इसका उदाहरण है। पारदर्शी व्यवस्था से सरकार ने एक लाख से अधिक पुलिस कार्मिकों की भर्ती पूरी की। हाल में 60 हजार और पुलिसकर्मियों की भर्ती पूरी हुई है। 2017 से पहले 10 जनपदों में पुलिस लाइन नहीं थी। बारक खराब पड़े थे। आज उन जिलों में या तो पुलिस लाइन का काम पूरा हो गया है, या निर्माणाधीन हैं। आज पीआरवी 112 के रिस्पांस टाइम में बेहतर सुधार हुआ है। पहले 15 मिनट से अधिक था, आज यह रिस्पांस टाइम सात मिनट तक रह गया है। नारी सशक्तीकरण में यूपी ने बेहतर काम किया। अभी होली पर जो पुलिस की भर्ती संपन्न हुई, उसमें 12 हजार सेअधिक महिलाओं को शामिल किया गया है। सीएम ने कहा कि बेटी के जन्म से लेकर स्नातक तक पढ़ाई के लिए दी जाने वाली 25 हजार की सहायता राशि से हजारों बेटियां लाभान्वित हो रही हैं। प्रदेश में 4.76 लाख से अधिक सामूहिक विवाह संपन्न कराए गए हैं। एक करोड़ से अधिक महिलाओं को घरौनी देने का काम किया गया है। पहले प्रदेश का युवा अपनी पहचान के लिए मोहताज था। आज समाज का कोई भी व्यक्ति जब बाहर जाता है, तो उसके सामने पहचान छिपाने की मजबूरी नहीं होती है। पहले बेरोजगारी दर 19 फीसदी से अधिक थी। आज यह घटकर तीन फीसदी रह गई है।

सीएम ने कहा कि वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट से युवाओं को जोड़ा गया। इसके माध्यम से रोजगार देने का काम किया गया। 50 युवाओं को टैबलेट या फोन देकर उन्हें डिजिटली सक्षम बनाया गया है। विश्वकर्मा श्रम शक्ति योजना के तहत प्रशिक्षण देकर टूल उपलब्ध कराया जा रहा है। पहले यूपी में कुछ लोग नकल को जन्मसिद्ध अधिकार मानते थे, आज वहां नकल विहीन परीक्षा कराई जा रही है। स्कूलों में सुधार क्यिा जा रहा है। अब कहीं पर भी जर्जर स्कूल नहीं होंगे। हर कमिश्नरी में एक राज्य विश्व विद्यालय स्थापित किए गए। युवाओं को प्रतियोगी परीक्ष-ाओं की तैयारी के लिए हर जिले में प्रधानमंत्री अभ्युदय कोचिंग संचालित हैं।

सीएम ने आगे कहा कि 56 लाख गरीब लोगों को आवास उपलब्ध कराया गया। एक करोड़ छह लोगों को वृद्धावस्था, दिव्यांग या विधवा पेंशन दी जा रही है। पहले वृद्धावस्था पेंशन 300 रुपए दी जाती थी। हमने इसे बढ़ाकर एक हजार कर दिया। पहले लोग कहते थे, जहां से सड़कों में गड्ढ शुरू हो जाएं, वहीं से मान लेना यूपी आ गया। आज प्रदेश में सबसे ज्यादा एक्सप्रेसवे यूपी के पास हैं। छह एक्सप्रेसवे जारी हैं। 11 पर हम काम करने जा रहे हैं। देश में सबसे अधिक रेलवे नेटवर्क यूपी के पास है। आज हर जनपद मुख्यालय फोर लेन के साथ जुड़ा है। हमारी इटंरस्टेट कनेक्टिविटी फोर लेन है। सीएम ने कहा कि आज प्रदेश सरकार के कार्यों से परिणाम सामने है। प्रदेश अर्थव्यवस्था में नंबर दो का राज्य है। हमारी सरकार ने पहले ही फैसले में किसानों के लिए कर्जमाफी और राज्य कर्मचारियों के लिए 7वां वेतन आयोग लागू किया।



# हरिद्वार में हुआ युवा ऑल स्टार्स चैम्पियनशिप ट्रॉफी का भव्य अनावरण

**हरिद्वार,24 मार्च (एजेंसियां)।**

**कबड्डी के स्वर्णिम इतिहास और इसकी जड़ों से प्रेरणा लेते हुए युवा ऑल स्टार्स चैम्पियनशिप ट्रॉफी का भव्य अनावरण हरिद्वार में किया गया। इस ऐतिहासिक क्षण के दौरान खेल जगत की कई प्रतिष्ठित हस्तियां मौजूद रहीं, जिन्होंने इस आयोजन को खास बना दिया।**

इस विशेष अवसर पर भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के पूर्व महासचिव और वर्तमान में एशियाई फेंसिंग परिसंघ के महासचिव राजीव मेहता, उत्तराखंड कबड्डी संघ के अध्यक्ष महेश जोशी, सचिव चेतन जोशी और उत्तराखंड ओलंपिक संघ के अध्यक्ष डी.के.सिंह सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

युवा ऑल स्टार्स चैम्पियनशिप के सीईओ विकास गौतम ने ट्रॉफी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, इस ट्रॉफी का उद्देश्य न केवल विजेताओं को सम्मानित करना है, बल्कि युवा पीढ़ी को कबड्डी के गौरवशाली अतीत से भी जोड़ना है। ट्रॉफी को ऐसे तत्वों से तैयार किया गया है, जो कबड्डी की सदियों पुरानी यात्रा और इसकी सांस्कृतिक विरासत का प्रतिनिधित्व करते हैं।

कबड्डी का उल्लेख महाभारत तक में मिलता है और यह खेल सदियों से मिट्टी के मैदानों पर ही विकसित हुआ है। इसी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को सम्मान देते हुए, ट्रॉफी के आधार को तमिलनाडु के नागमलाई पुदुकोट्टई से लाई गई मिट्टी से बनाया गया है, जिसका इस खेल के इतिहास में विशेष महत्व है।

इसके अलावा, ट्रॉफी के केंद्र में मौजूद खंभा मजबूती और निरंतर प्रगति का प्रतीक है, जबकि चारों ओर लगी लकड़ी जीवन और विकास का संकेत देती है। ट्रॉफी के शीर्ष पर रखी गई कबड्डी मैट, खेल के पारंपरिक मिट्टी के मैदानों से आधुनिक मैट तक की यात्रा को दर्शाती है। इस भव्य अनावरण समारोह में देशभर से युवा खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, स्कूली छात्रों और खेल अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। युवा ऑल स्टार्स चैम्पियनशिप न सिर्फ युवा प्रतिभाओं को निखारने का मंच है, बल्कि उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में एक मजबूत कदम भी है। कबड्डी की जड़ों से जुड़कर इसे भविष्य की ऊंचाइयों तक ले जाने के इस प्रयास को खिलाड़ियों और खेलप्रेमियों से शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है। युवा ऑल स्टार्स चैम्पियनशिप भारतीय कबड्डी के भविष्य को नई दिशा देने के लिए प्रतिबद्ध है और इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी का अनावरण इसी सुनहरे सफर की एक झलक है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### बीसीसीआई ने महिला टीम के लिए केंद्रीय अनुबंध की घोषणा की हरमनप्रीत, स्मृति ग्रेड ए में



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को महिला क्रिकेट टीम की केंद्रीय अनुबंध सूची की घोषणा की, जिसमें तीन प्रमुख खिलाड़ियों को ग्रेड ए में बरकरार रखा गया है। भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर, उप-कप्तान स्मृति मंधाना और ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा को बीसीसीआई ने एक बार फिर शीर्ष श्रेणी में बनाए रखा है। बीसीसीआई द्वारा जारी इस सूची में कुछ नए चेहरों को शामिल किया गया है, जबकि कुछ खिलाड़ियों को अनुबंध से बाहर कर दिया गया है। उमा छेत्री, अरुंधति रेड्डी, तितास साधु और श्रेयंका पाटिल को पहली बार केंद्रीय अनुबंध सूची में जगह दी गई है, जिससे साफ जाहिर होता है कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड युवा खिलाड़ियों पर भी भरोसा जता रहा है। दूसरी ओर राजेश्वरी गायकवाड़, जिन्होंने भारत के लिए आखिरी बार जुलाई 2024 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेला था, इस बार अनुबंध सूची में जगह नहीं बना पाईं। ग्रेड बी में इस बार केवल चार खिलाड़ी हैं, जो पिछले साल की तुलना में संख्या में कमी को दर्शाता है। बीसीसीआई केंद्रीय अनुबंध सूची (महिला टीम) ग्रेड ए: हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना, दीप्ति शर्मा। ग्रेड बी: रेणुका ठाकुर, जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, ऋचा घोष। ग्रेड सी: अमनजोत कौर, उमा छेत्री, पूजा वस्त्राकर, अरुंधति रेड्डी, स्नेह राणा, तितास साधु, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल, यास्तिका भाटिया।

### आईपीएल 2025: चेन्नई में रचिन रविंद्र ने देखा एमएस धोनी के फैंस का जुनून



**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र ने पहली बार चेन्नई में एमएस धोनी के फैंस का जबरदस्त उत्साह महसूस किया। मुंबई इंडियंस के खिलाफ मुकाबले में जब सीएसकेको जीत के लिए चार रनों की जरूरत थी, तो पूरा चेपॉक स्टेडियम धोनी के छक्के का इंतजार कर रहा था। लेकिन इस बार यह मौका रविंद्र ने ले लिया और डीप मिडविकेट के ऊपर छक्का लगाकर टीम को चार विकेट से जीत दिलाई। मैच के बाद रविंद्र ने कहा, जब आप मैदान पर होते हैं, तो सिर्फ मैच जीतने पर ध्यान होता है, लेकिन इस माहौल को नजरअंदाज करना मुश्किल था। जब धोनी मैदान में आते हैं, तो स्टेडियम में गूंजते सीटी और शोर को महसूस किया जा सकता है। उनके साथ क्रीज साझा करना मेरे लिए बेहद खास था। धोनी की फिनिशिंग का इंतजार कर रहे थे फैंस रविंद्र ने स्वीकार किया कि स्टेडियम में मौजूद फैंस चाहते थे कि वह धोनी को स्ट्राइक दें और वह अपने स्टाइल में मैच खत्म करें। उन्होंने कहा, सभी चाहते थे कि मैं उन्हें स्ट्राइक दूं और धोनी मैच खत्म करें। उन्होंने सीएसकेके लिए कई मैच फिनिश किए हैं और आगे भी करेंगे, लेकिन मेरे लिए जरूरी था कि मैं टीम को जीत तक पहुंचाऊं। सीएसकेमें सलामी बल्लेबाज के रूप में मौका आईपीएल 2024 में डेवोन कॉनवे की चोट के कारण रविंद्र को पारी की शुरुआत करने का मौका मिला था। इस सीजन की नीलामी में सीएसकेने राइट टू मैच कार्ड का इस्तेमाल कर रविंद्र को फिर से अपनी टीम में शामिल किया और बतौर ओपनर मौका दिया।

### पीजीडीएवी कॉलेज ने 25 साल बाद जीता दिल्ली यूनिवर्सिटी इंटर कॉलेज फुटबॉल का खिताब



**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के पीजीडीएवी कॉलेज ने इतिहास रचते हुए 25 साल बाद दिल्ली यूनिवर्सिटी इंटर कॉलेज पुरुष फुटबॉल चैंपियनशिप पर कब्जा जमा लिया। रोमांचक फाइनल में पीजीडीएवी ने पिछले चैंपियन हिंदू कॉलेज को टाई-ब्रेकर में 4-3 से हराकर खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम की ओर से आर्यन कर्की, प्रशांत भंडारी, यश भारद्वाज और अनुराग रावत ने गोल दागे। पीजीडीएवी कॉलेज की प्रिंसिपल, प्रो. कृष्णा शर्मा ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि टीम भविष्य में भी इसी तरह शानदार प्रदर्शन जारी रखेगी। अंतर-कॉलेज फुटबॉल टूर्नामेंट समिति के संयोजक डॉ. मनोज राठी के अनुसार श्री वेंकटेश्वर कॉलेज ने तीसरा स्थान हासिल किया।

# दिल्ली ने जीत के साथ किया आगाज लखनऊ को एक विकेट से हराया



**लखनऊ,24 मार्च (एजेंसियां)।**

आईपीएल 2025 के चौथे मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम को 1 विकेट से हरा दिया। इस मैच में टॉस जीतकर अक्षर पटेल की दिल्ली कैपिटल्स ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। वहीं लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए बोर्ड पर 209 रन लगाए। लेकिन दिल्ली ने आखिरी ओवर में इस टारगेट को चेज कर लिया। नए कप्तान और नई टीम के साथ दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जॉइंट्स की टीम आईपीएल 2025 के चौथे मैच में आमने-सामने आईं। लखनऊ की टीम इस मैच में पहले बैटिंग करने उतरी। लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट खोकर बोर्ड पर 209 रन लगाए हैं। जवाब में दिल्ली की टीम ने आखिरी ओवर में 9 विकेट खोकर इस टारगेट को चेज कर लिया। दिल्ली की जीत के हीरो आशुतोष शर्मा रहे जिन्होंने 66 रन की शानदार पारी खेलकर अपनी टीम को जीत दिला दी।दिल्ली कैपिटल्स की प्लेइंग इलेवन: जेक फ्रेजर-मैकगर्क, फाफ डु प्लेसिस, अभिषेक पोरेल (विकेट कीपर), समीर रिजवी, अक्षर पटेल (कप्तान), ट्रिस्टन स्टब्स, विप्रज निगम, मिचेल स्टार्क, कुलदीप यादव, मोहित शर्मा, मुकेश कुमार।लखनऊ सुपर जायंट्स की प्लेइंग इलेवन: एडेन मार्कराम, मिशेल मार्श, निकोलस पूरन, आयुष बडोनी, ऋषभ पंत (विकेटकीपर/कप्तान), डेविड मिलर, प्रिंस यादव, दिग्वेश राठी, शाहबाज अहमद, शार्दुल ठाकुर, रवि बिश्नोई।दिल्ली की टीम ने इस रोमांचक मुकाबले को आखिरी ओवर में एक विकेट से जीत लिया। दिल्ली की टीम के हीरो आशुतोष शर्मा रहे जिन्होंने 66 रन की पारी खेलकर जीत हासिल की। इस मैच को आशुतोष ने छक्का मारकर खत्म किया।आशुतोष शर्मा ने शाहबाज अहमद की गेंद पर लांग-ऑफ के ऊपर से छक्का मारकर दिल्ली कैपिटल्स के लिए जीत सुनिश्चित कर दी। आशुतोष शर्मा हिट्स शाहबाज अहमद फॉर ए डखद ओवर लांग-ऑफ टू सील द डील फॉर दिल्ली कैपिटल्स का मतलब है, आशुतोष शर्मा ने दिल्ली कैपिटल्स के लिए जीत पक्की करने के लिए शाहबाज अहमद को लांग-ऑफ के ऊपर से छक्का मारा।

# खेलो इंडिया पैरा गेम्स की व्यवस्था अंतरराष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ियों ने की सराहना

KHELO INDIA PARA GAMES 2025

**नई दिल्ली,24 मार्च (एजेंसियां)।**

खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 राष्ट्रीय स्तर पर पैरा एथलीटों के लिए एक बड़ा मंच बनकर उभरा है। इस टूर्नामेंट में भाग ले रहे खिलाड़ियों ने इसकी व्यवस्थाओं की जमकर सराहना की है। इस साल छह खेल विधाओं में 1300 से अधिक पैरा एथलीटों ने अपनी भागीदारी दर्ज कराई है। रविवार को टूर्नामेंट के चौथे दिन तक पांच खेलों में 132 पदक तय हो चुके थे, जिसमें कई रोमांचक मुकाबले, अप्रत्याशित परिणाम और नए सितारों का उदय देखने को मिला। स्वयम जो इस टूर्नामेंट के एक्सेसिबिलिटी पार्टनर हैं, ने सभी स्टेडियमों, होटलों, हॉस्टलों और पार्किंग सुविधाओं का ऑडिट किया, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे बाधा-मुक्त और पैरा खिलाड़ियों के अनुकूल हों। तमिलनाडु के रमेश शन्मुगम, जिन्होंने खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 में ट्रैक एंड फील्ड स्पर्धाओं में तीन पदक जीते हैं, उन्होंने सरकार द्वारा कराई गई व्यवस्थाओं की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, यह प्रशिक्षण और प्रतिस्पर्धा के लिए एक शानदार मंच है। यहां की व्यवस्थाएं अंतरराष्ट्रीय स्तर की हैं। हमें यात्रा और आवास की बेहतरीन सुविधाएं दी गई हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि टूर्नामेंट को लाइव स्ट्रीमिंग और मीडिया कवरेज मिल रही है, जिससे खिलाड़ियों को पहचान मिल रही है और यह उन्हें आगे बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित कर रही है। पैरा बैडमिंटन में स्वर्ण पदक जीतने वाले संजीव कुमार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) की सराहना की। उन्होंने कहा, खेलो इंडिया पैरा गेम्स में खेलना गर्व की बात है। सबसे पहले हम प्रधानमंत्री का धन्यवाद करना चाहते हैं, जिन्होंने पूरे भारत में पैरा खेलों के लिए शानदार माहौल तैयार किया है। अब हमारे खिलाड़ी बड़े मंच पर खेल रहे हैं और पदक जीत रहे हैं। इसके अलावा मैं खेल प्राधिकरण का भी धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने पैरा एथलीटों को आगे बढ़ने के अवसर दिए हैं। दिल्ली पैरा पावरलिफ्टिंग टीम के कोच पवन ने कहा, सभी सुविधाएं पैरा खेलों के नियमानुसार दी गई हैं। खिलाड़ियों को न केवल स्पोर्ट्स किट और गाइड्स मिले हैं, बल्कि उनके साथ मौजूद सहायक को भी सुविधाएं दी जा रही हैं। बसों में रैंप, एसी और लो-फ्लोर की व्यवस्था की गई है। राजस्थान पैरा शूटिंग टीम की फिजियो डॉ. मुस्कान ने कहा, यहां हर चीज बेहतरीन है। होटल में शानदार सुविधाएं दी गई हैं।

### राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग : फाइनल फेज के पांचवें दिन ओडिशा, मिजोरम, महाराष्ट्र और झारखंड की शानदार जीत



मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम (रांची) में खेले जा रहे नेशनल विमेंस हॉकी लीग 2024-25 के फाइनल फेज के पांचवें दिन हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा, हॉकी मिजोरम, हॉकी महाराष्ट्र और हॉकी झारखंड ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर अंकतालिका में महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की। पहला मुकाबला हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा ने पूल-ए के मुकाबले में हॉकी हरियाणा को 2-0 से हराया। ओडिशा की ओर से प्रतिभा किंडो (9) और शिबानी लुगुन (59) ने गोल दागकर टीम को शानदार जीत दिलाई। इस जीत के साथ ओडिशा की टीम अंकतालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई, जबकि हॉकी हरियाणा अभी भी शीर्ष पर बनी हुई है। दूसरा मुकाबला हॉकी मिज़ोरम ने रोमांचक मुकाबले में हॉकी मध्य प्रदेश को 2-1 से हराकर तीसरे स्थान पर कब्जा जमाया। मिज़ोरम की ओर से लालतलछुंगी (42) और मंगलावमसंग (58) ने गोल किए, जबकि मध्य प्रदेश के लिए सुनीता कुमारी (54) ने एकमात्र गोल किया।

# बांग्लादेश टीम के पूर्व कप्तान तमीम इकबाल को मैच के दौरान पड़ा दिल का दौरा, अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली,24 मार्च (एजेंसियां)।**

**बांग्लादेश क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान तमीम इकबाल को सोमवार को ढाका प्रीमियर लीग (डीपीएल) के एक मुकाबले के दौरान दिल का दौरा पड़ा, जिसके बाद उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया।**



36 वर्षीय तमीम इकबाल मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब की ओर से शाइनपुकुर क्रिकेट क्लब के खिलाफ बीकेएसपी मैदान में खेले जा रहे मैच में टीम की अगुवाई कर रहे थे, जब उन्हें अचानक सीने में तेज दर्द महसूस हुआ। मैदान पर ही उन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया, जिसके बाद उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया।

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के मुख्य चिकित्सक देबाशीष चौधरी ने इस घटना की पुष्टि करते हुए कहा, तमीम ने सीने में दर्द की शिकायत की थी, जिसके बाद उन्हें पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी जांच की गई और ईसीजी किया गया। रिपोर्ट में थोड़ी समस्या पाई गई, लेकिन इस तरह की स्थिति में तुरंत कुछ समझ पाना मुश्किल होता है।

पहली ब्लड टेस्ट रिपोर्ट में भी कुछ असामान्यताएं देखी गईं। हालांकि, तमीम को जब थोड़ी राहत महसूस हुई, तो उन्होंने ढाका वापस लौटने की इच्छा जताई लेकिन जैसे ही वह अस्पताल से निकलकर मैदान की ओर लौट रहे थे, उन्हें फिर से सीने में तेज दर्द हुआ, जिसके बाद उन्हें फिर से अस्पताल ले जाया गया।

डॉक्टरों के अनुसार, इस बार तमीम को गंभीर हार्ट अटैक आया, जिसके बाद उन्हें फजलतुननेस्सा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां वह अब डॉक्टरों की निगरानी में हैं।

स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, तमीम इकबाल की सर्जरी की जा रही है और उनके हृदय की धमनियों में स्टेंट (एक विशेष प्रकार की जालीदार ट्यूब) डाला जाएगा, जिससे रक्त संचार सुचारू रूप से जारी रह सके।

इस घटना के बाद बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के कई निदेशक सावर पहुंच रहे हैं और इस वजह से बोर्ड की निर्धारित बैठक को सोमवार के लिए पुनर्निर्धारित किया गया है।

# पुर्तगाल ने डेनमार्क को हराकर नेशंस लीग सेमीफाइनल में बनाई जगह

**लिस्बन,24 मार्च (एजेंसियां)।**

पुर्तगाल के फ्रांसिस्को ट्रिनकाओ ने बेंच से उतरकर दो गोल किए, जबकि क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने भी शानदार प्रदर्शन किया, जिससे पुर्तगाल ने रविवार को अतिरिक्त समय में डेनमार्क को 5-2 से हराकर कुल 5-3 के अंतर से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ पुर्तगाल ने यूईएफए नेशंस लीग के सेमीफाइनल में जगह बना ली, जहां उसका मुकाबला जर्मनी से होगा।



रोनाल्डो की अगुवाई में मिली जीत रोनाल्डो ने भले ही शुरुआती पेनल्टी मिस कर दी हो, लेकिन उन्होंने अपनी टीम की वापसी में अहम भूमिका निभाई। हालांकि, उन्हें अतिरिक्त समय में बेंच पर बैठना पड़ा, फिर भी उन्होंने दर्शकों को लगातार उत्साहित किया और पुर्तगाल ने आखिरकार डेनमार्क की मजबूत रक्षात्मक पंक्ति को भेदने में सफलता पाई।

पहले चरण में डेनमार्क ने कोपेनहेगन में हुए मुकाबले में रासमस होजलुंड के गोल की बदौलत 1-0 की बढ़त बनाई थी। वहीं, डेनमार्क के मुख्य डिफेंडर जोआकिम माएले के कैंप छोड़ने से टीम को झटका लगा, क्योंकि उन्हें अपने बच्चे के जन्म के लिए जाना पड़ा। उनकी जगह खेलने आए पैट्रिक डोर्गु ने शुरुआत में ही पुर्तगाल को पेनल्टी दे दी, जब उन्होंने रोनाल्डो को तीसरे मिनट में बॉक्स में गिरा दिया।

शुरुआती संघर्ष और पुर्तगाल की वापसी रोनाल्डो ने खुद पेनल्टी ली, लेकिन डेनमार्क के गोलकीपर कैस्पर श्माइकल ने शानदार बचाव कर उन्हें गोल करने से रोक दिया। इसके बाद 17वें मिनट में भी रोनाल्डो को नूनो मेंडेस के शानदार क्रॉस पर हेडर लगाने का मौका मिला, लेकिन श्माइकल ने फिर से उन्हें निराश कर दिया।

हालांकि, पुर्तगाल को 38वें मिनट में बढ़त मिल गई जब डेनमार्क के डिफेंडर जोआकिम एंडरसन ने गलती से गेंद को अपने ही गोल में डाल दिया। लेकिन 56वें मिनट में डेनमार्क के रासमस क्रिस्टेंसन ने कॉर्नर पर हेडर से गोल कर स्कोर बराबर कर दिया।

ट्रिनकाओ बने नायक इसके बाद रोनाल्डो ने 67वें मिनट में शानदार एंगल से गोल कर पुर्तगाल को फिर से बढ़त दिलाई, लेकिन 76वें मिनट में क्रिश्चियन एरिक्सन ने गोल कर डेनमार्क को फिर से कुल स्कोर में आगे कर दिया।

यहीं से फ्रांसिस्को ट्रिनकाओ ने खेल की दिशा बदल दी। उन्होंने 86वें मिनट में गोल कर स्कोर 3-3 किया और मुकाबला अतिरिक्त समय में चला गया। इसके बाद 91वें मिनट में ट्रिनकाओ ने एक शानदार चिप शॉट के जरिए गोल कर पुर्तगाल को बढ़त दिला दी। डेनमार्क ने आखिरी समय तक जमकर संघर्ष किया, लेकिन ट्रिनकाओ के दूसरे गोल के बाद उसकी ऊर्जा खत्म हो गई। इसके बाद पुर्तगाल के स्थानापन्न खिलाड़ी गोंसालो रामोस ने एक और गोल कर पुर्तगाल की जीत को और भी भव्य बना दिया। अब सेमीफाइनल में पुर्तगाल का मुकाबला जर्मनी से होगा, जिसने इटली को 5-4 के कुल स्कोर से हराया।




# सर्राफा बाजार में सोने की कीमत में मामूली गिरावट, चांदी की बढ़ी चमक

नई दिल्ली, 24 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।

**घरेलू सर्राफा बाजार में सोने के भाव में मामूली गिरावट का रुख नजर आ रहा है। देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 89,770 रुपये से लेकर 89,970 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है।**

इसी तरह 22 कैरेट सोना 82,290 रुपये से लेकर 82,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोना के विपरीत चांदी के भाव में तेजी दर्ज की गई है, जिसके कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 1,00,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 89,970 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 82,440 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 89,770 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 82,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 89,870 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 82,340 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना 89,770 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 82,290 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 89,770 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 82,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 89,970 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 82,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 89,870 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 82,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 89,970 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 82,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोना के भाव में मामूली गिरावट आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 89,770 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 82,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### केयर हेल्थ इंश्योरेंस को 104 करोड़ का मांग नोटिस

**नई दिल्ली।** रेलिगेयर एंटरप्राइजेज लिमिटेड (आरईएल) ने सोमवार को कहा कि उसकी अनुषंगी कंपनी केयर हेल्थ इंश्योरेंस को आकलन वर्ष 2020-21 और 2021-22 के लिए 104.77 करोड़ रुपये का मांग नोटिस मिला है। आरईएल ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि मांग नोटिस मुंबई के सेंट्रल सर्किल 6(2) स्थित सहायक आयकर आयुक्त के कार्यालय द्वारा भेजा गया है। कंपनी सूचना के अनुसार केयर हेल्थ इंश्योरेंस की वित्तीय स्थिति कंपनी के साथ जुड़ी है। यदि आयकर की मांग का भुगतान करना आवश्यक है, तो इसका भुगतान बीमा कंपनी द्वारा किया जाएगा। साथ ही कर सलाहकारों की सलाह के आधार पर केयर हेल्थ निर्धारित समय सीमा के भीतर उचित मंच के समक्ष उक्त नोटिस खिलाफ अपील दायर करेगी।

### अमेजन 300 रुपए से कम कीमत वाले उत्पादों पर नहीं लेगा 'रेफरल' शुल्क




**नई दिल्ली।** ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन इंडिया ने सोमवार को 300 रुपये से कम कीमत वाले 1.2 करोड़ से अधिक उत्पादों पर रेफरल शुल्क नहीं लेने की घोषणा की। यह नया कदम उसके मंच के विक्रेताओं के लिए एक बड़ी बदलाव की ओर पहुंचाएगा। रेफरल शुल्क एक प्रकार का कमीशन है जो विक्रेता प्रत्येक बेचे गए उत्पाद के लिए अमेजन को देते हैं। अमेजन इंडिया के एक प्रमुख अधिकारी ने कहा कि इस कदम से हम विक्रेताओं के लिए अमेजन डॉट इन पर बिक्री को और अधिक आकर्षक बना रहे हैं। यह पहल अमेजन पर विक्रेताओं की वृद्धि का समर्थन करेगा। इस नए नीति के अनुसार, शून्य रेफरल शुल्क की सुविधा 135 उत्पाद श्रेणियों में लागू होगी, जिसमें परिधान, फैशन आभूषण, घरेलू सजावट, सौंदर्य प्रसाधन, रसोई उत्पाद, और पालतू पशु उत्पाद आदि शामिल हैं। इसके अलावा, अमेजन ने विक्रेताओं के लिए नई फ्लैट दर और बाहरी पूर्ति सेवाओं का भी बदलाव किया है। इसमें एक हिस्सा राष्ट्रीय शिपिंग दरों में भी कटौती का हिस्सा है, जिससे विक्रेताओं को अधिक लाभ होगा। इसके साथ हल्के सामानों पर हैंडलिंग शुल्क में भी कटौती की गई है। यह बदलाव अमेजन इंडिया की बाजार में विक्रेताओं को नया उत्साह देगा।

### एपीडा ने सिक्किम से सोलोमन द्वीप तक जीआई-टैग वाली डैले मिर्च के निर्यात को सुगम बनाया




**नई दिल्ली।** कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने सिक्किम से सोलोमन द्वीप तक जीआई-टैग वाली डैले मिर्च की पहली खेप का सफलतापूर्वक निर्यात किया है। जीआई-टैग वाली 15,000 किलोग्राम डैले मिर्च के निर्यात से सिक्किम में किसानों की आय में वृद्धि हुई है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में बताया कि सिक्किम से सोलोमन द्वीप तक जीआई-टैग वाली डैले मिर्च की पहली खेप का एपीडा ने सफलतापूर्वक निर्यात किया है। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि वैश्विक जैविक कृषि बाजार में भारत की बढ़ती प्रमुखता को चिह्नित करती है और पूर्वोत्तर क्षेत्र से प्रीमियम उत्पादों की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय मांग को उजागर करती है। खरीद के संदर्भ में अपने व्यापक नेटवर्क के जरिए दक्षिण सिक्किम के किसानों और किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) से लगभग 15,000 किलोग्राम ताजा डैले मिर्च प्राप्त की, जिसमें टिंकिटम और तारकू क्षेत्र शामिल हैं। इस खेप ने सुनिश्चित किया कि किसानों को सामान्य 180-200 रुपये प्रति किलोग्राम की तुलना में 250-300 रुपये प्रति किलोग्राम का प्रीमियम मूल्य मिले, जिससे जीआई टैगिंग और अंतरराष्ट्रीय व्यापार के आर्थिक लाभों की पुष्टि हुई।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### अग्निवीरों के...

साथ ही उन्हें कुछ जगहों पर बिना किराए के आवास की भी सुविधा मिलती है। जो लोग आधिकारिक आवास नहीं लेना चाहते, वे 2 लाख रुपए मासिक आवास भत्ते का दावा कर सकते हैं। इन सभी के अलावा और भी कई फायदे सांसदों को मिलते हैं। इसमें 50 हजार यूनिट फ्री बिजली, परिवार के सदस्यों के लिए केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना के तहत स्वास्थ्य देखभाल कवरेज शामिल है।

विडंबना यह है कि देश की सुरक्षा में जान न्यौछावर करने के लिए हर वक्त तैयार रहने वाली फौज की सम्मानजनक सैलरी और पेंशन छीन ली गई है। अग्निवीर के नाम पर सरकार ने देश की सेना के साथ छल किया और वह पैसा बचा कर सांसदों में बांट दिया। धोखाधड़ी से भरी अग्निवीर योजना के विरोध के कारण सेना के तत्कालीन सीडीएस जनरल बिपिन रावत की दुर्दशा हुई। दूसरी तरफ आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की स्थिति और भी दुखद है। भारत में सरकारों ने लाखों लोगों से आउटसोर्सिंग के माध्यम से काम कराने का चलन शुरू किया, ताकि उन्हें सम्मानजनक वेतन और पेंशन देने से बचा जा सके। ठेकेदारों से मानव संसाधन लेकर सरकारें अपना काम चला रही हैं। आउटसोर्सिंग के कर्मचारियों के वेतन का कुछ हिस्सा नौकरशाह मार लेते हैं तो कुछ हिस्सा सप्लायर ठेकेदार हड़प लेते हैं। इस तरह आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की हालत निरीह बंधुआ मजदूर जैसी होकर रह गई है। अब तो भारत में आउटसोर्सिंग एक सामान्य प्रथा बन गई है, जिसमें विभिन्न सरकारी और गैर-सरकारी संस्थानों में अस्थायी कर्मचारी काम कर रहे हैं।दूसरी तरफ जन सरोकारों की लफ्फाजियां करने वाली केंद्र सरकार सांसदों की सैलरी और पेंशन बढ़ाने का अमानवीय फैसला लेती है। केंद्र सरकार ने सांसदों के वेतन में 24 प्रतिशत की वृद्धि की है। सरकार ने यह बढ़ोतरी सांसद वेतन, भत्ता और पेंशन अधिनियम के तहत आयकर अधिनियम, 1961 में निर्दिष्ट मूल्य वृद्धि सूचकांक के आधार पर अधिसूचित की है। अहम बात यह है कि सांसदों की सैलरी पर कोई टैक्स नहीं लगता है। सांसदों को वेतन के अलावा कई तरह की अन्य सुख-सुविधाएं भी मिलती हैं। जिनमें कई सुविधाएं उनके परिवार के लोगों के लिए भी होती हैं। इसमें पत्नी के लिए कई फ्री हवाई सफर, अनलिमिटेड ट्रेन का सफर और संसद सत्र के दौरान घर से दिल्ली तक सालाना आठ हवाई सफर भी शामिल होते हैं। एक सांसद को 50 हजार यूनिट फ्री बिजली, 1 लाख 70 हजार फ्री कॉल्स, 40 लाख लीटर पानी, रहने के लिए सरकारी बंगला शामिल होता है।

### भ्रष्ट जजों पर...

जस्टिस वर्मा से न्यायिक कार्य वापस लेने समेत कई निर्देश जारी किए। मामले में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने जांच के लिए एक आंतरिक समिति गठित की और दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डी के उपाध्याय से कहा कि न्यायमूर्ति वर्मा को कोई न्यायिक कार्य न सौंपा जाए। सोमवार को न्यायमूर्ति वर्मा को अगले आदेश तक पद से हटा दिया गया।

23 मार्च को अधिवक्ता मैथ्यूज जे नेदुम्परा और तीन अन्य की तरफ से दाखिल याचिका में यह भी कहा गया कि न्यायाधीशों को दी गई छूट कानून के समक्ष समानता के संवैधानिक सिद्धांत का उल्लंघन करती है और न्यायिक जवाबदेही व कानून के शासन के बारे में चिंताएं पैदा करती है। याचिका में कहा गया है, यह घोषित करना कि न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के आधिकारिक आवास से अग्निशमन बल/पुलिस की तरफ से भारी मात्रा में धन की बरामदगी की घटना भारतीय न्याय संहिता के कई प्रावधानों के तहत दंडनीय अपराध है और पुलिस का कर्तव्य है कि वह एफआईआर दर्ज करे। याचिका में 1991 की उस टिप्पणी को चुनौती दी गई थी कि मुख्य न्यायाधीश की पूर्व अनुमति के बिना किसी उच्च न्यायालय या सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के खिलाफ कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं किया जाएगा और तर्क दिया गया था कि वे पर इनक्यूरियम (देखभाल की कमी) और सब साइलेंटियो (चुपचाप) थे।

याचिका में कहा गया है कि, न्यायालय की टिप्पणी कानून की अज्ञानता और बिना इस बात पर ध्यान दिए कि पुलिस का यह वैधानिक कर्तव्य है कि जब उसे किसी संज्ञेय अपराध की सूचना मिले तो वह एफआईआर दर्ज करे और न्यायालय का उक्त निर्देश पुलिस को उसके वैधानिक कर्तव्य का निर्वहन करने से रोकने के अलावा कुछ नहीं है। याचिका में कहा गया है कि इस निर्देश ने विशेषाधिकार प्राप्त पुरुषों और महिलाओं का एक विशेष वर्ग बनाया है, जो देश के दंडात्मक कानूनों से प्रतिरक्षित हैं। याचिका में कहा गया है, कानून के समक्ष समानता और कानून का समान संरक्षण हमारे संविधान का मूल है। कानून के समक्ष सभी समान हैं और आपराधिक कानून सभी पर समान रूप से लागू होते हैं, चाहे किसी की स्थिति, पद आदि कुछ भी हो। हमारे संवैधानिक ढांचे में एकमात्र अपवाद, यानी प्रतिरक्षा, राष्ट्रपति और राज्यपालों को दी गई है। इसमें दावा किया गया है कि न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के मामले में कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है।

इसमें कहा गया है, यह घोषित करना कि कॉलेजियम की तरफ से गठित तीन सदस्यीय समिति को 14 मार्च, 2025 को न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के आधिकारिक आवास पर हुई घटना की जांच करने का कोई अधिकार नहीं है, जहां आग लगने के कारण संयोग से नोटों के ढेर बरामद हुए थे, जो बीएनएस के तहत कई संज्ञेय हैं और समिति को ऐसी जांच करने का अधिकार देने वाला कॉलेजियम का संकल्प शुरू से ही अमान्य है, क्योंकि कॉलेजियम खुद को ऐसा आदेश देने का अधिकार नहीं दे सकता है, जहां संसद या संविधान ने कोई अधिकार नहीं दिया है। याचिका में दिल्ली पुलिस को एफआईआर दर्ज करने और अन्य लोगों को राज्य के संप्रभु पुलिसिंग कार्य में हस्तक्षेप करने से रोकने का निर्देश देने की मांग की गई है। याचिका में केंद्र को न्यायपालिका के सभी स्तरों पर भ्रष्टाचार को रोकने के लिए प्रभावी और सार्थक कार्रवाई करने का निर्देश देने की भी मांग की गई है, जिसमें न्यायिक मानक और जवाबदेही विधेयक, 2010 को लागू करना भी शामिल है, जो खत्म हो चुका है।

सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को उनके मूल न्यायालय, इलाहाबाद उच्च न्यायालय में वापस स्थानांतरित करने की सिफारिश करते हुए प्रस्ताव जारी किया है। वहीं इससे पहले इलाहाबाद उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन ने न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में स्थानांतरित करने के सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के फैसले पर आपत्ति भी जताई थी।●जज यशवंत वर्मा के दिल्ली हाईकोर्ट से इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर किए जाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने पहले ही कहा था कि उनका ट्रांसफर एक नियमित प्रक्रिया के तहत किया जा रहा है। इस ट्रांसफर का जज वर्मा के घर से मिले अधजले नोटों के विवाद से कोई लेना देना नही हैं। दिल्ली हाईकोर्ट के जज के घर से भारी मात्रा में कैश की बरामदगी मामले में राजनीति भी शुरू हो गई है। अब इस मामले में तमाम विपक्षी सांसदों ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। इसके साथ विपक्षी सांसदों ने निष्पक्ष जांच की मांग के साथ-साथ जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग भी चलाने की मांग की है। मामले में हुए घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए आपा के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा, यह एक बड़ा मुद्दा है, न्यायपालिका पर लोगों का भरोसा टूटा है। वहीं कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश खन्ना की तरफ से गठित समिति एक कदम आगे है, उन्होंने कहा कि सरकार को इस मुद्दे पर संसद में बयान देना चाहिए। उन्होंने कहा, इस नकदी अग्निकांड की सच्चाई को सामने लाना भारत के मुख्य न्यायाधीश का कर्तव्य है।

भाकपा के पी. संतोष कुमार ने कहा कि न्यायाधीश पर महाभियोग चलाया जाना चाहिए। भारत की संसद उनके खिलाफ महाभियोग चलाने के लिए कदम उठाएगी। ऐसे लोगों को (न्यायिक) मामलों के शीर्ष पर बैठे देखना दुर्भाग्यपूर्ण और चौंकाने वाला है। आजाद समाज पार्टी (एएसपी) के सांसद चंद्रशेखर ने मांग की कि न्यायिक सेवा आयोग का गठन किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, हर सरकारी पद पर नियुक्ति के लिए परीक्षाएं होती हैं। फिर न्यायाधीशों के लिए क्यों नहीं? कुछ परिवारों ने संस्थान पर कब्जा कर लिया है। अब समय आ गया है कि कॉलेजियम प्रणाली को खत्म किया जाए और एक अखिल भारतीय न्यायिक आयोग बनाया जाए।मामले में सुप्रीम कोर्ट ने शनिवार देर रात न्यायमूर्ति वर्मा के आधिकारिक आवास पर कथित रूप से भारी मात्रा में नकदी मिलने की आंतरिक जांच रिपोर्ट अपनी वेबसाइट पर अपलोड की, जिसमें फोटो और वीडियो भी शामिल है। 25 पन्नों की जांच रिपोर्ट में हिंदी में दो संक्षिप्त नोट हैं, जिसमें उल्लेख किया गया है कि 14 मार्च को न्यायमूर्ति वर्मा के आवास के स्टोररूम में लगी आग को बुझाने के बाद, चार से पांच अधजले बोरे मिले, जिनमें नोट भरे हुए थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि शॉर्ट-सर्किट के कारण आग लगी। वहीं पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा द्वारा दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय के साथ साझा किए गए वीडियो में दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अग्निशमन कर्मी उन वस्तुओं की आग बुझाते हुए दिखाई दे रहे हैं जिनमें संभवतः आधे जले हुए भारतीय नोट भी शामिल हैं।

कर्नाटक में न्यायाधीशों को हनीट्रैप में फंसाने का मामला भी अब सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया है। मामले में शीर्ष अदालत के समक्ष एक याचिका लगाई गई है और आरोपों की सीबीआई या एसआईटी से जांच की मांग की गई है। कर्नाटक में न्यायाधीशों और लोक सेवकों को हनीट्रैप में फंसाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की गई है। याचिका में आरोपों की सीबीआई या एसआईटी से जांच की मांग की गई है। याचिकाकर्ता के वकील ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका पर तत्काल सुनवाई करने की मांग की। बताया जा रहा है कि सुप्रीम कोर्ट याचिका को आज या कल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर सहमत है।

चार दिन पहले कर्नाटक सरकार के सहकारिता मंत्री केएन राजन्ना ने विधानसभा में दावा किया था कि केंद्रीय नेताओं समेत 48 राजनेता हनी ट्रैप में फंस गए हैं। राजन्ना ने कहा था कि कर्नाटक को सीडी और पेन ड्राइव फैक्ट्री कहा जा रहा है। पता चला है कि 48 लोगों की सीडी-पेन ड्राइव उपलब्ध हैं।नेटवर्क पूरे भारत में फैला है। कई केंद्रीय मंत्री भी फंसे हैं। अन्य विधायकों ने भी मंत्री राजन्ना के बयान का समर्थन किया था। इसके बाद राज्य के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने का आश्वासन दिया। इस मामले में गृह मंत्री जी परमेश्वर ने कहा था हमें बस इतना पता है कि हमारी खुफिया एजेंसियों ने सैन्य खुफिया एजेंसियों के साथ मिलकर दीप राज चंद्र नामक व्यक्ति को कुछ जानकारी दी थी। पता चला कि वह पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों के साथ हाल की घटनाओं और उपकरणों के रहस्यों के बारे में गोपनीय जानकारी साझा कर रहा था। अब सैन्य खुफिया एजेंसियां इस मामले को आगे ले जाएंगी।

इसे लेकर विपक्ष ने जांच की मांग की। भाजपा विधायक और विधानसभा में विपक्ष के नेता आर अशोक ने कहा कि यह किसी एक पार्टी का मुद्दा नहीं है। यह लोगों के लिए काम करने वाले विधायकों के खिलाफ सबसे बड़ी साजिश है। कुछ लोग अपने छिपे हुए एजेंडे के तहत ये सब (हनीट्रैप) कर रहे हैं। भाजपा विधायक बासनगौड़ा पाटिल ने राज्य के गृह मंत्री डॉ जी परमेश्वर से मांग की कि हनीट्रैप मामले की जांच सीबीआई से कराई जाए ताकि इसकी निष्पक्ष जांच हो सके। उन्होंने इसे लेकर गृह मंत्री को पत्र लिखा है।

जस्टिस यशवंत वर्मा का तबादला इलाहाबाद हाईकोर्ट करने के विरोध में हाईकोर्ट के अधिवक्ताओं ने आज सांकेतिक हड़ताल की। सभी अधिवक्ता सोमवार को आधे दिन तक न्यायिक कार्य से विरत रहे। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की लंच के बाद हुई बैठक में हड़ताल पर रहने का फैसला लिया गया। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की ओर से बुलाई गई आकस्मिक आमसभा में न्यायमूर्ति के बंगले से कथित रूप से जले हुए नोट मिलने के मामले की ईडी व सीबीआई से जांच कराने की मांग की। साथ ही प्रस्ताव पारित कर कहा कि महाभियोग चलाया जाना चाहिए।

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने आम सभा में प्रस्ताव पारित कर न्यायमूर्ति का स्थानांतरण इलाहाबाद करने का कड़ा विरोध किया। प्रस्ताव में कहा गया कि मुख्य न्यायाधीश को सीबीआई, ईडी व अन्य जांच एजेंसियों को एफआईआर दर्ज करने और जांच करने की अनुमति देनी चाहिए। कॉलेजियम के माध्यम से न्यायाधीशों की नियुक्ति की प्रक्रिया पारदर्शी नहीं है। ऐसे में योग्य और सक्षम व्यक्तियों का चयन नहीं हो पाता है। मुख्य न्यायाधीश को कॉलेजियम प्रणाली पर विचार करना चाहिए। हाईकोर्ट में रिक्त पदों को यथा शीघ्र भरा जाए। अंकल जज सिंड्रोम के खिलाफ भी प्रस्ताव पारित किया गया। कॉलेजियम से इस ओर ध्यान देने की मांग की गई। प्रस्ताव को सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश और सुप्रीम कोर्ट के सभी न्यायाधीशों को भेजने का फैसला लिया गया।

### समय आने...

उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार की मुस्लिम आरक्षण के लिए संवैधानिक बदलाव संबंधी कथित टिप्पणी का मुद्दा उठाया, जिसके बाद राज्यसभा में हंगामा शुरू हो गया। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने डीके शिवकुमार का इस्तीफे की मांग की। उन्होंने कहा कि मुस्लिम आरक्षण का मुद्दा उठाकर कांग्रेस ने बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान की प्रतिष्ठा को धूमिल किया है। अगर हिम्मत है तो आज ही उप मुख्यमंत्री का इस्तीफा मांगिए। काफी देर तक चले हंगामे के बाद राज्यसभा और लोकसभा को दो बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।शिवकुमार के बयान पर भाजपा नेता जेपी नड्डा ने कहा कि तेलंगाना विधानसभा में सबसे पहले उन्होंने एससी, एसटी और ओबीसी के अधिकारों को छीनकर मुसलमानों और अल्पसंख्यकों को आरक्षण दिया। जेपी नड्डा ने डीके शिवकुमार का बयान भी दो-हराया और कहा कि डीके शिवकुमार ने फिर कहा है कि संविधान कांग्रेस ने दिया है और संविधान बदलने का काम भी कांग्रेस ही करेगी। कोई पश्चाताप नहीं है। जेपी नड्डा ने राज्यसभा में कहा कि यह बेहद दुखद है कि कांग्रेस पार्टी अपने आप को संविधान की रक्षक बताती है लेकिन वो संविधान की धज्जियां उड़ाने का प्रयास कर रही है। जेपी नड्डा ने कहा कि भीमराव अंबेडकर ने लिखा है कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होगा लेकिन कांग्रेस पार्टी संविधान की धज्जियां उड़ा रही है।

### कांग्रेस काल में ...

और एनईपी 2020 के मसौदे में भी ऐसा ही है। आगे त्रिभाषा नीति का जिक्र करते हुए अन्नामलाई ने कहा कि मई 2019 में मोदी सरकार ने एनईपी के मसौदे में तीसरी भाषा को हिंदी से बदल कर अपनी पसंद की कोई भी भी भारतीय भाषा चुनने का विकल्प रखा था। इसके साथ ही अब एनईपी आपकी पसंद की तीसरी भाषा प्रदान करती है। आप तेलुगु, कन्नड़, मलयालम या हिंदी भी पढ़ सकते हैं। यह 3-भाषा नीति है।

एनईपी 2020 और तीन भाषा नीति के समर्थन में इस महीने की शुरुआत में शुरू किए गए हस्ताक्षर अभियान को भी अन्नामलाई ने सफल बताया। उन्होंने कहा कि 18 दिनों में 26 लाख हस्ताक्षर प्राप्त हुए हैं। वहीं,डीएमके पर तंज कसते हुए अन्नामलाई ने कहा कि उन्होंने भी कई हस्ताक्षर अभियान शुरू किए हैं। इनमें नीट के खिलाफ अभियान भी शामिल है। अन्नामलाई ने पूछा कि डीएमके के नीट विरोधी हस्ताक्षर अभियान का क्या हुआ, इस पर कितने लोगों ने हस्ताक्षर किए, कोई नहीं जानता।

अन्नामलाई ने सीएम स्टालिन और उनके मंत्रियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि कई डीएमके नेता उत्तर भारतीयों के बारे में बुरा बोल रहे हैं। ऐसा नहीं होना चाहिए। सीएम स्टालिन इस भ्रम में जी रहे हैं कि उनकी पार्टी राज्य में 2026 के विधानसभा चुनावों में 200 से अधिक सीटें जीतेगी। लेकिन ऐसा नहीं होगा।

### छेड़छाड़ से परेशान...

युवती ने बताया कि उसी कोच में यात्रा कर रही दो महिला यात्रियों के अलवल रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से उतरने के बाद कोच खाली हो गया और उसके साथ जबरदस्ती की जाने लगी। वह खुद को बचाने के लिए चलती ट्रेन से कूद गई। स्थानीय लोगों ने युवती को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। युवती की शिकायत के आधार पर बीएनएस की धारा 75 (महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से उस पर हमला या आपराधिक बल का प्रयोग) और 131 (आपराधिक बल का प्रयोग) के तहत मामला दर्ज किया गया है। प्राइवेट कंपनी में काम करने वाली युवती के साथ घटी ऐसी घटना के मामले में पुलिस छानबीन कर रही है। लेकिन अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

### असम और दिल्ली...

पहुंचाए जाते थे। डीसीपी चौहान ने बताया है कि मनवर की तरफ से यूपीआई किए गए पैसे बांग्लादेश के बशीरहाट में फॉरेक्स एजेंट निमाई करमाकर और गौरांग दत्ता तक जाते थे। यह दोनों जमा हुई पूरी रकम को हवाला जैसे अन्य माध्यमों से भी घुसपैठियों के रिश्तेदारों तक पैसे पहुंचा देते थे। दिल्ली पुलिस ने बंगलादेशी घुसपैठियों से 23 वोटर कार्ड, 19 पैन कार्ड, 17 आधार कार्ड, 11 जन्म प्रमाण पत्र और छह सादे वोटर कार्ड कब्जे में लिया है।कई घुसपैठियों ने यहां भारतीय महिलाओं से शादी भी कर ली है और उनके बच्चे भी स्थानीय स्कूलों में पढ़ते हैं। यहां तक कि घुसपैठियों के बच्चे ईडब्लूएस कोटा का फायदा भी उठा रहे हैं। एक बांग्लादेशी घुसपैठिए ने एयरलाइन में नौकरी तक ले ली थी। दिल्ली में पकड़े गए बांग्लादेशी घुसपैठिए एक-एक कर भारत आते गए। पुलिस ने बताया है कि बांग्लादेश से 2007 में मोहम्मद आलमगीर भारत आया। यहां उसने एक भारतीय महिला से निकाह किया। उसके 13 और 9 साल के दो बच्चे हैं। उसका भाई मोहम्मद जुवेल 2021 में आया। इसके अलावा मोहम्मद लतीफ खान 2015 में, नदीम शेख 2021 में, मिजानुर रहमान और रबिउल 2022 में एवं कमरुज्जमान 2014 में भारत आए। इन सब में सबसे अधिक समय तक भारत में रहने वाला मोहम्मद रेजाउल है जो 2000 में आया था। वह बीते दो साल में 22 बार बांग्लादेश का चक्कर लगा चुका है। वहीं दिल्ली पुलिस ने बताया है कि उसने पहले गिरफ्तार किए गए 6 बांग्लादेशी घुसपैठियों को वापस बांग्लादेश डिपोर्ट कर दिया है। इसके अलावा 4 और बांग्लादेशी घुसपैठियों की जांच की जा रही है, यह जांच पूरी होने के बाद इन्हें भी बांग्लादेश वापस भेज दिए जाएंगे।

### प्याज पर...

केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा, हमारे किसानों द्वारा मेहनत से उपजाया गया प्याज दुनिया के बाजारों में बिना एक्सपोर्ट ड्यूटी के जाए और किसानों को लाभकारी मूल्य मिल सके, इसे सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने यह फैसला लिया है।

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, मंगलवार, 25 मार्च, 2025

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें।

# पित्ती ट्रस्ट एवं अग्रवाल सेवा दल का 142वां मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर सम्पन्न

**हैदराबाद, 24 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** बदरीविशाल पन्नालाल पित्ती ट्रस्ट एवं अग्रवाल सेवा दल द्वारा श्री बालाजी मंदिर ट्रस्ट राजस्थानी समाज शेर लिंगमपल्ली सहयोग से 142 वां निशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर शेर लिंगमपल्ली तारा नगर स्थित श्री बालाजी मंदिर में सम्पन्न हुआ।अग्रवाल सेवा दल के अजीत गुप्ता द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, किम्स सनशाइन हॉस्पिटल द्वारा जनरल फिजिशियन, कार्डियोलॉजी, हड्डी रोग, ईसीजी, 2व इको, बीएमडी, बीपी जांच, आरबीएस की सेवा जेन मेड एंड कैडियो डॉ. गायत्री , ऑर्थो डॉ शर्ली , नर्सिंग स्टाफ सुजा, जॉर्डन, निरोशा, 2डी इको तकनीशियन गौतम, बीएमडी तकनीशियन मोहन, मार्केटिंग उदय कुमार ने सेवा प्रदान की। एलसीएस साधुराम नेत्र चिकित्सालय डोमलगुडा द्वारा नेत्रों की जांच की गई जिसमें 194 लोगों के आंखों की जांच की गई जिसमें मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए 09 का चयन किया गया और 85 को चश्मे वितरित किये गये। अवसर पर



ऑप्टोमेट्रिस्ट पी.विजयश्री, लक्ष्मण, भरत, राहुल, शिविर संयोजक यादगरी, भास्कर, सलमान ने सेवा दी। डॉ. अखिला क्लिनिक के जनरल फिजिशियन डॉ.अखिल सुगंधी एवं डॉ.मीनल खिरिया सुगंधी द्वारा सामान्य जांच की गई। अवसर पर श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति हैदराबाद द्वारा कृत्रिम अंग वितरण का शिविर लगाया गया जिसमें 2 रोगियों को निशुल्क कृत्रिम अंग, कैलिपर्स आदि का वितरण किया गया। फिजियोथैरेपी की सेवा बजाज फिजियोकेयर की डॉ.मीता बजाज द्वारा की गई। स्त्री रोग की जांच एनईओ एशियन क्लीनिक्स की डॉ.सी.नाग जयंती द्वारा की गई। शिविर का 239 से अधिक रोगियों ने लाभ लिया।

शिविर संयोजक एवं अग्रवाल सेवा दल के प्रदीप अग्रवाल, अजीत गुप्ता, विनय सी अग्रवाल, कैलाश केडिया, निखिल राणासरिया, उर्मिला अग्रवाल मुख्य अतिथि विधायक अलकापुरी, निगमायुक्त रंगम नागेन्द्र यादव, नगरसेवक रथनाथ रेड्डी. पूर्व परामर्शदाता वीरेशम भगवान. स्थानीय भागीदार श्री बालाजी मंदिर ट्रस्ट, राजस्थानी समाज सीरिलिंगमपल्ली, कामगार सदस्य. राजेंद्र तिवारी, अशोक पारीक, महेश शर्मा, कमल किशोर मूण्डा, सत्यलाल धानुका, बंचना राम जाट, समाज के संस्थापक सोहन लाल दायमा, मोनिका जोशी, ताराचंद जोशी, सुखदेव जोशी, रामनिवास जोशी, परमोत्तम तिवारी. दामोदर तिवारी, माधो किशन तिवारी, रमेश बोहरा, जी विनोद जोशी, मंडल तिवारी. दीन बोहरा, कैलाश पांडिया. हितेश पांडिया. महावीर जोशी, संतोष व्यास, भगवान वैष्णव, वालाराम चौधरी, अनंतलाल सीरवी, सिद्धार्थ अग्रवाल, स्वयंसेवक निर्मला केडिया, सुमन भुवानिया, बबीता गर्ग, सुनयना नारसरिया, अंकित, अग्र महिला मंच की दीपा गर्ग, सरला अग्रवाल, वंदना अग्रवाल, समाज सेवी गोपाल सिंह, शंकर लाल यादव, घनश्याम यादव सहित पित्ती लैमिनेशंस के सदस्यों ने अपना सहयोग प्रदान किया।




# राणी सती दादी पर आधारित फिल्म मोटी सेठानी देखने के लिए उमड़ी दादी भक्तों की भीड़



**हैदराबाद, 24 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** घाँसी बाजार व महेन्द्रा हिल्स स्थित श्री राणी सती दादी मंदिर के सौजन्य से सदा के बैनर तले बनी फिल्म मोटी सेठानी को देखने के लिए उमड़ी दादी भक्तों की भीड़। माँ नारायणी का मंगल पाठ, जो घर-घर गाया जाता है, को बड़े पर्दे पर पहली बार देखकर महिलाओं में उत्साह का संचार रहा । आयोजकों में भारी उत्साह देखा गया । फिल्म के जरिए नारायण दादीजी के जीवन से विशेषकर युवा पीढ़ी को अवगत कराने का प्रयास किया गया। आज दोपहर में राणी सती दादीजी के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन और आरती का कार्यक्रम महिलाओं द्वारा आयोजित किया गया। आयोजकों की ओर से फिल्म देखने आये भक्तों का आभार प्रकट किया। विशेष रूप से पीवीआर थिएटर के मैनेजर राजेश अंबेकर को धन्यवाद दिया गया।



माता की पुजा अर्चना में भाग लेती हुई बैंगलुरू कोरमंगला महिला मंडल ग्रुप की सदस्य पिस्ता, ममता, लक्ष्मी, सैनकी ,गीता, सुनीता, पुष्पा देवी , प्रेमा, मिश्री, लीला, लीला, मजु बाई कमला देवी, पारी बाई प्रेम, मजू बाई ,कमली, पानी बाई, गनकी, व अन्य।



आगामी 6 अप्रैल को आयोजित होने वाली रामनवमी शोभा यात्रा के संदर्भ श्री राम नवमी उत्सव समिति के अध्यक्ष डॉ. भगवत राव, समिति के महामंत्री गोविंद नारायण राठी, करोड़ीमल नरसिंहपुरिया, समिति के सदस्य एम.वेंकटम, महेंद्र व्यास, श्रीरामव्यास, एम. रामाराजू, नारायण सारदा, परमेश्वरी सिंह तथा आनंद सिंह ने सोमवार को बशीरबाग कमिश्नर कार्यालय में पुलिस कमिश्नर सीवी आनंद (आईपीएस) से मिलकर रामनवमी के शोभायात्रा का अवेदन किया।



राधे राधे ग्रुप द्वारा नियमित अन्नदान के अंतर्गत सोमवार को स्व. श्री कन्हैयालाल अग्रवाल की मासिक पुण्यतिथि के अवसर पर श्री कन्हैयालाल सुरेशकुमार टिबड़ेवाल परिवार (श्री जगदम्बा सेल्स) द्वारा नामपल्ली स्थित पाब्लिक गार्डन, पिलर नं. ए1265 के समीप जरूरतमंद लोगों में अल्पाहार सेवा की गई। इस अवसर पर -सतीश गुप्ता, आशा अग्रवाल, रामप्रकाश अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, भगतराम गोयल,महेश अग्रवाल, नंदकिशोर अग्रवाल, गोपाल गोयल, ई. जगन, प्रीतिका अग्रवाल, विशाल अग्रवाल,शिवानी अग्रवाल, उम्मीद अग्रवाल, कौशिक अग्रवाल, निविका अग्रवाल, श्याम सुंदर अग्रवाल एवं राधे राधे ग्रुप के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# जगन्नाथ स्वामी मठ में काशी से पधारे संतों का स्वागत समारोह सम्पन्न

**हैदराबाद, 24 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

महाकुंभ से आवहन अखडा के महायोगी स्वामी पावन गिरी जी महाराज, नाग बाबा महेंद्र गिरी अपने समूह के साथ हैदराबाद पधारे।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति में रिद्धिश जागीरदार ने बताया कि ँ लव फॉर काऊ फाउंडेशन, अखिल भारत हिंदू महा सभा, जगन्नाथ स्वामी मठ एवं ओम पीठम की ओर से उनका स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में स्वामी कमलेश महाराज, रिद्धिश जागीरदार, वेंकटेश गुप्ता, पी बाल कृष्णा आदि उपस्थित रहे।

इस अवसर पर पवन गिरी ने



कहा की गाय बचेगी तोह भारत विश्व गुरु बनेगा इस लिए उन्होंने क्षेत्री निवासियों से आह्वान किया कि कोई भी गौशाला में गौ माता भूखी ना रहे। इसीलिए सभी प्रतिदिन हर हिंदू सनातनी के घर से एक रुपया निकले।

पहली रोटी गाय की होती है और दूसरी रोटी स्वान की होती है और जिस घर में इसका पालन होता है। वह घर मन्दिर बन जाता है। और मात्र उस एक रुपये से जो घास मिलता उस घाँस से 33 करोड़ देवता के पूजा का फल मिल जाता है।इस के फल स्वरूप देखने को मिला, भाग्यनगर मे मिर्ज़ा लतीफ नाम के व्यक्ति ने अपने घरों मे कई गौवंश का पालन करता है और हर तव्हार् के अवसर पर गौ दान करता है।

कमलेश स्वामी ने कहा की हर मुसलमान अपने घर मे गाय को पालने लगे तोह भारत पुनः विश्व गुरु बन जायेगा। रिद्धिश जागीरदार ने कहा की लव फॉर का ऊ फाउंडेशन द्वारा चलाये जा रहे ींपिवर् ींपिवर् चलो गौशाला एवं प्रतिदिन गौ सेवा हेतु एक रुपया दान दें ने का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। आगामी राम नवमी को संस्था को 13 वर्ष पूर्ण करने जा रही है। आज संस्था से हजारो लोग जुड़ चुके है ।



माँ दुर्गा की कृपा संस्था चैरिटेबल ट्रस्ट का मासिक अन्नप्रसाद कार्यक्रम ई.एन.टी. अस्पताल कोठी में करीब 400 लोगों में वितरित किया गया । सेवा में ट्रस्ट के संस्थापक सदस्य एडवोकेट हेमा मालिनी तायल, प्रचार व प्रसार संयोजक मुकुंदलाल अग्रवाल एवं अन्य सदस्यों में- अर्जुन अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, श्रीमती संतोष अग्रवाल, कांता अग्रवाल, शारदा अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, संतोष गोयल, मधु गोयल, सुनीता अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, मीरा अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, सपना तुलस्यान आदि उपस्थित थे।



कृष्णा सखी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा नेता सपना गुप्ता, उमा, पूजा, रेखा, उर्मिला, मधू एवं प्रमिला।

# एकादशी की उपलक्ष में विशेष पूजा एवं हवन आज

**हैदराबाद, 24 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** श्री संकट मोचन दक्षिण मुखी वीर हनुमान मंदिर, सीअर नगर, कोतवालगुड़ा, हिमायत सागर में पापमोचनी एकादशी के पावन अवसर पर मंगलवार दि.25 मार्च 2025 को साय 7:31 से रात्रि 11 बजे तक, सुंदरकांड पाठ, संपूट सहित हनुमान चालीसा का पाठ, हवन एवं श्री हनुमानजी के श्रृंगार आरती का आयोजन किया जाएगा । मंदिर के पुजारी लालजी शुक्ला एवं विनीत शुक्ला महाराज द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में जानकारी देते हुए बताया कि मंदिर परिसर में प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को हनुमान चालीसा ,सुंदरकांड पाठ, हवन इत्यादि का कार्यक्रम किया जाता है। नगर के भक्तों से आग्रह है कि अधिक से अधिक संख्या में पढ़कर कार्यक्रम में भाग ले ।

# सिख सिकलिगर समाज के पदाधिकारी मनोनीत



**हैदराबाद, 24 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सिख सिकलीगर समाज के तेलंगाना प्रेसिडेंट सरदार आनंद सिंह की अनुशंसा पर सिख सिकलिगर समाज रंगारेड्डी के पदाधिकारीयो का मनोनय हुआ । इस मौके पर अध्यक्ष सरदार गुरमुख सिंह गुल्लू ,उपाध्यक्ष सरदार मोहन सिंह मंत्री सरदार ठाकुर सिंह, सह मंत्री सरदार कुलदीप सिंह, कोषाध्यक्ष सरदार लक्ष्मण सिंह को मनोनीत किया गया तथा कार्यकारिणी में सरदार सोना सिंह एवं सरदार रणजीत सिंह को भी लिया गया यह जानकारी नवनिर्वाचित अध्यक्ष गुरमुख सिंह गुल्लू ने दी इस मौके पर समाज के सैकड़ो लोग मौजूद थे।



कुमावत समाज विकास संस्थान, बिबवेवाड़ी (पुणे) से पधारे बाबुलाल चांदोरा, राजूराम माल, प्रवीण मावर, रिंकेश मावर, सुनील खरनालिया द्वारा राधाकृष्णा व श्री जगदगुरु केवलरामाचार्यजी को श्री कुबाजी महाराज मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण देते हुए कुमावत समाज ज्ञानबाग कॉलोनी, हैदराबाद-सिकन्दराबाद के अध्यक्ष रूपाराम भोपा साथ में आप और हम के अध्यक्ष धर्मीचन्द कुमावत, कानाराम हांगर, नारायणलाल घोड़ावड़, तुलचाराम ऐकलिया, थानाराम हिन्दड़, रामकिशोर भड़लीवाल, सोहनलाल मानणिया, मदनलाल दुबलदिया।

# झुंझुनू प्रगति संघ हैदराबाद ने मनाया होली स्नेह मिलन




**हैदराबाद, 24 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** झुंझुनू प्रगति संघ हैदराबाद द्वारा आयोजित होली स्नेह मिलन समारोह आज मोक्ष बैंक्वेट्स, सिकंदराबाद में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ संघ के अध्यक्ष श्री राजकुमार जी पंसारी द्वारा स्वागत भाषण और जन्मभूमि स्तुति के साथ हुआ। इसके पश्चात संघ के सभी सदस्यों ने हाई-टी के दौरान एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएँ दीं और जलपान का आनंद लिया।

इसके बाद सह-सचिव श्री योगेश सिंघानिया और श्रीमती दीप्ती ढेड़िया ने मनोरंजक तंबोला का आयोजन किया, जिसमें सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विजेताओं में बीना तुलस्यान, सरिता खंडेलिया, हृदय जालान, सोनम जालान, निखिल जालान, नित्या गुप्ता, दिव्यांश सिंघानिया, अंकित गाड़िया और मोनिका जालान शामिल रहे।

तंबोला के उपरांत होली विशेष प्रश्न मंच का आयोजन किया गया, जिसमें 20 से अधिक रोचक और ज्ञानवर्धक प्रश्न पूछे गए। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सही उत्तर देने वालों को हाथों-हाथ पुरस्कार दिए गए।

इसके पश्चात लकी ड्रॉ का आयोजन किया गया, जिसमें श्री ऋ.ड. मित्तल, श्रीमती बबीता तुलस्यान, श्री उमेश जी उदयपुरिया और श्री संदीप जी ढेड़िया विजेता बने और उन्हें पुरस्कार भेंट किए गए।संघ से नए जुड़ने वाले सदस्यों का परिचय भी इस अवसर पर करवाया गया। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष श्री राजकुमार जी पंसारी और उनकी मित्र मंडली ने ढप पर होली के मारवाड़ी गीतों का आनंद लिया, जिससे माहौल और भी रंगीन हो गया। समारोह का समापन भव्य रात्रि भोज के साथ हुआ। इस सफल आयोजन के लिए संघ के सचिव ने सभी उपस्थित सदस्यों, कार्यकारिणी समिति और सहयोगियों का हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया। इस होली मिलन कार्यक्रम में समाज के कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें श्री ज्योति प्रकाश जी टिबड़ेवाल, श्रीमती मंजू टिबड़ेवाल, श्री मुरारीलाल जी राणासरिया, श्री ओमप्रकाश जी पंसारी, डॉ. दिलीप जी पंसारी, श्री शंकरलाल जी तुलस्यान, श्री कुंजबिहारी जी मित्तल, श्री श्याम जी केडिया, श्री पवन जी पंसारी, श्री नितिन तुलस्यान, श्री राकेश तुलस्यान, श्री अंकुर गुप्ता, श्री कृष्णा पंसारी, श्री आनंद जी तुलस्यान, श्री उमेश जी उदयपुरिया और श्री ऋ.ड. मित्तल सहित कई प्रमुख सदस्य शामिल रहे। झुंझुनू प्रगति संघ हैदराबाद द्वारा आयोजित यह आयोजन सभी के लिए एक यादगार अनुभव बना और इसने समुदाय को और अधिक सशक्त व एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

संघ के सचिव श्री संदीप जी ढेड़िया ने सभी सदस्यों से व्यक्तिगत रूप से मिलकर उनका धन्यवाद किया। उन्होंने संघ की कार्यकारिणी समिति के उन सभी सदस्यों का विशेष आभार व्यक्त किया, जिन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान दिया। उनकी इस आत्मीयता और स्नेह ने सभी उपस्थित जनों के मन को छू लिया और कार्यक्रम को और भी यादगार बना दिया। इस तरह झुंझुनू प्रगति संघ हैदराबाद का होली स्नेह मिलन समारोह प्रेम, उल्लास और आपसी सौहार्द के रंगों से सराबोर रहा, जिससे समाज के सभी सदस्यों के बीच एक नई ऊर्जा और जुड़ाव का संचार हुआ।

# साध्वी गवेषणाश्री का बोलाराम में रविवारसीय प्रवचन



**हैदराबाद, 24 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** युगप्रधान आचार्य महाश्रमण जी की सुशिष्या डॉ साध्वी गवेषणाश्री जी के सान्निध्य में विशेष कार्यशाला का आयोजन जैन विश्व निलयम, बोलाराम में तेरापंथ ट्रस्ट के तत्वाधान में रखा गया। राजेन्द्र बोथरा द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार डॉ साध्वी गवेषणा ने इस अवसर पर कहा जिंदगी एक खेल है इससे खेलना सीखे। जिंदगी को आह नहीं वाह बनाना है तो सिर्फ बैठने से नहीं चलेगा उसके लिए व्यक्ति को पुरुषार्थ करना पड़ेगा। अपने अहंकार और ममकार को डशीं ऋ करना होगा। मन रूपी शत्रु को तीतर बीतर किए बिना विनम्रता और जीवन का विकास असंभव है। आत्मा पर मूर्छा का आवरण होता है तब अहंकार और ममकार का जागरण होता है। आवश्यक है इन सारे वायरस को दूर करके अपने भीतर के मस्तिष्क रूपी कंप्यूटर की सफाई करें।

साध्वी मयंकप्रभा जी ने कहा जीवन के स्तर को ऊंचा उठाना है या नीचे ले जाना है यह हम स्वयं पर निर्भर है। यदि अपनी लाइफ का ग्राफ ऊंचा उठाना है तो अपनी सोच को आकाश की तरह ऊंची और विशाल रखें। पंखे की तरह जीवन को ठंडा रखे और दीवार पर टंगी हुई घड़ी की तरह समयबद्ध रहना सिखे। रौनक नाहटा के स्वर ने नया रंग भर दिया। साध्वी दक्षप्रभा ने कौन लिखता है यहां पर विषय आधारित भावपूर्ण गीतिका प्रस्तुति दी।कार्यक्रम की शुरुआत प्रेरणा सुराणा के मंगलाचरण से हुई। मंच का कुशल संचालन साध्वी मेरू प्रभा जी ने किया तथा बोलाराम सभा अध्यक्ष रतन सुराणा ने आभार ज्ञापन किया।

# अग्रवाल मानव सेवा मंच का 1867वां स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित



**हैदराबाद, 24 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल मानव सेवा मंच के प्रचार-प्रसार संयोजक श्याम सुंदर अग्रवाल ने विज्ञप्ति जारी करके जानकारी दी कि इस 187 वां विशाल निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ श्री अग्रसेन महाराज जी भारत माता की पूजा अर्चना से हुआ । इस स्वास्थ्य शिविर के प्रयोजक अग्रवाल समाज कोमपल्ली शाखा है।अग्रवाल समाज कोमपल्ली शाखा के अध्यक्ष श्री राजेश कुमार गोयल ने भारत माता और श्री अग्रसेन महाराज के छायाचित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर दीपक प्रज्जवलित किया ।

मंच के प्रधान संयोजक विनोद अग्रवाल संयोजक विष्णु गुप्ता, प्रचार-प्रसार संयोजक श्याम सुंदर अग्रवाल सह संयोजक, जयप्रकाश अग्रवाल, डॉ आषीश तोदी,अरुण विजयवर्गीय, और कोमपल्ली शाखा सचिव विशाल हिसारिया, सदस्य उमेद मित्तल, श्रीमती सरला साह,कु. वंशिका, समाज सेवी श्री सुपाड़ी दोमोदर, गजानंद भाटी, महीपाल चौधरी, बाबूलाल वैष्णवी दिपक, सुरज, सेवा भारती की श्रीमती संगीता जी ने उपस्थिति होकर इस शिविर को सफल बनाया । इस शिविर में किम्स अस्पताल, सिकंदराबाद के डाक्टरों ने रक्तचाप ,सुगर टेस्ट, ईसीजी,सामान्य रोगों से संबंधित रोगियों, हृदय से संबंधित रोगियों,हड्डी से संबंधित रोगियों, महिला संबंधित रोगियों, बच्चों संबंधित रोग के रोगीयों हृदय रोग से संबंधीत रोगियों का निरीक्षण कर निदान किया। स्वरुप आई सेंटर अबिडस और बंजारा हिल्स,हैदराबाद के नेत्र विशेषज्ञों ने रोगियों का परिक्षण करके नेत्र संबंधित समस्याओं का निदान किया। 27 रोगीयो का मोतियाबिंद के लिए चिन्हित किया गया उनका निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन संधन परिक्षण के बाद स्वरुप आई केयर सेंटर ,अबिडस, हैदराबाद में होगा। एशियन ईनटी केयर सेंटर बेगमपेट के डॉ छावा अन्जनेयेलू के नेतृत्व में विशेषज्ञ के द्वारा नाक, गले और कान से ग्रस्त रोगियों को अपनी सेवा प्रदान की । श्री प्रियंका डेंटलक्लिनिक, बेगमपेट अबिडस हैदराबाद के डॉ आषीश तोदी ने दांतों के रोगी यों को सेवा प्रदान की। वासवी फिजियोथैरेपी एंड रिहेबलिटेशन सेंटर लकड़ी का पूल, हैदराबाद के डॉ रवि के नेतृत्व में पूरी टीम ने रोगियों को अपनी सेवा प्रदान करके लाभ प्रदान किया। बाल गोविन्द राय हेल्थ केयर सेंटर अत्तापूर हैदराबाद के सरदार गोबिंद सिंह ने अपनी पूरी टीम के साथ प्राकृतिक विधी एकुप्रेसर के द्वारा रोगीयों को सेवा प्रदान की । नारायण सेवा संस्थान, कोठी द्वारा कृत्रिम अंग प्रदान करने हेतु पंजीकरण करने के लिए शिविर में भाग लिया। भारत विकास परिषद की टीम ने रोगियों का हेमोगलोबिन परिक्षण किया। इस शिविर मे किम्स फाऊंडेशन एंड रिसर्च सेंटर की पूरी टीम ने दिल खोलकर कर निशुल्क दवाइयां का वितरण किया। इस भव्य स्वास्थ्य जांच शिविर में 378 स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य जांच सेवों का लाभ उठाया।

रामावत इनोवेटिव स्कूल के संस्थापक श्री किशोरी लाल जी शर्मा सपत्नीक श्रीमती रामा शर्मा के साथ शिविर में उपस्थित होकर उत्साह वर्धन किया। रामावत इनोवेटिव स्कूल के वर्तमान निर्देशक श्री शशीकांत शर्मा एवं प्रिंसिपल श्रीमती रेखा शर्मा के कुशल नेतृत्व में अध्यापकों और कर्मी गणों के सहराणीय सहयोग देकर शिविर के आयोजन को सफल बनाया । समापन में मंच के प्रचार-प्रसार संयोजक श्याम सुंदर अग्रवाल ने शिविर के सफल आयोजन के लिए जूडे सभी संबंधित पक्षों का धन्यवाद ज्ञापन किया।

# डॉ. अखिलेश निगम अखिल के नाम कविता की शाम कार्यक्रम सम्पन्न



**हैदराबाद, 23 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** गीत चाँदनी, हिंदी लेखक संघ और गोलकोण्डा दर्पण (मासिक) के संयुक्त तत्वावधान में कविता की एक शाम डॉ. अखिलेश निगम अखिल के नाम कार्यक्रम मौज़मज़ाही मार्केट स्थित डॉ. मोहन गुप्ता के आरोग्य अस्पताल व कैलाश डायग्नोस्टिक सेंटर के सभागृह, आबिद, हैदराबाद में संपन्न भव्यता के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। गीत चाँदनी के अध्यक्ष व गीतकार श्री चंपालाल बैद ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और गीत चाँदनी के कार्यदर्शी, गोलकोण्डा दर्पण के संपादक व कवि गोविंद अक्षय ने संचालन किया और संस्थाओं का परिचय दिया। उन्होने आगे कहा कि सम्माननीय अतिथि कवि डॉ. अखिलेश निगम अखिल का जन्म 5 अगस्त, 1966 को लखनऊ (उत्तर प्रदेश) में हुआ। आप मुख्यत: गीत, छंद, ग़ज़ल, दोहा, नयी कविता, हास्य-व्यंग्य , कहानी, लेख, लघुकथा, समीक्षा एवं संस्मरण आदि विधाओं में अपनी रचनाएँ निरंतर लिखते रहते हैं। आपकी 20 से अधिक कृतियाँ अलग-अलग विधाओं की प्रकाशित हो चुकी हैं। आपको देशभर की साहित्यिक एवं सामाजिक संस्थाओं द्वारा 50 से अधिक विशिष्ट सम्मान और मानद उपाधियाँ प्राप्त हुई हैं। आपकी रचनाएँ देशभर की पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित तथा टीवी चैनलों पर प्रसारित होती रहती हैं। आपने समाज में हो रही नशाखोरी के विरुद्ध व्यापक जनजागरण का अभियान चलाया है। संप्रति आप लखनऊ (उत्तर प्रदेश) के डीआईजी सीबीसीआईडी हैं। सुप्रसिद्ध समाज व डॉ. मोहन गुप्ता, श्री राजेंदर कुमार अग्रवाल, श्री ठाकुर अमरदीप सिंह, श्री राजेश सिंह वर्मा, श्रीमती शोभा दुबे बतौर विशेष अतिथि मंच पर उपस्थित थे। कवि गोष्ठी का शुभारंभ कवि संतोष कुमार मिश्र माधुर्य (उपाध्यक्ष) की स्वरचित सरस्वती वंदना के पाठ से हुआ।

इस अवसर पर डॉ. अखिलेश निगम अखिल ने हिंदी भाषा और साहित्य का समावेशी युग और नशा मुक्ति में अपने विचार प्रस्तुत किये। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में वर्ष 2010 से प्रारंभ कालखंड को हिंदी साहित्य का समावेशी युग के नाम सेजाना जा सकता है। इस काल में हिंदी साहित्य की प्रत्येक विधा में परंपरागत लेखन के साथ नवलेखन भी प्रचुर मात्रा में हुआ है तथा सर्जनात्मकता के स्तर पर व्यापक प्रयोग भी हुए हैं। उन्होंने गीत चाँदनी की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि यह संस्था साहित्य के लिए अलख जगाने का निरंतर कार्य कर रही है। 2009 से उन्होंने नशा मुक्ति आंदोलन प्रारंभ किया है। संस्थाओं से भी अनुरोध किया है कि वह नशा मुक्ति का संकल्प लें। नशे से परिवार तबाह हो रहे हैं। नशा करने के बाद 90 प्रतिशत अपराध होते हैं। नशाखोरी समाज को खोखला कर रही है। नशा मुक्त भारत क्यों और कैसे हो सकता है इस पर विचार प्रस्तुत करते हुए उन्होंने सभी को नशा मुक्ति के लिए शपथ दिलाई।

समाज सेविका श्रीमती शोभा दुबे, श्रीमती विभा भारती और श्री श्रुतिकांत भारती ने भी अपने विचार प्रस्तुत करते हुए नशा एक ऐसी बुरी लत है इससे अपराध बढ़ते हैं।

कार्यक्रम में डॉ. अखिलेश निगम अखिल का शॉल और पुष्प माला से सम्मान किया गया। डॉ. मोहन गुप्ता का भी सम्मान किया गया।

